RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 266
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





सूर्यकुमार टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर
स्पोर्ट्स-12


# ईडी का एक्शन जारी, यंग इंडिया का दफ्तर सील

**नेशनल हेराल्ड मामला**

- जांच एजेंसी के मुताबिक अस्थाई तौर पर हुई है सीलिंग हेराल्ड का बाकी कार्यालय इस्तेमाल के लिए खुला
- कांग्रेस का आरोप-पुलिस ने हमारे मुख्यालय, सोनिया और राहुल के आवासों को घेरा, प्रतिशोध की राजनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के विरोध में पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी, जयराम रमेश और अजय माकन

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी)ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस के स्वामित्व वाले नेशनल हेराल्ड कार्यालय में मौजूद यंग इंडिया के कार्यालय को अस्थाई रूप से सील कर दिया। यह कार्रवाई ईडी द्वारा धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में की गई है।

वहीं इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस पार्टी मुख्यालय तथा पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी के घर की जाने वाले रास्तों पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई। कांग्रेस ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बहरहाल बाद में बैरिकेड को हटा दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सबूतों को सुरक्षित रखने के लिए अस्थाई तौर पर कार्यालय को सील किया गया है, जिन्हें मंगलवार की छापेमारी के दौरान अधिकृत प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने की वजह से एकत्र नहीं किया जा सका था। सूत्रों ने बताया कि नेशनल हेराल्ड का बाकी कार्यालय इस्तेमाल के लिए खुला है। उन्होंने बताया कि ईडी ने यंग इंडिया के कार्यालय के बाहर एक नोटिस चस्पा किया है जिस पर जांच अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। नोटिस में लिखा गया है कि इस कार्यालय को एजेंसी की अनुमति के बिना खोला नहीं जा सकता। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम ने छापेमारी के वास्ते परिसर खोलने के लिए कार्यालय के प्रधान अधिकारी प्रभारी को ई-मेल भेजा था, लेकिन जवाब का अब भी इंतजार है।

ईडी ने नेशनल हेराल्ड-एजेएल-यंग इंडिया करार से जुड़े कथित धन शोधन के मामले की जांच के तहत मंगलवार को दिल्ली के आईटीओ के नजदीक बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस में नेशनल हेराल्ड के कार्यालय सहित कई ठिकानों पर छापा मारा था। नेशनल हेराल्ड अखबार का प्रकाशन एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) करती है और इस कंपनी की हिस्सेदारी यंग इंडिया के पास है। नेशनल हेराल्ड एजेएल के नाम से पंजीकृत है। उधर, मुख्य विपक्षी दल ने यह दावा किया कि इस भयभीत सरकार ने महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ पांच अगस्त को प्रस्तावित उसके प्रदर्शन को विफल करने तथा लोगों का ध्यान भटकाने के मकसद से यह पूरी कवायद की है। दूसरी तरफ, पुलिस का कहना है कि ऐसी सूचना मिली थी कि कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शनकारी जमा हो सकते हैं, इसलिए ऐहतियातन यह कदम उठाया गया ताकि कोई अवांछित परिस्थिति न पैदा हो। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, आज जो हो रहा है, वह प्रतिशोध और धमकी की राजनीति है। परंतु एक कहावत है, विनाशकाले विपरीत बुद्धि। इस समय महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी का विनाशकाल है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार 2 हफ्ते तक संसद में महंगाई पर चर्चा से भागती रही। अब 5 अगस्त को हमारे प्रदर्शन को रोकने के लिए गृहमंत्री और दिल्ली पुलिस आज से ही शुरुआत कर चुके हैं। कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने कहा, पांच अगस्त को महंगाई, बेरोजगारी और खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाए जाने के खिलाफ प्रदर्शन का फैसला हुआ।

आज डीसीपी की तरफ से पत्र आया कि आप लोग कोई प्रदर्शन नहीं कर सकते। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और वहां सीज करने की मानसिकता होना दुखद है। इस पूरी कवायद का मकसद एक तरफ अपमानित करना और धमकाना और दूसरी तरफ महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाना और बरगलाना है। इससे पहले रमेश ने ट्वीट किया, दिल्ली पुलिस द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय से जुड़े मार्ग को बंद करना अब अपवाद की बजाय आम बात हो गई है। उन्होंने अब फिर ( शेष पेज 8 )

# पीएमएलए संशोधनों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विपक्ष ने जताई चिंता

- 17 विपक्षी दलों ने कहा कि इस फैसले से राजनीतिक प्रतिशोध में लगी सरकार के हाथ और मजबूत होंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस,** आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत 17 विपक्षी दलों ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मिले अधिकारों के संदर्भ में आए उच्चतम न्यायालय के एक हालिया फैसले को लेकर निराश जताते हुए बुधवार को कहा कि इस फैसले से राजनीतिक प्रतिशोध में लगी सरकार के हाथ और मजबूत होंगे। इन दलों ने एक साझा बयान में यह उम्मीद भी जताई कि शीर्ष अदालत का यह निर्णय बहुत कम समय के लिए होगा और आगे संवैधानिक प्रावधानों की जीत होगी।

इस साझा बयान पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), एमडीएमके, राष्ट्रीय जनता दल, रिवोल्यूशनरी सोशिलिस्ट पार्टी (आरएसपी) और शिवसेना समेत 17 दलों के नेताओं और निर्दलीय राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने हस्ताक्षर किए हैं। विपक्षी दलों ने कहा, हम उच्चतम न्यायालय के उस हालिया आदेश के होने वाले दूरगामी असर को लेकर गहरी चिंता प्रकट करते हैं जिसमें शीर्ष्र अदालत ने धनशोधन निवारण कानून, 2002 में किए गए संशोधनों को पूरी तरह से बरकरार रखा तथा इसकी छानबीन नहीं की कि इनमें से कुछ संशोधन वित्त विधेयक के जरिए किए गए। उन्होंने कहा, अगर कल उच्चतम न्यायालय वित्त विधेयक के जरिए हुए संशोधनों को कानून के लिहाज से गलत ठहरा दे तो पूरी कवायद बेकार हो जाएगी और न्यायपालिका का समय भी जाया होगा।

विपक्षी दलों ने कहा, हम अपने उच्चतम न्यायालय का सम्मान करते हैं और हमेशा करते रहेंगे। फिर भी हम इसका उल्लेख करने को बाध्य हुए हैं कि वित्त विधेयक के जरिए किए गए संशोधनों की वैधानिकता पर विचार करने वाली बड़ी खंडपीठ के फैसले का इंतजार किया जाना चाहिए था। उन्होंने दावा किया कि इन संशोधनों ने उस सरकार के हाथ को मजबूत किया जो प्रतिशोध की राजनीति में लगी हुई है, इन संशोधनों का उपयोग करके अपने विरोधियों को शरारतपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण ढंग से निशाना बना रही है। विपक्षी दलों ने कहा, हम इस बात से निराश हैं कि सर्वोच्च न्यायालय, जिसे कानून में जांच-परख और संतुलन के अभाव को लेकर स्वतंत्र फैसला देना चाहिए, उसने वस्तुत: उन दलीलों को फिर से सामने कर दिया जो इन संशोधनों के समर्थन में कार्यपालिका की ओर से रखी गईं थीं। उन्होंने कहा, हम आशा करते हैं कि यह खतरनाक फैसला बहुत कम समय के लिए होगा और संवैधानिक प्रावधानों की जीत होगी।

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मिले अधिकारों का समर्थन करते हुए गत 27 जुलाई को कहा था कि धारा-19 के तहत गिरफ्तारी का अधिकार, मनमानी नहीं है। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी. टी. रवि कुमार की पीठ ने पीएमएलए के कुछ प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखते हुए कहा था कि धारा-5 के तहत धनशोधन में संलिप्त लोगों की संपति कुर्क करना संवैधानिक रूप से वैध है।

# कांग्रेसियों ने हाथ में तिरंगा लिए नेहरू की तस्वीर वाली डीपी लगाई



- कांग्रेस ने राष्ट्रीय ध्वज को लेकर आरएसएस पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत पार्टी के कई नेताओं ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की हाथ में तिरंगा लिए तस्वीर डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) के तौर पर लगाई।

मुख्य विपक्षी दल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए यह सवाल भी किया कि जिन्होंने अपने मुख्यालय पर आजादी के बाद 52 साल तक तिरंगा नहीं फहराया, क्या वे प्रधानमंत्री की बात मानेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ( शेष पेज 8 )

## कांग्रेस राजनीति न करेः भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को सोशल मीडिया प्रोफाइल पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की हाथ में तिरंगा लिए तस्वीर डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) के तौर पर लगाए जाने के लिए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को परिवार से बाहर ( शेष पेज 8 )

## महबूबा के ट्विटर में जम्मू कश्मीर का अमान्य झंडा

**श्रीनगर (भाषा)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर एक डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) लगाई, जिसमें उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ बैठे दिख रहे हैं और उनके सामने राष्ट्र ध्वज तथा अब अमान्य हो चुका ( शेष पेज 8 )

# मुफ्त चुनावी रेवड़ियों पर उच्चतम न्यायालय सख्त

- केंद्र भी सहमत, कहा- चुनाव में मुफ्त सुविधाओं का वादा करने वाले राजनीतिक दलों पर लगे रोक

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को केंद्र, नीति आयोग, वित्त आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक सहित सभी हितधारकों से चुनावों के दौरान मुफ्त में दिए जाने वाले उपहारों के मुद्दे पर विचार करने और इससे निपटने के लिए रचनात्मक सुझाव देने को कहा।

वहीं केंद्र सरकार ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहार दिए जाने की घोषणाओं की प्रथा के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका का पूर्ण समर्थन करते हुए बुधवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि मुफ्त उपहारों का वितरण (देश को) निस्संदेह भविष्य की आर्थिक आपदा की राह पर धकेलता है। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष केंद्र सरकार का ताजा रुख इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे पहले उसने मुफ्त उपहार के मुद्दे से चुनाव आयोग द्वारा निपटे जाने पर जोर दिया था। हालांकि, आयोग ने 26 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान सरकार पर जिम्मेदारी डाल दी थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार जनहित याचिका का समर्थन करती है।

मेहता ने कहा, इस तरह के लोकलुभावन वादों का मतदाताओं पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस तरह के मुफ्त उपहारों का वितरण निस्संदेह न केवल भविष्य में आर्थिक आपदा का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि मतदाता भी अपने मताधिकारों का इस्तेमाल विवेकपूर्ण निर्णय के लिए नहीं कर पाते हैं। मेहता ने कहा कि एक आम आदमी इस तरह के मुफ्त उपहारों को स्वीकार करते हुए कभी महसूस ( शेष पेज 8 )

# कुलदीप बिश्नोई ने विधायक पद छोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**कांग्रेस** के विधायक कुलदीप बिश्नोई ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। वह गुरुवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। कांग्रेस ने जून में हुए राज्यसभा चुनाव में बिश्नोई के क्रॉस वोटिंग करने के बाद उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था। आदमपुर से मौजूदा विधायक बिश्नोई (53) ने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को अपना इस्तीफा सौंपा। बिश्नोई के इस्तीफे के बाद अब हिसार जिले की आदमपुर सीट पर उपचुनाव कराना होगा। कांग्रेस से औपचारिक रूप से अलग होने के बाद बिश्नोई ने कहा कि मैं एक आम कार्यकर्ता के तौर पर भाजपा में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने कहा, मैंने अपनी और अपने समर्थकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया है। इस्तीफा देने के बाद बिश्नोई ने कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को आदमपुर से चुनाव लड़ने की चुनौती दी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कहना गलत होगा कि नरेंद्र मोदी सबसे बेहतरीन प्रधानमंत्रियों में से एक हैं। हरियाणा में, मैं मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के काम करने के तरीके से खुश हूं।

# ममता कैबिनेट का विस्तार सुप्रियो को बनाया मंत्री



शपथ लेने वाले मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल ला गणेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

- नौ कैबिनेट मंत्रियों ने ली शपथ, पार्थ चटर्जी की बर्खास्तगी के बाद उठाया कदम

**पश्चिम** बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मंत्रिपरिषद में हुए व्यापक फेरबदल के तहत बुधवार को बाबुल सुप्रियो समेत नौ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

राजभवन में राज्यपाल ला गणेशन ने सुप्रियो के अलावा स्नेहाशीष चक्रवर्ती, पार्थ भौमिक, उदयन गुहा और प्रदीप मजूमदार को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी नेता बीरबाहा हांसदा और बिप्लब रॉय ने राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर शपथ ली। वहीं, तजमुल हुसैन और सत्यजीत बर्मन ने राज्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्य मंत्री पद पर रहीं हांसदा को पदोन्नत करते हुए राज्यमंत्री ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,350 | ↑ 214 | |
| निफ्टी | 17,388 | ↑ 42 | |
| सोना | 51,974 | ↓ 208 | /10g |
| चांदी | 57,913 | ↓ 1060 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सरकार ने डेटा संरक्षण विधेयक को वापस लिया

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा में डेटा संरक्षण विधेयक, 2021 को वापस ले लिया। इस विधेयक को 11 दिसंबर, 2019 को सदन में पेश किया गया था। इसके बाद इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। समिति की रिपोर्ट 16 दिसंबर, 2021 को लोकसभा में पेश की गई। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इस विधेयक को वापस लेने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। डेटा संरक्षण विधेयक में लोगों के व्यक्तिगत आंकड़ों के इस्तेमाल एवं प्रवाह को वर्गीकृत करने के अलावा निजी डेटा के प्रसंस्करण के बारे में व्यक्तिगत अधिकारों के संरक्षण के भी प्रस्ताव रखे गए थे। इसके अलावा डेटा प्रसंस्करण वाली इकाइयों की जवाबदेही तय करने और अनधिकृत इस्तेमाल की स्थिति में बचाव के कदमों का उल्लेख भी किया गया था।

# बिना नोटिस अतिक्रमण पर न चलाएं बुलडोजरः कोर्ट

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी, तोड़फोड़ की कार्रवाई से पहले पीड़ित को अस्थायी स्थान मुहैया कराना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**किसी** भी व्यक्ति के गैरकानूनी निर्माण को बिना नोटिस के कार्रवाई कर उसे बेदखल नहीं किया जा सकता है। शकरपुर स्लम यूनियन द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आदेश दिया कि ऐसे व्यक्तियों को उचित अवधि दी जानी चाहिए और विध्वंसक गतिविधियों को शुरू करने से पहले उन्हें अस्थायी स्थान प्रदान किया जाना चाहिए।

याचिका का निस्तारण करते हुए न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि भविष्य में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को किसी भी विध्वंस गतिविधि से पहले दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) से परामर्श करना चाहिए और व्यक्तियों को असहाय कर बेदखल नहीं किया जा सकता है।

डीडीए को किसी भी तरह का अतिक्रमण हटाने से पहले डीयूएसआईबी के परामर्श से कार्य करना चाहिए और व्यक्तियों को बिना किसी नोटिस के सुबह या देर शाम को उनके दरवाजे पर बुलडोजर से अतिक्रमण को ढहा कर बेघर नहीं किया जा सकता है। पिछले साल 25 जून को ( शेष पेज 8 )

# ग्रेनो के गली क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय स्तर के ग्राउंड में खेलेंगे मैच

- दो हजार रुपये होगी फीस, क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण की पहल

**रिंकू यादव।** नोएडा



**अब** अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट ग्राउंड में ग्रेटर नोएडा के गली क्रिकेटर भी टी-20 मैच खेल सकेंगे। क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने बैठक में यह निर्णय लिया।

ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मौजूद हैं। सीईओ सुरेन्द्र सिंह ग्रेटर नोएडावासियों के लिए इन सुविधाओं को जल्द शुरू करना चाह रहे हैं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी एसीईओ प्रेरणा शर्मा को दी। उन्होंने स्टेडियम का निरीक्षण करके मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया।

अब एक-एक करके यह खेल सुविधाएं शुरू की जाएंगी। क्रिकेट से इसकी शुरुआत होने जा रही है। सीईओ के निर्देश पर पहली बार क्रिकेट ग्राउंड को टी-20 मैच के लिए भी बुकिंग पर देने का फैसला लिया गया। इसका शुल्क भी बहुत कम रखा गया है। बुधवार को सीईओ ने स्टेडियम में स्थित खेल सुविधाओं की समीक्षा की, जिसमें एसीईओ प्रेरणा शर्मा, ओएसडी व स्टेडियम के प्रभारी आरएस यादव व कंसल्टेंट एजेंसी ईएंडवाई के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में गली क्रिकेट के टी-20 मैचों के लिए सिर्फ 2000 रुपये शुल्क तय किया गया है।

टी-20 मैचों के लिए व्यक्तिगत, क्लब व संस्थाओं के लिए वीकेंड को छोड़कर 3000 रुपये और कार्पोरेट के लिए 4500 रुपये है, जबकि वीकेंड में क्रमश: 4500 और 5500 रुपये है। अब तक 8 घंटे के लिए ही ग्राउंड बुक करने की सुविधा थी, जिसका शुल्क व्यक्तिगत, क्लब व संस्थाओं के लिए 9000 रुपए सामान्य दिन व 12000 रुपये वीकेंड और कार्पोरेट के लिए 20 हजार वीकडेज व 25 हजार रुपये वीकेंड है। एसीईओ ने बताया कि टी-20 ( शेष पेज 8 )

# चीन के विरोध के बीच पेलोसी ने ताइवान यात्रा पूरी की

**भाषा।** बीजिंग

- बीजिंग ने कहा, अमेरिका और ताइवान के विरुद्ध प्रभावी जवाबी कदम उठाएंगे

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइपे की सफल यात्रा के बाद चीन ने बुधवार को कहा कि वह एक-चीन नीति का उल्लंघन करने को लेकर अमेरिका और ताइवान के खिलाफ कठोर एवं प्रभावी जवाबी कदम उठाएगा। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हम वही करेंगे जो हमने कहा है। कृपया थोड़ा धैर्य रखें।

चीन कहता रहा है कि ताइवान उसका अलग हुआ हिस्सा है और एक दिन यह फिर से मुख्य भूमि से जुड़ जाएगा। बीजिंग ने स्व-शासित द्वीप को मुख्य भूमि के साथ फिर से जोड़ने के लिए बल प्रयोग की संभावना से इनकार नहीं किया है। चुनयिंग चीन की सहायक विदेश मंत्री भी हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या चीन अमेरिकी नेता पेलोसी के साथ-साथ राष्ट्रपति त्साई इंग वेन जैसे ताइवानी नेताओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहा है, चुनयिंग ने कहा, हम वही करेंगे जो हमने कहा है। ये उपाय कठोर, प्रभावी और दृढ़ होंगे। पेलोसी की सफल ताइवान यात्रा के बाद चीन के प्रभाव को लेकर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि इसने अमेरिकी सदन की अध्यक्ष की यात्रा से पहले धमकी दी थी कि वह इसे नहीं होने देगा।

चीन की धमकी को कोई तवज्जो दिए बिना पेलोसी मंगलवार रात अमेरिकी वायुसेना के विमान से ताइपे पहुंची थीं। उनकी यह यात्रा दुनियाभर की सुर्खियों में छा गई। पेलोसी (82) की यात्रा में दिलचस्प बात यह रही कि उनके ( शेष पेज 8 )

# ट्विन टावर गिराने का रास्ता साफ, मिली एनओसी

## इमारत को तोड़ने के लिए 3700 किलो विस्फोटक लाया जाना है, यह 15 दिनों तक पलवल से ग्रेटर नोएडा आएगा


ट्विन टावर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- मंगलवार को प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण काम रोका गया था
- सुप्रीम कोर्ट ने 21 अगस्त तक दोनों इमारतों को तोड़ने के दिए है आदेश

नोएडा के सेक्टर-93ए स्थित सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट में अवैध रूप से बनाए गए ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण का रास्ता साफ हो गया है। नोएडा पुलिस ने देर रात ध्वस्तीकरण के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी कर दिया है।

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय राम बदन सिंह ने बताया कि नोएडा पुलिस ने मंगलवार देर रात ध्वस्तीकरण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया है और बुधवार को नोएडा प्राधिकरण, ध्वस्तीकरण करने वाली कंपनी एडिफिस, सुपरटेक के बिल्डर और पुलिस के अधिकारियों की बैठक होनी है।

उन्होंने बताया कि ऐसी संभावना है कि कल से ध्वस्तीकरण के लिए बारूद लगाने का काम शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें नियमों का कथित तौर पर उल्लंघन कर नोएडा में बनाए गए सुपरटेक लिमिटेड के 40 मंजिला दो टावर को गिराने की जगह वैकल्पिक समाधान का निर्देश देने का आग्रह किया गया था। राम बदन बताया कि प्रारूप पर एडिफिस ने मंगलवार देर रात नोएडा पुलिस को अपना जवाब दे दिया था। जिसके बाद क्लियरेंस देते हुए उनको एनओसी जारी की गई। ट्विन टॉवर को तोडने् के लिए 3700 किलो विस्फ ोटक लाया जाना है। ये विस्फ ोटक प्रत्येक 15 दिनों तक पलवल से नोएडा सेक्टर-93ए लाया जाएगा। इसमें दो गाडियां होंगी। एक डेटोनेटर और दूसरी विस्फोटक की।

सुरक्षा के लिहाज से विस्फोटक किसी रास्ते से और कितने बजे लाया जाएगा इसे गोपनीय रखा गया है। दोनों टावरों में करीब 10 हजार सुराख किए गए है।

इनमें विस्फोटक भरने का काम सिर्फ दिन में किया जाएगा। शाम होने के साथ ही बचा हुआ विस्फ ोटक वापस पलवल भेज दिया जाएगा। ये प्रक्रिया लगातार 15 दिनों तक चलेगी। इसके बाद दोनों इमारतों को सील कर दिया जाएगा। विस्फ ोटक लगाने का काम शुरू होते ही पूरे एरिया को सीसीटीवी सर्विलांस मोड पर रखा जाएगा। किसी का प्रवेश बिना नोडल अधिकारी की अनुमति के नहीं होगा।

आने जाने वालों का पास चेक किया जाएगा साथ ही इमारत के पास किसी को भी नहीं आने दिया जाएगा। इसके अलावा बेसमेंट में भी बारूद लगाया जाएगा। इस कार्य को अंजाम देने के लिए करीब 10 विदेशी इंजीनियरों को बुलाया जाएगा। विस्फोटक लगाने के प्रक्रिया शुरू होते ही बिल्डिंग में आम लोगों की आवाजाही रोक दी जाएगी, सिर्फ टेक्नीशियन को ही अंदर जाने की इजाजत होगी। बिल्डिंग को गिराने के लिए कॉलम और बीम में वी शेप में छेद किया जाएगा, जिसके अंदर विस्फोटक भरा जाएगा।

# रैपिड रेल की साइट पर काम कर रहे युवक को वाहन ने कुचला, मौत

- कंपनी में लिफ्ट आपरेटर के पद पर काम कर रहा था युवक




**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ल मेरठ मार्ग पर गांव बसंतपुर सैतली गेट के सामने रात को सड़क पर काम कर रहे युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिस कारण उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पंजाब के अमृतसर निवासी अजय सिंह पुत्र केवल रैपिड ट्रेन में के निर्माण में लगी कंपनी में लिफ्ट आपरेटर के पद पर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि रात को वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव बसंतपुर सैतली गेट के सामने काम कर रहा था। जब वह सड़क के पास पहुंचा तो गाजियाबाद की और से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अजय को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी वह काफी ऊंचा उछलकर दूर जा पड़ा। साथियों ने तुरन्त अजय को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

वहीं पुलिस आसपास के सीसीटीवी को खंगाल रही है ताकि अज्ञात वाहन चालक की जानकारी मिली सके। साथ ही स्थानीय लोगों से भी जानकारी ली जा रही है।

# पतंजलि स्टोर पर लूट करने वाले बदमाश को लगी पुलिस की गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

बीती रात एसपी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह की टीम और इंदिरापुरम थाने के एसएचओ देवपाल सिंह पुण्डीर की टीम के साथ ग्रीन बेल्ट के पास हुई मुठभेड़ में एक शातिर लुटेरा विनीत उर्फ विन्नी निवासी दौलतराम कॉलोनी दादरी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।

घायल बदमाश के पास से लूट के आठ सौ रुपए, चोरी की बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद हुए। इस संदर्भ में एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी लुटेरों का एक गैंग इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में लूटपाट करने वाला है। उक्त सूचना के मिलते ही उनकी टीम ने एसएचओ देवपाल सिंह पुण्डीर की टीम के साथ मिलकर ग्रीन बेल्ट वाली रोड पर चेकिंग शुरू कर दी। उसी समय पुलिस ने बाइक पर सवार दो बदमाशों को आते हुए देखा ओर उन्हें चेकिंग के लिये रोकने का इशारा किया। लेकिन, बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर गोली चलाकर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में जहां एक लुटेरे के पैर में पुलिस की गोली लग गई, वहीं उसका साथी फरार हो गया। पूछताछ में घायल बदमाश ने बताया कि उसने अपने साथी अजय उर्फ लालू के साथ मिलकर पतंजलि स्टोर के गल्ले से 3300 रुपए लूट लिये थे।

# गाजियाबाद-नोएडा में 25 कोरोना मरीज अस्पतालों में भर्ती

- 24 घंटे में गाजियाबाद में कोविड के 51 नए मामले आए

**पीएनएस।** नोएडा/गाजियाबाद



दिल्ली में कोरोना बढ़ा तो इससे सटे गाजियाबाद और नोएडा भी चपेट में आने शुरू हो गए हैं। गाजियाबाद में पिछले एक हफ्ते में कोरोना के 268 नए केस मिले हैं।

चौंकाने वाली बात ये है कि दोनों जिलों में 25 संक्रमित मरीज ऐसी स्थिति में आ गए कि उन्हें अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। एक हफ्ते पहले तक अस्पताल में भर्ती संक्रमित मरीजों की संख्या शून्य थी।

फि लहाल स्वास्थ्य विभाग ने सैंपल और ट्रेसिंग प्रक्रिया एक बार फि र से बढ़ा दी है। 3 अगस्त की सुबह 6 बजे जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटे में गाजियाबाद में कोरोना के 51 नए मामले आए हैं।

इसमें बच्चों की संख्या 6 है। सबसे ज्यादा संक्रमित 41 से 60 साल उम्र वाले हुए हैं, जिनकी संख्या 21 है। अगस्त के शुरुआती तीन दिन में ही कोरोना के 107 नए केस मिल चुके हैं। जबकि पूरे जुलाई महीने में यहां 849 संक्रमित मरीज मिले थे। पिछले 24 घंटे की संक्रमण दर 1.65 प्रतिशत है।

### कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग में सिर्फ15 मरीज पॉजिटिव मिले

गाजियाबाद में स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर गुप्ता ने कहा बीते 14 दिन में जो मरीज संक्रमित पाए गए, हमने उनकी कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की। संपर्क में आने वाले लोगों के सैंपल जांच के लिए भेजे। इन 14 दिनों में सिर्फ15 मरीज पॉजिटिव मिले, जो किसी न किसी के संपर्क में आकर संक्रमित हुए थे। इससे एक बात जाहिर हो जाती है कि कोरोना का असर अब पहले जैसा नहीं रहा, जैसे पहले मरीज के संपर्क में आने वाला हर व्यक्ति संक्रमित हो रहा था। यह स्वास्थ्य विभाग के लिए सुकून जैसी बात है। उधर जनपद गौतमबुद्धनगर में अब कोरोना के सक्रिय केस 541 हो गए हैं। मंगलवार को यहां 7 बच्चों समेत 115 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई थी। कुल 13 मरीज विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर मनोज कुशवाहा ने बताया, हम सैंपलिंग और कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग पर लगातार नजर रख रहे हैं।

# जिला अस्पताल में 12 बजे तक ही कोरोना की जांच

**नोएडा।** जिला अस्पताल में कोरोना की आरटीपीसीआर जांच महज 12 बजे तक ही हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर लोगों की एंटीजन जांच की जा रही है। जांच किट की कमी के कारण इस यह दिक्कत आ रही है।

जिला अस्पताल में रोजाना 500 से ज्यादा लोगों की कोरोना जांच की जाती है जिसमें महज 80-100 लोगों की ही आरटीपीसीआर जांच की जा रही है। अन्य लोगों की एंटीजन जांच हो रही है। दोपहर 12 बजे के बाद जाने वाले को अस्पताल से बिना जांच के वापस आना पड़ रहा है। एक मरीज को डॉक्टरों ने जांच कराने की बताया गया कि यह 12 बजे से पहले होती है।

## संक्षिप्त समाचार


सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर पर संयुक्त चैकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर की गई कार्रवाई।


### स्कूल बस ने तोड़ा दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग का फाटक

**नोएडा।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर मारीपत रेलवे स्टेशन के पास बस चालक द्वारा फाटक तोड़ दिया गया। बस चालक बस को लेकर फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने पर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर बस को कब्जे में लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार ग्रेटर नोएडा के गांव कैलाशपुर के आयाराम गांव खेड़ी से बस लेकर जा रहा था। मारीपत रेलवे फाटक पर पहुंचा तब रेलवे कर्मचारी गेट मेन फ ाटक लगा रहा था। आयाराम ने जबरन बस को फ ाटक के बीच घुसा दिया, जिससे रेलवे फाटक टूट गया। फ ाटक टूटने के बाद चालक बस को लेकर फ रार हो गया। घटना फ ाटक पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की रिपोर्ट आरपीएफ पुलिस ने दर्ज कर ली। बस नंबर के आधार पर आरपीएफ पुलिस ने बस का पता लगाया। चालक के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है।

### छह अगस्त से शुरू होगा वोग-शोग राखी मेला

**गाजियाबाद।** बगीचा द आर्ट एंड डेकोर स्टोर, डीवी इवेंट्स और लायन्स क्लब गाजियाबाद समर्पण द्वारा 6 और 7 अगस्त को वोग.शोग राखी एडिशन मेले का आयोजन आरडीसी में किया जाएगा। बगीचा की प्रमुख तरू त्यागी ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस मेले में कई प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें राखी के स्टॉल मुख्य रूप से होंगे। राखी इन स्टॉल्स में हैंडमेड, रेजन आर्ट, मारवाड़ी, पोल्की, कुंदन से बनी राखियां उपलब्ध होंगी। इसके अलावा मेले में आर्टिफिशयल ज्वैलरी, होम डेकोर, डिजाइनर ड्रेस आदि के भी स्टॉल होंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी इस दौरान प्रस्तुति दी जाएगी। लायन्स अध्यक्ष विभूति लव ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर आशा शर्मा द्वारा किया जाएगा। सात अगस्त को महिला कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, तो वहीं स्टैंडअप कमेडियन राहुल दुआ भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा तिरंगा अभियान के तहत क्लब द्वारा 11 सौ तिरंगों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान डीवी इवेंट्स से दिव्या बावेजा, सुनीता अग्रवाल, आंचल लव, राधा गर्ग, नीलम गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

### लोनी में चाकू से गोदकर युवक की हत्या



**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अल्वीनगर निवासी अबरार अहमद के पुत्र नाजिम को चाकू से गोदकर कुछ युवकों ने मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए अबरार अहमद ने बताया कि शफीक, आरिफ व मल्लू आदि ने उसके पुत्र की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। दिल्ली स्थित जीटीबी अस्पताल ले जाते समय नाजिम की मौत हो गई। इस संदर्भ में सीओ लोनी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके दो हत्यभियुक्तों शफीक व मल्लू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### बिजली का करंट लगने से भैंस की मौत

**नोएडा।** थाना दनकौर क्षेत्र के गांव डेयरी खूबन गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के भैंस को सुबह बिजली के खंभे से करंट लग गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीण बिजली घर पर पहुंचे तथा धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाया। पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने वाले पुलिस-प्रशासन के अफसरों का हुआ सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- समारोह भारतीय उद्योग मंडल द्वारा किया गया

कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस प्रशासन के अफसरों को सम्मानित करने के लिये एक सम्मान समारोह का आयोजन आरडीसी स्थित दुबई मॉल में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा किया गया।

एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास, एसपी सिटी निपुण अग्रवाल, सिटी मजिस्ट्रेट गंभीर सिंह, एसडीएम मोदीनगर शुभांगी शुक्ला, एसओसी राजेश देवराज, एसीएम चंद्रेश कुमार सिंह, निखिल कुमार व साल्वी अग्रवाल आदि अधिकारियों के अलावा सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित व डिजाइनर धर्मेश को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह व अभिनंदनपत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल प्रभारी नानकचंद गोयल, मेरठ मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल उर्फ अनिल सांवरिया, मेरठ मण्डल के वरीष्ठ उपाध्यक्ष अनुज मित्तल, मेरठ मण्डल के वरिष्ठ महामंत्री रजनीश बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल जैन, जिला चेयरमैन देवेंद्र हितकारी, जिला प्रभारी गौरव गर्ग, राजकिशोर गुप्ता, आशु बिंदल और महिला विंग की जिलाध्यक्ष सीमा गोयल मौजूद रहे। एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा का अनुभव बहुत ही उमंगित करने वाला रहा।

# पति से झगड़े के बाद हाथ की नस काटी

**नोएडा।** सेक्टर-51 में महिला ने पति से झगड़ा होने पर अपने हाथ की नस काट ली। महिला को अत्यंत गंभीर हालत में सेक्टर-50 स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। वहीं, पुलिस महिला के पति से पूछताछ कर रही है।

थाना पुलिस को स्थित निजी अस्पताल से सूचना मिली थी कि महिला ने अपने हाथ की नस काट ली है। 28 वर्षीय महिला दिव्या सेक्टर.51 में रहती है। पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि महिला का किसी बात को लेकर मंगलवार शाम को पति से झगड़ा हो गया था।

# दहेज की मांग पूरी ना होने पर पत्नी को दिया तीन तलाक, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- पीड़ित परिवार ने अन्य पांच लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

नोएडा में दहेज की मांग को लेकर पत्नी को तीन तलाक देने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के गिरफ्तार किया है।

जेवर थाने के प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव नगला शरीफ में रहने वाले तैयब ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रमीस राजा तथा उसके परिवार के पांच लोगों ने उनकी बेटी नगमा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया और मांग पूरी ना होने पर उसके साथ मारपीट की। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार रमीस ने नगमा को फौरी तौर पर तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मैनेजर और सुरक्षाकर्मियों ने कंपनी से माल चुराया

**नोएडा।** फेज-2 क्षेत्र के होजरी कॉम्प्लेक्स की कंपनी में काम करने वाले मैनेजर, सिक्योरिटी सुपरवाइजर और सिक्योरिटी गार्ड ने कंपनी से लाखों का कपड़ा चोरी कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। होजरी कॉम्प्लेक्स के बी ब्लॉक की गारमेंट कंपनी में काम करने वाले कटिंग मैनेजर धर्मेंद्र गुप्ता, सिक्योरिटी सुपरवाइजर रजनीश और अमित कुमार ने लाखों रुपये का कपड़ा चोरी कर लिया। प्रबंधन ने तीनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी।

# आठवीं कक्षा की छात्रा ने फंदा लगाकर जान दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना फेज-2 क्षेत्र के भंगेल गांव में आठवीं कक्षा की छात्रा ने घर पर खिड़की से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

भंगेल गांव में 15 वर्षीय छात्रा अपने परिजनों के साथ रहती थी। वह नजदीक के एक स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ाई करती थी। छात्रा ने बुधवार तड़के अपने घर पर खिड़की से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने उसका शव देखा तो चीख पुकार मच गई। उसके पिता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसके अलावा परिजन भी आत्महत्या के कारण के बारे में कुछ नहीं बता रहे हैं।

इस वजह से आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस को पता चला है कि छात्रा मंगलवार को स्कूल गई थी। उसके बाद से ही तनाव में थी।


लेबर चौक पर एक व्यक्ति का मोबाइल छीन कर भाग रहे लुटेरे को यातायात संचालन में लगे यातायात आरक्षी मुनेश कुमार द्वारा दौड़कर पकड़ लिया। आरोपी को थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने हटाया अवैध अतिक्रमण

- जलपुरा गांव में 54 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जलपुरा गांव में कार्रवाई करते हुए 54 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यहां लोगों ने तालाब की और प्राधिकरण की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए था।

बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। दरअसल प्राधिकरण के अधिकारियों को सूचना मिली कि जलपुरा में तालाब की जमीन पर लोगों ने अवैध निर्माण कर रखा है। किसी के द्वारा मकान बना दिया गया है तो किसी ने अवैध बाउंड्री कर रखी है। जिसके बाद ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ सुरेंद्र सिंह के निर्देश के बाद बुधवार को दोपहर को प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर बुलडोजर लेकर पहुंचे।

इस दौरान ईकोटेक 3 थाना से भारी पुलिस फ ोर्स और पीएसी भी उनके साथ मौजूद रही। प्राधिकरण की टीम ने जलपुरा गांव में पहुंचकर अपनी कार्रवाई शुरू की। दो बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को गिराया गया।

हालांकि इस दौरान ग्रामीणों का भी विरोध देखने को मिला। उन्होंने इस कार्रवाई का विरोध किया लेकिन पुलिस ने सभी लोगों को तितर.बितर कर दिया कई बार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक की स्थिति भी आई लेकिन भारी पुलिस फोर्स के चलते शांतिपूर्ण तरीके से अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से प्राधिकरण की जमीन पर अवैध रूप से इन लोगों ने कब्जा कर रखा था।

यह करोड़ों रुपए की जमीन हैए जिसको आज कब्जा मुक्त कराया गया है। आज करीब 54 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है।

इस दौरान लोगों को हिदायत भी दी गई कि आगे से प्राधिकरण की जमीन या सरकारी जमीन पर वह किसी भी तरह का निर्माण न करें। अगर किसी ने भी निर्माण करने की कोशिश की तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एडीजी पीएसी व डीआईजी ने किया 47वीं वाहिनी का निरीक्षण

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

एडीजी पीएसी लखनऊ डॉक्टर केएस प्रताप कुमार व डीआईजी पीएसी मेरठ.अयोध्या अनुभाग अनिल कुमार ने 47वीं वाहिनी पीएसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण से पहले वाहिनी क्वॉर्टर गारद पर एडीजी पीएसी डॉक्टर केएस प्रताप कुमार, डीआईजी अनिल कुमार व सेनानायक कल्पना सक्सैना ने मान प्रणाम भी ग्रहण किया।

इसके बाद तीनों अधिकारियों ने गारद, चिकित्सालय, प्रशासनिक भवन, स्नानघर, शैचालय, पीएसी परिसर, जवानों व अधिकारियों के भवन, 200 जवानों के लिये निर्माणाधीन बैरक और धार्मिक स्थल के अलावा कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एडीजी श्री कुमार ने चॉक चौबंद व्यवस्था, अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण पेश करने की बात भी अधिकारियों व जवानों से कही।

इस मौके पर पीएसी के अधिकारियों व जवानों की समस्याओं का निराण करने के लिये एक सनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रस्तुत हुई अधिकांश समस्याओं का समाधान एडीजी व डीआईजी स्तर पर तत्काल कर दिया गया। एडीजी पीएसी डॉक्टर केएस प्रताप कुमार व डीआईजी अनिल कुमार ने सेनानायक कल्पना के द्वारा अर्जित की गई सफ लता पर उनकी मुक्तकंठ से प्रशंसा एवं सराहना की।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# तिरंगा बाइक रैली में सांसदों ने की हिस्सेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत केंद्रीय मंत्रियों और युवा सांसदों सहित कई सांसदों ने बुधवार को लाल किले से शुरू हुई तिरंगा बाइक रैली में हिस्सा लिया। लोगों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने के मकसद से यह तिरंगा बाइक रैली आयोजित की गई है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी रैली में हिस्सा लिया। ठाकुर ने इंडिया गेट के पास मीडिया से बातचीत में बताया कि कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और युवा नेता एक साथ आए और ऐतिहासिक लाल किले से बाइक रैली शुरू की ताकि यह संदेश दिया जा सके कि हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं और उन्हें याद कर रहे हैं। इस रैली का आयोजन यह आश्वासन देने के लिए भी किया गया कि आजादी का अमृत महोत्सव में हम देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने तथा भारत के गौरव को बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे।

संस्कृति मंत्रालय द्वारा मंगलवार को तिरंगा उत्सव आयोजित करने के एक दिन बाद इस तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी लोगों से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने और दुनिया को यह दिखाने की अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक महान ताकत बनने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है।

● स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर दी श्रद्धांजलि


इंडिया गेट पर बाइक रैली निकालते भाजपा नेता और कार्यकर्ता।


तिरंगा रैली में शामिल हुए उपराष्ट्रपति वैंकैया नायडू व साथ में मंत्रीगण

## तिरंगा देश की शान

● लाल किले से विजय चौक तक हर घर तिरंगा बाइक रैली में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे शामिल हुए।





## हेलमेट नहीं पहनने पर मनोज तिवारी का काटा चालान

**नई दिल्ली।** हर घर तिरंगा मोटरसाइकिल रैली के दौरान हेलमेट नहीं पहनने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी को बुधवार को चालान जारी किया। तिवारी ने ट्विटर पर कहा कि वह जुर्माने का भुगतान करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, आज, हेलमेट नहीं पहनने पर गहरा खेद है। मैं चालान का भुगतान करूंगा। आप सभी से निवेदन है कि बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन की सवारी नहीं करें। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सांसद को बिना हेलमेट पहने, बिना लाइसेंस के और बिना प्रदूषण व पंजीकरण प्रमाणपत्र के मोटरसाइकिल चलाने पर चालान जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन के मालिक का अलग से चालान किया गया है।

# स्कूली बच्चे आज बनाएंगे दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा


फोटो: रंजन डिमरी

*नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के बुराड़ी मैदान में हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे बृहस्पतिवार को दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा बनाएंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरा देश आजादी के 75 वर्ष बना रहा है। हर भारतवासी देश भक्ति में डूबा है। 4 अगस्त को हजारों बच्चे इकट्ठे होंगे और दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा बनाएंगे और उस दिन संकल्प लेंगे कि अब भारत रुकेगा नहीं, अब भारत थमेगा नहीं, अब हम 130 करोड़ भारतवासी मिलकर भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाएंगे। पिछले 75 साल में कई देश भारत से आगे निकल गए। प्रकृति ने सब कुछ दिया है। नदियां, पहाड़, खनिज पदार्थ, जड़ी बूटियां, फसलें, समुद्र सब कुछ दिया है। भारत के लोग दुनिया में सबसे बुद्धिमान हैं और सबसे मेहनती हैं। फिर भी हम पीछे क्यों रह गए हैं। अब देश के 130 करोड़ लोगों को जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। आइए, आजादी के 75वें वर्ष में हम प्राण लें कि हम भारत के 130 करोड़ लोग एक साथ मिलकर, एकजुट होकर भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ और सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाएंगे।*



### बाहरी रिंग रोड पर लगा जाम

**नई दिल्ली।** बाहरी रिंग रोड स्थित बुराड़ी मैदान में बुधवार को बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा बनाने का अभ्यास करने पहुंचे। इसके चलते बुराड़ी के आसपास वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान झमाझम बारिश भी हुई। इससे दिल्ली वालों को उमस भरी गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन जलभराव ने यातायात को प्रभावित कर दिया। कई जगहों पर जाम की स्थिति पैदा हो गई।

# निगम शाहदरा उत्तरी जोन में हर घर तिरंगा अभियान शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● नागरिकों को अभियान में शामिल होने के लिए किया गया प्रेरित

दिल्ली नगर निगम के शाहदरा उत्तरी जोन में बुधवार को वेलकम कॉलोनी से 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत की गई। उपायुक्त अमित कुमार शर्मा की अनुवाई में सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ पंचशील गार्डन, उलधानपुर, नवीन शाहदरा, जी.टी. रोड़, वी. रेलवे रोड़ पर पदयात्रा की गई और क्षेत्र के सभी नागरिकों व व्यापारी संगठनों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में पंचशील गार्डन, उलधानपुर, नवीन शाहदरा की आर.डब्ल्यू.ए. और जीटी रोड व शाहदरा रेलवे रोड के व्यापारी संघ सम्मिलित हुए। उपायुक्त ने सभी आर.डब्ल्यू.ए. व व्यापारी संघ के सदस्यों को स्वच्छता के शपथ दिलाई और नागरिकों को स्त्रोत पर ही कू? को अलग-अलग करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का यूज न करने और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जोन में विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़े और निगम का सहयोग करें ताकि हर घर तिरंगा अभियान का व्यापक स्तर पर भव्य आयोजन किया जा सके।

# दिव्यांगों के लिए बने शौचालयों का इस्तेमाल कर सकते हैं ट्रांसजेंडर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को दिए निर्देश

दिल्ली सरकार ने उच्च न्यायालय को बताया है कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बनाए गए 505 शौचालयों को ट्रांसजेंडर के इस्तेमाल के लिए निर्दिष्ट किया गया है। सरकार ने अदालत को यह भी अवगत कराया कि ट्रांसजेंडर के लिए अलग शौचालय जल्द से जल्द बनाए जाएंगे।

सरकार ने अदालत को यह भी बताया कि ट्रांसजेंडर के इस्तेमाल के लिए नौ शौचालय पहले ही बनाए जा चुके हैं तथा 56 और शौचालय बनाने का काम जारी है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने दिल्ली सरकार को छह सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें अदालत को ट्रांसजेंडर के इस्तेमाल के लिए बनाए गए नए शौचालयों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई हो। मामले पर आगे की सुनवाई 14 नवंबर को होगी। अदालत जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें ट्रांसजेंडर के लिए अलग से शौचालय बनाने की मांग की गई है।

## पूर्व विधायक जय किशन पर केस दर्ज करने के आदेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व विधायक जय किशन की मुश्किल बढ़ सकती है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पूर्व कांग्रेस विधायक जयकिशन के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। वह प्रथम दृष्ट्या अपने आवासीय पते पर निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने और प्राप्त करने के लिए फर्जी मतदाता पहचान पत्र तैयार करने में लिप्त मिले थे।

लोकायुक्त द्वारा जयकिशन के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की सिफारिश करने वाली रिपोर्ट की जांच और विचार के बाद एलजी ने सतर्कता विभाग को दिल्ली पुलिस आयुक्त को उनके खिलाफ आइपीसी के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने को का आदेश दिया है।

# छात्र संगठनों ने फीस में बढ़ोतरी को लेकर किया प्रदर्शन

● चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम का भी किया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय छात्र संघ (आइसा) और क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) के सदस्यों ने दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रस्तावित फीस वृद्धि और चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी) के खिलाफ बुधवार को कला संकाय के बाहर प्रदर्शन किया। वामपंथी छात्र संगठनों के प्रदर्शनकारी छात्रों ने विश्वविद्यालय से चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम की समीक्षा करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि यह मुख्य विषयों को कम करता है और छात्रों पर वित्तीय बोझ बढ़ाता है।

छात्रों ने तख्तियां लेकर नारेबाजी की जिन पर लिखा था, फीस संरचना के ढांचे को तर्कसंगत बनाने के नाम पर फीस में वृद्धि को बंद करें , एफवाईयूपी को टालें और समीक्षा करें और एफवाईयूपी वापस लो। यह विरोध प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ है जब एफवाईयूपी के पहले सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर चर्चा करने के लिए अकादमिक परिषद की बैठक हुई है।

# जहांगीरपुरी दंगे का फरार आरोपी गिरफ्तार

● अदालत ने भगोड़ा और दिल्ली पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जहांगीरपुरी इलाके में दंगे के मामले में फरार चल रहे एक बदमाश को अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सांवर मलिक उर्फ अकबर उर्फ कालिया के रूप में हुई है। उसे अदालत ने भगोड़ा घोषित कर रखा है।

पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उस पर हनुमान जयंती पर शोभा यात्रा में शामिल लोगों एवं पुलिस पर पथराव करने और स्थानीय लोगों को भड़काने का आरोप है।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर के अनुसार दो अगस्त को हवलदार नितिन और नवल जहांगीरपुरी इलाके में गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर ने बताया कि जहांगीरपुरी दंगों में आरोपी सांवर मलिक उर्फ अकबर फरार चल रहा है। उसे अदालत ने भगोड़ा घोषित कर रखा है। वह अभी सी-ब्लॉक में मौजूद है। यह भी पता चला कि अगर उसे नहीं पकड़ा गया तो वह पश्चिम बंगाल भाग सकता है।

इस जानकारी पर इंस्पेक्टर सतीश मलिक की देखरेख में हवलदार नवल और नितिन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सांवर मलिक को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर पथराव कर भागने की कोशिश की, लेकिन घायल होने के कारण आरोपी पुलिस की पकड़ में आ गया। उसके खिलाफ जहांगीरपुरी थाने में मामला दर्ज किया गया है। वर्ष 2016 में पहली बार उसे चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# दिल्ली में जल्द मिलेंगी अत्याधुनिक ऐप-आधारित प्रीमियम बसें

## कार से चलने वाले बस में करें सफर इसलिए उठाया गया कदम: केजरीवाल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली वाले अब प्रीमियम बस सेवा का भी लुफ्त उठाएंगे। आम आदमी पार्टी की सरकार ने सड़कों पर प्रीमियम बसें शुरू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस कड़ी में दिल्ली मोटर व्हीकल लाइसेंसिंग ऑफ एग्रीगेटर्स (प्रीमियम बसें) योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक की गई। यह योजना कार का इस्तेमाल करने वालों को प्रीमियम बसों में सफर करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

प्रीमियम बस सेवाओं को बढ़ावा देने से प्रदूषण और इंट्रा-सिटी ट्रिप को कम करने में भी मदद मिलेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनका मकसद ऐसे सभी लोगों को प्रोत्साहित करना है जो रोजाना पड़ोसी राज्यों में अपने वाहन से आते-जाते हैं। एप-आधारित एग्रीगेटर योजना के तहत सभी आधुनिक सुविधा से लैस बसें चलाएंगे। सभी बसें बीएस-6 मानकों का पालन करने वाली वातानुकूलित सीएनजी या इलेक्ट्रिक होंगी।


प्रतीकात्मक फोटो

इस योजना के तहत 1 जनवरी, 2024 के बाद शामिल होने वाली सभी बसें केवल इलेक्ट्रिक होंगी। सभी बसें केवल बैठने के लिए होंगी, जिसमें एप सपोर्ट, सीसीटीवी और पैनिक बटन आदि की सुविधा होगी। सवारी की बुकिंग और डिजिटल पेमेंट करने के लिए वन दिल्ली एप के साथ एकीकृत होंगी। दिल्ली मोटर वाहन लाइसेंसिंग एग्रीगेटर्स (प्रीमियम बसें) योजना को लेकर मुख्यमंत्री ने बुधवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को योजना के अनुसार पॉलिसी का मसौदा तैयार करने और उसे लागू करने का विस्तृत खाका पेश किया। उन्हें अवगत कराया गया कि इस योजना का उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन में एक सामान्य बदलाव को प्रोत्साहित करना और प्रीमियम बस सेवाओं को बढ़ावा देकर शहर के अंदर यात्राओं को कम करना है।

जिससे वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को इस योजना को अमलीजामा पहनाने और उसी के अनुसार पॉलिसी बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद ही मसौदा नीति को लोगों की राय के लिए सार्वजनिक किया जाएगा।

## परिवहन निजी हाथों में देने की तैयारी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** परिवहन व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।

दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि पिछले आठ सालों से सत्ता में बैठे केजरीवाल के पास दिल्ली परिवहन निगम बेड़े की मौजूदा बसों को अधिक कुशलता से उपयोग करने की कोई रणनीति नहीं है, जबकि ओवरऐज हो चुकी डीटीसी बसों के बाद मुख्यमंत्री को यह तक मालूम नही कि सुगम परिवहन व्यवस्था के लिए कितनी बसों की जरुरत है।

चौ. कुमार ने कहा कि दिल्ली में लगभग 11000 बसों की जरुरत है। केजरीवाल ने 10 गारंटी कार्यक्रम में डीटीसी को मजबूत बनाने का वायदा किया था लेकिन परिवहन व्यवस्था के तरीकों को कैसे एकीकृत करना है इसकी कोई योजना नहीं बनाई है।

# डीटीसी बसों की खरीद और मरम्मत में भ्रष्टाचार : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● आठ सालों में बसों की संख्या 6600 से घटकर 3670 हुई: आदेश

प्रदेश भाजपा आध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली परिवहन निगम की बसों की खरीद और मरम्मत में जिस तरह से घोटाले और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है, वह दिल्ली वाले समझ चुके हैं।

दिल्ली में ऐसी कोई बस नहीं जो अपनी मियाद पूरी न कर चुकी हो, फिर भी उन्हें सड़कों पर चलाया जा रहा है क्योंकि उसकी मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया है। बसों में महिला सुरक्षा के लिए मार्शल की बातें करते थे लेकिन आज वह भी नदारद है, सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं, चलती बसें धू-धू कर जल जाती है। केजरीवाल सरकार ने परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह से खस्ताहाल बना डाला है। आदेश गुप्ता ने कहा कि बसों में आई कमी को लेकर केजरीवाल सरकार के पास कोई जवाब नहीं है।

पिछले सात सालों में बसों की संख्या 6600 से घटकर 3670 हो गई है तो फिर सुझाव की जगह पहले बसों में कमियों को पूरा करें। बसों की कमी के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फेम 2 योजना के तहत प्रदूषण को कम करने के लिए 150 इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा दिया जबकि 150 और बसें देनी बाकी है।

# खांडसा मंडी से 300 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक से बना सामान जब्त

## खांडसा मंडी में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर काटे गए चालान

## सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर 40 चालान काटे गए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की खांडसा मंडी में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग करने पर चालान काटते निगम के अधिकारी।

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के दिशा-निर्देशों की पालना नहीं करने पर बुधवार को निगम अधिकारियों ने खांडसा मंडी में दुकानदारों के चालान काटे। नियमों की पालना करवाने के लिए सात विशेष टीमें क्षेत्र में कार्य कर रही हैं।

बुधवार को वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक के नेतृत्व में सातों टीमों ने संयुक्त रूप से खांडसा मंडी में दबिश दी। इसके तहत टीमों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, भंडारण एवं बिक्री करने के मामले में 40 व्यक्तियों के चालान किया। सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी 300 किलोग्राम वस्तुओं को जब्त किया गया। इनमें पॉलीथिन कैरीबैग, कप, प्लेट, कांटे, चम्मच, दोने, स्ट्रॉ आदि वस्तुएं शामिल हैं। टीमों में हरीश शर्मा, बलजीत, दीपक डागर, गौरव कुमार, भूपेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, अमन कुमार शामिल थे। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के अनुसार सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी 18 प्रकार की वस्तुओं को एक जुलाई से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनका भंडारण, उपयोग, बिक्री, निर्माण, आयात आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। सरकार के आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए निगम क्षेत्र में सात विशेष टीमें कार्य कर रही हैं। नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान करने के साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक से बनी वस्तुओं को जब्त किया जा रहा है।

निगमायुक्त ने बताया कि गुरुग्राम के नागरिकों को सरकार के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग नहीं करने के बारे में जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरुकता अभियान भी चलाया हुआ है। अभियान के तहत मार्केट क्षेत्रों, आरडब्लयूए तथा स्कूलों में विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से जागरुकता फैलाई जा रही है। इसके अलावा एफएम रेडियो, मुनादी आदि के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# प्लास्टिक बैग रखने पर काटे 10 हजार रुपये के चालान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना नगर परिषद के कर्मचारी प्लास्टिक बैग बेचने वाले आरोपी दुकानदार का चालान काटते हुए।

**नगर** परिषद प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग का उपयोग करने वालों की तलाश कर चालान काटने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को परिषद की टीम ने रेहड़ी, जूस की दुकान, हलवाई और अन्य सामान बेचने वालों पर छापामारी करके प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग पकड़े और उनके चालान काटे।

नगर परिषद प्रशासन अब हर दिन प्लास्टि बैग के खिलाफ अभियान चलाएगा। प्लास्टिक बैग की कालाबाजारी का खुलासा शहर के बरसाती व गंदे पानी के नालों में निकाले जा रहे कचरे में हो रहा है जिसमें 60 फीसदी कूड़ा प्लास्टिक बैग का है। मंगलवार को नगर परिषद की टीम ने 14 स्थानों पर छापामारी करके करीब पांच किलो प्लास्टिक बैग जब्त किए। आरोपी दुकानदारों के 10700 रुपये के चालान काटे गये। जिसमें 250 रुपये से 2000 रुपये तक जुर्माना शामिल है।

**प्लास्टिक बैग पर कालाबाजारी :** प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद प्लास्टिक बैग के थोक विक्रेता कालाबाजारी कर रहे हैं। जिनकी संख्या शहर में 10 से 12 बताई जा रही है। प्लास्टिक बैग बेचने वाले सुबह अनाज व सब्जी मंडी तथा आस-पास के दुकानदारों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदारों को बेच रहे हैं। नगर परिषद सचिव नवीन पांडे ने बताया कि प्लास्टिक बैग का थोक में कार्य करने वालों की पहचान के लिए अलग से टीम का गठन किया है। टीम का कार्य कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी निगरानी रखना और उनके सामान को जब्त कराना होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### धनखड़ ने गांव ढाणा में शहीद संदीप को किया सेल्यूट



**गुरुग्राम।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मानेसर में तिरंगा सम्मान एवं शहीद सम्मान कार्यक्रम हुआ। अमर शहीद संदीप कुमार की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं शहीद परिवारों का सम्मान समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने गांव ढाणा में तिरंगा झंडा फहराया। उन्होंने शहीद संदीप कुमार की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर सेल्यूट भी किया। इस दौरान अपने संबोधन में ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि शहीदों की जन्मस्थली हरियाणा की वीरभूमि को यह मान प्राप्त है कि उसने अपने असंख्य लाल देश की बलिवेदी पर कुर्बान किए हैं। शहीदों के अमिट बलिदानों का कर्ज नहीं चुकाया जा सकता। अगर यह न होते तो देश सुरक्षित नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि जो देश व कौमें अपने शहीदों को भुला देते हैं, उनका अस्तित्व समाप्त हो जाता है। श्री धनखड़ ने भावुक होकर शहीद परिवार से कहा कि खुद को अकेला न समझें। सरकार व भाजपा के समस्त कार्यकर्ता चट्टान की तरह उनके साथ खड़े हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता महेश चौहान सहित अनेक पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### एमार पाल्म हिल्स हादसे की जांच को चार सदस्यीय समिति गठित

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-77 स्थित एमार पाल्म हिल्स नामक सोसायटी में मंगलवार शाम को हुई दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एसडीएम गुरुग्राम की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में उपश्रमायुक्त-1, औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक तथा मानेसर के एसीपी को इस समिति में शामिल किया है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने हादसे में मारे गए श्रमिकों पर दुख प्रकट करते हुए परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है। बुधवार को मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि यह समिति इस मामले में जांच करेगी कि चूक किसकी थी, जिस वजह से यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की भरपाई किसी भी तरह नहीं हो सकती, फिर भी श्रम कानूनों के अनुसार हादसे में मारे गए श्रमिकों तथा घायल हुए श्रमिक के आश्रितों को मुआवजा राशि दो दिन में दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ये श्रमिक भवन तथा अन्य निर्माण कामगार बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के सदस्य नहीं थे। उन्होंने कहा कि इस हादसे के दृष्टिगत अब जिला प्रशासन श्रम विभाग के माध्यम से सभी निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए बनाए गए सुरक्षा मानकों की गाईड लाईन्स भिजवाना और उनकी पालना सुनिश्चित करवाएगा। निर्माण स्थलों पर आकस्मिक तौर पर सुरक्षा मानकों को चैक भी किया जाएगा। सभी बिल्डरों तथा ठेकेदारों को श्रमिकों के लिए बनाए गए सुरक्षा मानक अपनाने के लिए बाध्य किया जाएगा।

### दोहरी शिक्षण प्रणाली के तहत आईटीआई में दाखिले शुरू

**गुरुग्राम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिला सत्र 2022-23 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। दोहरी शिक्षण प्रणाली (डीएसटी) के तहत विभिन्न ट्रेड्स के माध्यम से व्यवसायिक कोर्स करने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से 16 अगस्त तक अपने आवेदन जमा करवा सकते हैं। आईटीआई में प्रशिक्षणार्थी के दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसमें दोहोरी शिक्षण प्रणाली के अंतर्गत व्यवसायिक कोर्स की इच्छा रखने वाले विद्यार्थी 16 अगस्त तक अपने आवेदन ऑनलाइन माध्यम से भेज सकते हैं। आईटीआई गुरुग्राम में सत्र 2022-23 के लिए विभिन्न ट्रेड्स के तहत आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इसमें फूड प्रोडक्शन जनरल, वेल्डर, मैकेनिक, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टर्नर, पेंटर, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग टेक्निशियन व फाइबर टू होम टेक्नीशियन ट्रेड्स की 16 यूनिट में 344 प्रशिक्षुओं को प्रवेश दिया जाएगा।

# नई टोल दरों का कड़ा चौतरफा विरोध, आंदोलन की तैयार शुरू

**सोहना।** एलिवेटेड मार्ग की नई टोल दर नीति के विरोध में एक बार फिर टोल संघर्ष समिति सड़क पर उतरेगी। जिसके लिए जल्द ही संघर्ष समिति की बैठक होगी। जिसमें टोल वृद्धि के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

एलिवेटेड मार्ग के घामडौज टोल की फीस वृद्धि में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बुधवार देर रात से शुरु की गईं नई दरों ने स्थानीय लोगों को एक बार फिर से सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया है। टोल की नई दरों का असर मजदूरी करने वाले गरीब परिवार से लेकर व्यवसाय और व्यापार चलाने वाले आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। बुधवार से एनएचआई ने टोल की नई दरों में ढाई गुणा वृद्धि कर दी है। जिसका ग्रामीण आंचल से लेकर शहरी क्षेत्र में रहने वाले नागरिक कड़ा विरोध कर रहे हैं। टोल संघर्ष समिति ने टोल दर की नई दरों का कड़ा विरोध किया है। समिति के सदस्य महाराज सिंह का कहना है कि क्षेत्रीय लोगों के साथ यह एक छलावा है। प्रदेश और केन्द्र की सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। शहर निवासी मनोज शर्मा का कहना है कि घामडौज टोल की नई दरों के खिलाफ समस्त शहरवासी बिना किसी राजनीति भेदभाव के एक जुटता का परिचय देंगे। यशपाल का कहना है कि अपने हक की लड़ाई सड़क पर ही लड़नी होगी। टोल संघर्ष समिति सदस्य सतबीर पहलवान का कहना है कि देश के अंदर किसी भी टोल पर इतना भारी शुल्क नहीं लिया जा रहा है। जिसका कड़ा विरोध होगा और नई दरों को जब तक वापस नहीं लिया जाएगा। जल्द ही समिति की बैठक बुलाई है।

# पैरोल से फरार हुआ कैदी 30 साल बाद गिरफ्तार

## हत्या व डकैती के अपराध में 23 मार्च 1989 को हुई थी उम्र कैद की सजा 1992 में पैरोल मिली थी

## गाजियाबाद में रह रहा था दोषी, बीबी, बच्चे भी अपराधों से अब तक अनजान थे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पैरोल से फरार होने पर 30 साल बाद गिरफ्तार आरोपी पुत्तीलाल।

**हत्या** और डकैती के अपराध में उम्र कैद की सजा के बाद पैरोल पर गया एक अपराधी ऐसा फरार हुआ कि वह पुलिस की पकड़ से बाहर ही रहा। अब 30 साल बाद वह पुलिस के हत्थे चढ़ा है।

जानकारी के अनुसार पुत्तीलाल व उसके अन्य साथियों के खिलाफ 14 मार्च 1985 को हत्या, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत थाना पटौदी, गुरुग्राम में दर्ज केस में गिरफ्तार कर जेल भेजे गये थे। इस मामले में आरोपियों को अदालत द्वारा 23 मार्च 1989 को उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। जेल नियमों के अनुसार पुत्तीलाल को वर्ष 1992 में पैरोल दी गई।

यह पैरोल उसके लिए जेल से आजादी मिलने जैसी हो गई। क्योंकि वह पैरोल पर जेल से बाहर जाने के बाद वापस लौटा ही नहीं। उसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया गया, लेकिन दोषी पुत्तीलाल 30 साल तक पुलिस की पकड़ में नहीं आया। अब अपराध शाखा प्रभारी फरूखनगर के उप-निरीक्षक अमित कुमार की टीम ने पुत्तीलाल उर्फ विक्रमजीत को गुप्ता सूचना के आधार पर यूपी के गाजियाबाद स्थित जनकपुरी से गिरफ्तार किया है।

### शादी करके तीन बच्चे हुए, लड़के की शादी भी कर ली

**पुत्तीलाल** ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पटौदी के पास गांव सांपका में कई घरों में डकैती डाली थी। डकैती के दौरान ही इन्होंने एक व्यक्ति की हत्या भी कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया था तथा इन्हें उम्र कैद की सजा हो गई थी। इसके बाद उसने पहचान छुपाने के उद्देश्य से अपना नाम पुत्तीलाल से बदलकर विक्रमजीत रख लिया तथा गाजियाबाद में रहने लगा। उसके बाद ना ही तो यह अपने गांव गया और ना ही किसी रिश्तेदारी में गया। इसने शादी भी कर ली तथा इसके 3 बच्चे भी है। दोषी ने यह भी बताया कि वह अपने पिता की मौत होने पर भी अपने पैतृक घर नहीं गया था। उसने अपने लड़के की शादी में भी किसी भी रिश्तेदार को नहीं बुलाया था। खास बात यह है कि उसके द्वारा किए गए अपराधों के बारे उसके बीवी व बच्चे भी अनजान हैं।

# नगर निगम, पंचायत चुनाव में 55 प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य : धनखड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में शक्ति प्रमुख केंद्रों की कार्यशाला में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने नगर निगम और पंचायत चुनाव में 55 प्रतिशत वोट प्राप्त करने का लक्ष्य शक्ति केंद्र प्रमुखों को दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का पहला उद्देश्य देश हित और जनहित होना चाहिए। हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता देश हित के कार्यक्रमों को उत्सव की तरह लें।

यह बात उन्होंने बुधवार को यहां भाजपा कार्यालय में शक्ति प्रमुख केंद्रों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने की। कार्यशाला के प्रथम सत्र में शक्ति केंद्र व्यवस्था, हर घर तिरंगा, प्रदेश एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियां और पंचायत चुनाव विषय पर मंथन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ने हर घर तिरंगा अभियान को देश के लिए एक उत्सव बताया। श्री धनखड़ ने हर घर तिरंगा फहराने को पार्टी की सरंचना बताते हुए कहा कि हमें झंडा वंदन से राष्ट्र वंदन का मौका मिला है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहरा कर देश के प्रति समर्पण का संकल्प लेना चाहिए। अन्य लोगों को इस तिरंगा उत्सव में सम्मिलत होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा में भाजपा ने 10 लाख घरों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य लिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर 50 झंडे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने ने उपस्थित सभी शक्ति केंद्र प्रमुखों को हर घर तिरंगा अभियान को गंभीरता से लेकर इसको सफल बनाने के काम में जुट जाने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए महाउत्सव है। चुनाव प्रबंधन पर चर्चा करते हुए ओमप्रकाश्या धनखड़ ने कहा कि हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण काम बूथ जीतना है। बूथ जीतने के लिए हमें वोट प्रबंधन पर ध्यान देना होगा। बूथ पर 55 प्रतिशत से ज्यादा वोट प्राप्त करने का टारगेंट रखें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़ें।

# अब माइनिंग नाके पर 24 घंटे वाहनों की जांच

## सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उच्चाधिकारियों तक पहुंचता है लाइव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



तावडू जाने वाले मार्ग की सोहना सीमा पर नूंह पुलिस माइनिंग नाके पर वाहनों की जांच करते हुए।


**तावडू** जाने वाले मार्ग पर सोहना सीमा पर नूंह पुलिस के माइनिंग नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों को 24 घंटे वाहन जांच के आदेश जारी किए हैं। नाके पर तैनात पुलिस कर्मी 24 घंटे में लगभग 100 वाहनों की जांच कर रहे हैं। डीएसपी हत्याकांड के बाद से एक भी डंपर पत्थर लेकर नाके पर नहीं आया है।

तावडू के पंचागांव में डीएसपी सुरेन्द्र हत्याकांड के बाद जिला नूंह पुलिस पहले से सख्त रवैया अपना रही है। सोहना से लगती सीमा पर थाना तावडू पुलिस के माइनिंग नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों को 24 घंटे वाहनों की जांच करने की छूट दे दी गई है।

इस माइनिंग नाके पर फरवरी माह में जिला नूंह पुलिस द्वारा वाहनों की जांच पड़ताल को पारदर्शिता बनाने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए थे। ये कैमरे 180 डिग्री एंगल पर लगे हैं। ताकि वाहन जांच के दौरान किसी भी अपराध को अंजाम देने वालों की हरकतें कैमरे में में कैद हो सकें। सीसीटीवी कैमरे के कनेक्शन कंट्रोल रूम नूंह पुलिस से जोड़े गए हैं। ताकि किसी भी प्रकार की अपराधिक वारदात होने पर जिला या तावडू थाना से पुलिस तुरन्त मौके पर पहुंच सके। नाका प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि पहले उच्चाधिकारियों के आदेश आने पर ही वाहनों की जांच की जाती थी, लेकिन अब उन्हें 24 घंटे में कभी भी रात व दिन के समय में वाहनों की जांच के आदेश मिले हैं। उनके द्वारा जांच करने का कार्य सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उच्चाधिकारियों तक लाइव पहुंचता है।

# विधायक संजय सिंह का हाल जानने मेदांता पहुंचे धनखड़

## ब्रेन अटैक के चलते उपचाराधीन हैं सोहना के विधायक



विधायक संजय सिंह से मुलाकात करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**गुरुग्राम।** ब्रेन अटैक होने के बाद मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में उपचाराधीन सोहना के विधायक संजय सिंह का हालचाल जानने के लिए बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ पहुंचे। उन्होंने काफी देर तक संजय सिंह से मुलाकात की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

26 जुलाई की शाम को विधायक संजय सिंह की तबियत खराब हुई थी। तुरंत उन्हें मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी जांच की। जांच रिपोर्ट में पता चला कि विधायक संजय सिंह को ब्रेन अटैक आया है। उन्हें आईसीयू में भर्ती करके उपचार शुरू किया गया। लगातार उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। एक अगस्त को मुख्यमंत्री मनोहर लाल उनका हालचाल जानने पहुंचे थे। बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने मेदांता पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम पूछी और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मेदांता अस्पताल में डॉ. नरेश त्रेहान की देखरेख में संजय सिंह का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार अब उनकी हालत ठीक है। जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर दिखेगी वैश्य समाज की एकता : नवीन गोयल

## वैश्य समाज की सभी संस्थाएं मिलकर मनाएंगी महाराजा अग्रसेन जयंती

## गुरुग्राम में होगा भव्यता से होगा इस अग्र महाकुंभ का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में महाराजा अग्रसेन जयंती के आयोजन को लेकर बैठक में बोले नवीन गोयल।

**अग्रोहा** धाम में निर्माणाधीन महालक्ष्मी जी के मंदिर के निर्माण में जिस तरह से वैश्य समाज ने एक होकर इस काम का बीड़ा उठाया है, उसी तरह से अब महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह गुरुग्राम भी एक छत्र के नीचे रहकर वैश्य समाज मनाएगा। इस आयोजन के लिए यहां जिला न्यायालय के सामने स्थित होटल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह गुरुग्राम के भव्य आयोजन के लिए सात लोगों की मार्गदर्शक समिति, 21 लोगों की आयोजन समिति बनाई गई।

मुख्य संयोजक नवीन गोयल के अलावा मार्गदर्शन समिति में रामनिवास, सुंदरदास अग्रवाल, रोशन लाल मंगला, जेएन मंगला, शरद गोयल, चेतन दास, नरेश अग्रवाल को शामिल किया गया है। आयोजन समिति में ऋषि अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल एडवोकेट, गजेंदर गुप्ता, डा. विनोद अग्रवाल, डा. सतीश अग्रवाल, नरेश जैन प्रधान, निमेश गुप्ता, बीएल अग्रवाल, मुकेश गर्ग तेल वाले, मनोज गुप्ता, राजीव मित्तल, अभय जैन, अरुण अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सतीश तायल, पुनीत अग्रवाल, गजानंद, रघुनंदन, गगन गोयल, ईश्वर मित्तल एडवोकेट, धीरज मित्तल व सतीश को लिया गया है। इसी तरह युवा समिति में डीपी गोयल, कौशल गर्ग, मोहित सिंघल, विक्की बंसल, हनी, सोनू तायल, विवेक गुप्ता और महिला समिति में समता सिंगला व आशा गोयल को शामिल किया गया है। जल्द ही डीपी गोयल के नेतृत्व में 21 युवाओं की कमेटी, समता सिंगला व आशा गोयल के नेतृत्व में 21 महिलाओं की कमेटी भी बनाई जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य संयोजक बनें नवीन गोयल ने कहा कि वैसे तो वैश्य समाज एक है और अलग-अलग संस्थाओं के माध्यम से समाजसेवा के कार्यों में सदा अग्रणी रहता है। इस बार महाराजा अग्रसेन जयंती को सभी संस्थाएं एकजुटता से मनाएंगी। इसी को लेकर हुई बैठक में तय किया गया कि आगामी 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2022 तक महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई जाएगी।

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने अब सत्संग भी शुरू किया



गुरुग्राम में पंजाबी बिरादरी महा संगठन के सत्संग कार्यक्रम में प्रधान बोधराज सीकरी का स्वागत महिला प्रकोष्ठ की सदस्य।

## सत्संग के माध्यम से महिलाओं को पंजाबी बिरादरी महासंगठन से जोड़ेंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**समाजसेवा** के साथ अब पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने सत्संग कार्यक्रम शुरू किए हैं। महासंगठन की महिला इकाई की ओर से यह कार्य शुरू किया है। कार्यक्रम में पहुंचे महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी का स्वागत किया गया।

पंजाबी बिरादरी महा संगठन की महिला प्रकोष्ठ ने पहला सत्संग कृषा कालोनी गली नंबर-7 में किया। इसमें 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। महिलाएं पूरी श्रद्धा के साथ सत्संग कार्यक्रम में पहुंची। पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोध राज सीकरी ने कार्यक्रम में पहुंचकर सत्संग की परिभाषा, सत्संग का महत्व और रामायण की चौपाई के माध्यम से सबका मार्गदर्शन किया।

महिला प्रकोष्ठ का यह आयोजन क्षेत्र अनुसार करने की योजना है, ताकि महिला प्रकोष्ठ का विस्तार हो। यहां बताया गया कि ज्योत्सना बजाज और ज्योति वर्मा के अतिरिक्त अनगिनत महिलाओं का योगदान था। 300 से अधिक महिलायें इस प्रकोष्ठ में जुड़ चुकी हैं। आगे भी यह अभियान सत्संग के माध्यम से जारी रहेगा। बिरादरी का लक्ष्य महिला सशक्तिकरण और युवाओं को जोड़ना है।

# पर्ल प्रिसिजन ने खुद को स्पर्श पर्ल के रूप में रीब्रांड किया

## पर्ल प्रिसिजन ने बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत बनाने और बड़े स्तर पर बाजार की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से खुद को स्पर्श पर्ल के रूप में रीब्रांड किया है। करनाल में अपने व्यापक विस्तार की घोषणा करते हुए कंपनी शहर के सबसे बड़े डिस्ट्रीब्यूर्ट, जेएमसी ट्रेडर्स के साथ काम कर रही है।

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**सेनेटरी** वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज सेगमेंट में खुद को मार्केट लीडर के तौर पर और भी मजबूती से स्थापित करने के लिए पर्ल प्रिसिजन ने बड़े पैमाने पर रीब्रांडिंग शुरू की है। कंपनी ने एक नया कैंपेन शुरु किया है और इसे नाम दिया है : पर्ल प्रिसिजन प्रोडक्ट्स अब बन गया है स्पर्श पर्ल स्पर्श से आए..पर्ल का एहसास कंपनी ने इस कैंपेन के जरिए स्पर्श पर्ल के रूप में खुद को बाजार की अग्रणी कंपनी के तौर पर सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

कंपनी करनाल शहर के सबसे बड़े डिस्ट्रीब्यूर्ट जेएमसी ट्रेडर्स के साथ आक्रामक तौर पर काम कर रही है। रीब्रांडिंग के जरिए कंपनी की कोशिश स्पर्श पर्ल के हाई क्वालिटी वाले बाथरुम एक्सेसरीज और टैप कलेक्शन प्रोडक्ट्स के साथ देश भर में अपना विस्तार करना है। इस कैंपेन के जरिए कंपनी अपने विजन और कोर वैल्यू सिस्टम के साथ अपने ब्रांड की पहचान कायम करते हुए देश के सभी मार्केट में अपने हाई क्वालिटी उत्पाद पहुंचाना चाहती है। पर्ल प्रिसिजन एक पॉपुलर ब्रांड है, जो सिस्टर्न्स, सीट कवर्स, किचन सिंक्स, कैबिनेट्स, पीटीएमटी बाथ फिटिंग्स, बाथरूम एक्सेसरीज और सेनेटरी वेयर प्रोडक्ट्स बनाती है।

पर्ल प्रिसिजन के अध्यक्ष और मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार गर्ग ने कहा,पर्ल प्रिसिजन को स्पर्श पर्ल के रूप में रीब्रांड किया गया है और इसका मकसद बाज़ार में ब्रांड को और भी वाइब्रेंट लुक देते हुए और भी प्रभावपूर्ण तरह से ब्रांड और उसके प्रोडक्ट्स को ग्राहकों के बीच ले जाना है। रीब्रांडिंग के जरिए हम सेनेटरी वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज सेगमेंट में अपनी बादशाहत कायम करने और उच्च ब्रांड रिकॉल बनाने के उद्देश्य को पूरा कर रहे हैं। हमारे रीब्रांडिंग कैंपेन की टैगलाइन है स्पर्श पर्ल : स्पर्श से आए..पर्ल का एहसास! ये हमारी ब्रांड के संदेश को और भी प्रभावी तरीके से प्रसारित करता है।

पर्ल प्रिसिजन पहले ही टियर-I-II शहरों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवा चुकी है। रीब्रांडिंग के बाद स्पर्श पर्ल के ज़रिए कंपनी की कोशिश नए और उभरते हुए बाजारों में और भी मजबूती के साथ अपना विस्तार करना है। साथ ही कंपनी ने अपने एक नए लोगो का भी अनावरण किया है जो बेहद आधुनिक और आकर्षक है। इतना ही नहीं कंपनी बाज़ार में एक नई टैगलाइन स्पर्श पर्ल : स्पर्श से आए..पर्ल का एहसास! के साथ उतरी है जो इसके अत्याधुनिक इम्युनिटी सेनेटरी वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज की बेजोड़ रेंज का प्रतिनिधित्व करता है। स्पर्श पर्ल आने वाले महीनों में कई नए उत्पाद लॉन्च करने की प्रक्रिया में है। पर्ल प्रिसिजन (अब स्पर्श पर्ल) के पास इन-हाउस टूल रूम है जो सभी आधुनिक मशीनरी जैसे सीएनसी, वायरकट, वीएमसी आदि से लैस है। ये प्रीमियम क्वालिटी वाले उत्पादों को वितरित करने के लिए मोल्डिंग डाई डेवलप करने में सक्षम है। अपने विशेष कलेक्शन को तैयार करने के लिए पर्ल प्रिसिजन ने नवीनतम तकनीक का उपयोग किया है जिससे कंपनी ने पर्यावरण के अनुकूल प्रोडक्ट लाइन को डिजाईन किया है। यह उच्चस्तरीय कलेक्शन मेंटेनेंस फ्री होने के साथ-साथ लंबे समय तक चलने वाले बेहद टिकाऊ हैं।

# कागजी विकास : वीडियो वायरल कर लोग निकाल रहे भड़ास

## अधिकारियों के स्वार्थ और लापरवाही से निगम का विकास विनाश बन चुका है

**कविता।** फरीदाबाद



पहले दृश्य में सड़क पर बहते सिलेंडर, दूसरे में डिप्टी सीएम द्वारा उद्घाटन की गई सड़क का दृश्य। तीसरे फोटो में सड़क पर भरे पानी में बस से बच्चे को गोद में उतराता व्यक्ति। चौथे फोटो में ओल्ड फरीदाबाद दफ्तर में निगम कर्मी अपने ही टैंकर से पानी खाली करते हुए।

**एक** तरफ सरकार विकास के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने के दावे कर रही है। वहीं दूसरी तरफ शहर के लोगों को रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में तो यह समस्याएं विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। ऐसे में संबंधित अधिकारियों के स्वार्थ एवं लापरवाही से विकास विनाश बन चुका है। शहर के लोग सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर इन दिनों खूब भड़ास निकाल रहे हैं।

**पहला वीडियो :** पाली भाखड़ी रोड पर सीवरेज लाइन डाली गई है। लापरवाही से किये गए काम की वजह से बरसात में मिट्टी बह गई है। ऐसे में यहां बीच सड़क पर पानी भर गया है।

गड्ढों में पानी भरने से वाहन फस रहे हैं। मंगलवार की दोपहर बाद वहां से गुजर रहा एक गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पलट गया, जिससे उसमें रखे सिलेंडर सड़क के पानी में तैरने लगे। गैस एजेंसी कर्मचारी उन सिलेंडरों को उठाकर साईड में रखता नजर आ रहा है।

**दूसरा वीडियो :** वहीं खेड़ी में छह माह पहले डिप्टी सीएम के सड़क निर्माण का उद्घाटन किया था। लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। जिसके कारण सड़क पर दलदल बन चुकी है। जिसमें बुधवार को एक टैक्टर- ट्रॉली फंसी हुई नजर आई।

**तीसरा वीडियो :** सेक्टर-19 की गलियों में घुटनों तक पानी भर गया है। वहीं सेक्टर-16 में भी सड़क पर पानी भरा हुआ है। जिसमें एक तरफ तो सेक्टर-19 में जलभराव के कारण जाम और बंद बाइक व स्कूटी को खींचते बुजुर्ग लोग नजर आ रहे हैं, तो वहीं पानी भरने पर एक व्यक्ति अपने बच्चे को पानी में ही बस से गोद में उतारते नजर आ रहा है।

**चौथा वीडियो :** सेक्टर-19 के निकट है, जहां ओल्ड फरीदाबाद के नगर निगम कार्यालय के निकट स्थित सेक्टरों में जलभराव की समस्या सामने आ रही है और निगम के अधिकारी ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। निगम कर्मचारी अपने दफ्तर में भरे पानी को नगर निगम टैंकरों से खाली करने का प्रयास कर रहा है। कुछ ऐसी ही वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें ओल्ड फरीदाबाद के नगर निगम परिसर में भरे जरा सी बरसात के बाद पानी को टैंकर से निकालने नजारा दिखाया जा रहा है।

## रविंद्र फागना अकादमी ने जीता फाइनल मैच

**फरीदाबाद।** छठें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी को 96 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की टीम ने ओवर 40 में 9 विकेट पर 153 रन बनाए। समीर खान ने 51 रन, पार्थ भड़ाना ने 22 रन, सागर ने 16 रन, युवराज सिंह ने 14 रन बनाए। स्पोर्ट्स क्यूब के नकुल ने 2, रौनक और दीपांकर व ईशान और यश और यूहन ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी 57 रन ही बना सकी। आरव ने 34 रन, कृष ने 7 रन बनाए।

# बच्चों की खरीद फरोख्त में सीएम फ्लाइंग के हत्थे चढ़ी एनजीओ संचालिका

## 15 दिन की बच्ची को एक लाख में बेचने पर एनजीओ संचालिका हिना माथुर और साथी पवन शर्मा गिरफ्तार

## मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


फोटो- तीन ( लाल घेरे में उडान एनजीओ संचालिका हिना माथुर और उसका साथी पवन शर्मा सीएम फ्लाईंग की गिरफ्त में )

**पर्वतीया** कॉलोनी निवासी एवं उड़ान एनजीओ संचालिका हिना माथुर जहां एक तरफ गरीब कन्याओं की शादियों करवाने व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के दावें करते हुए कई अवॉर्ड और डॉक्टर की उपाधि ले चुकी है। वहीं मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने हिना माथुर को बीती शाम बच्चे की खरीद-फरोख्त के आरोप में उसके साथी के संग रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी एनजीओ संचालिका मूलरूप से मथुरा निवासी हिना माथुर और उसके साथ पवन शर्मा दोनों गरीब परिवार को बच्चों को बेहतर परवरिश का झांसा देकर अपने साथ ले जाते थे और फिर मोटी रकम लेकर उन्हें बेच देते थे। आरोपियों को फिलहाल दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### ऐसे हुआ खुलासा

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ता के डीएसपी राजेश चेची को बच्चा बेचने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद फरीदाबाद जिला उपायुक्त से संपर्क कर सिंचाई विभाग के एसडीओ राजकुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ने के लिए पहले योजना बनाई गई। जिसके तहत मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के उप निरीक्षक सतबीर सिंह और महिला सहायक उप निरीक्षक राजेश ने नि:संतान दंपति बनकर बच्चा बेचने वालों से संपर्क किया।

फर्जी ग्राहक बनकर उन्होंने आरोपित पवन शर्मा और हिना से बात की और एक लाख रुपये में बच्चा लेने की बात तय हुई। आरोपियों ने उप निरीक्षक को फरीदाबाद के सेक्टर-8 स्थित एक अस्पताल के गेट पर आने को कहा। आरोपियों को चकमा देने के लिए 500-500 रुपये के असली नोटों के बीच सादा कागज रखकर नोटों की दो गड्डी तैयार की गई। उप निरीक्षक सतबीर सिंह और एएसआइ राजेश के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट राजकुमार भी परिवार के सदस्य बनकर अस्पताल पहुंचे। यहां अस्पताल की कैंटीन में आरोपित हिना और पवन शर्मा ने फर्जी ग्राहक बने दस्ते की टीम को सेक्टर-दो के अटल पार्क के सामने हुडा मार्केट में बच्चा देकर पैसे लेने की बात कही। जिसके बाद दोनों आरोपित पवन और हिना अपनी कार से हुडा मार्केट रवाना हुई। उड़न दस्ते की टीम उनके पीछे चल रही थी।

अटल पार्क के पास उन्होंने फर्जी ग्राहक बने दस्ते को इंतजार करने को कहा और खुद बच्चा लाने चले गए। कुछ देर बाद दोनों बच्चा लेकर लौटे और उड़न दस्ते को सौंप दिया। इधर उप निरीक्षक सतबीर सिंह ने जैसे ही लिफाफे में रखे पैसों की गड्डी आरोपियों को दी तभी रेडिंग टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता निरीक्षक जगदीश की तहरीर पर बच्चों की खरीद-फरोख्त के आरोप में गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ बल्लभगढ़ थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# टोल कंपनी की गुंडागर्दी के खिलाफ आप का प्रदर्शन


पाली बल्लभगढ़ रोड पर टूटी सड़कों को लेकर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

## सुविधाएं जीरो और टोल के नाम पर मचा रखी है लूट : धरमबीर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के बदतर हालातों, टोल रोड के नाम पर अवैध वसूली, स्मार्ट सिटी के नाम पर मचाई गई लूट और नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार आंदोलनरत है।

बुधवार को आम आदमी पार्टी ने जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में पाली बल्लभगढ़ रोड पर टोल कि टूटी सड़कें, जल भराव, जाम पड़े सीवर व टोल रोड पर लगने वाले 4 घंटे के जाम को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। जहां घुटनों तक गंदा पानी भरा हुआ था। सभी कार्यकर्ताओं ने गंदे पानी में खड़े होकर सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि सड़कें पूरी टूटी हुई हैं, रोड पर पानी भरा हुआ है, मगर स्थानीय विधायक और पार्षद अपनी मस्ती में मगरुर हैं और विकास के बड़े बड़े वादे करते हैं। बीजेपी सरकार ने फरीदाबाद का विकास नहीं, विनाश किया है। विपक्ष का कोई भी नेता, कोई भी पार्टी जब इनके विकास कार्यों की पोल खोलता है, तो उसको ईडी व विजिलेंस का डर दिखाया जाता है।

भड़ाना ने कहा कि भाजपा के नेता स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर में आए 2200 करोड़ रुपये भी डकार गए हैं। मगर, आम आदमी पार्टी चुप नहीं बैठेगी, जब तक इनको जनता के सामने नंगा नहीं करेंगे, हम चुप नहीं बैठेंगे। जिला महासचिव भीम यादव, तिगांव विधानसभा प्रभारी आभाष चंदेला, फरीदाबाद 89 विधानसभा प्रभारी प्रवेश मेहता, महिला प्रदेश सचिव मंजू गुप्ता, हंसराज दायमा, रघुवर दयाल, वरिष्ठ नेता सुनील ग्रोवर, राकेश प्रसाद, मनोहर विरमानी, मेहर चंद हरसाना, हरिदत्त शर्मा, वाई के शर्मा, संदीप राव, राम गौर, रमा तिवारी आदि कार्यकर्ता थे।

# हर घर जल उत्सव के तहत ग्राम सभाओं का आयोजन


गांव बहादुरपुर में ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीण एवं कर्मचारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** भर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एक अगस्त से सात अगस्त तक हर घर जल उत्सव मनाया जा रहा है उत्सव के अंतर्गत पिछले दो दिनों में 45 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन कर लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया है।

जानकारी देते हुए जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार सत्यनारायण ने बताया की जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभाग द्वारा गांव में पेयजल से वंचित लोगों को हर घर नल से 55 लीटर प्रति व्यक्ति जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को जल सरंक्षण एवं जल प्रणाली के सही रख रखाव के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र में पानी शुचारू रूप से लोगों को मिलता रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल सरंक्षण की शपथ भी दिलवाई गई। इस मौके पर गांव के गणमान्य व्यक्ति व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# डम्पर की टक्कर से घायल युवक की मौत, विरोध में जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


घटना के बाद रोड जाम करते ग्रामीण।

**डीग** से फतेहपुर बिल्लौच गांव जाने वाले रोड पर मंगलवार शाम को तेज रफ्तार डंपर ने बाइक पर जा रहे युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने आर्थिक मदद की मांग को लेकर बुधवार सुबह गांव के बाहर रोड पर जाम लगा दिया। स्थानीय विधायक ने मौके पर पहुंचकर आर्थिक मदद का आश्वासन देते हुए जाम खुलवाया। रोड पर करीब ढाई घंटे तक जाम रहा।

फतेहपुर बिल्लौच गांव निवासी सतवीर का 20 वर्षीय बेटा गोविंदा मंगलवार शाम को पेट्रोल पंप के पास से बाइक पर जा रहा था। तभी बल्लभगढ़ की ओर से आए डंपर ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर पुलिस की ईआरवी गाड़ी पहुंच गई और घायल को अस्पताल ले गई। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह साढ़े 9 बजे मृतक के परिजनों ने फतेहपुर बिल्लौच गांव के निकट रोड पर जाम लगा दिया। जाम करने वाली महिलाओं का कहना था कि मृतक गोविंदा पर कमाई का कोई साधन नहीं था। उसकी पत्नी व ढाई माह के बच्चे का गुजारा कैसे चलेगा। उसके परिवार के गुजारे के लिए आर्थिक मदद दी जाए। विधायक नयनपाल रावत को मौके पर बुलाया जाए। जाम की सूचना मिलने पर सदर थाना सहित अन्य थानों की पुलिस पहुंच गई। मगर ग्रामीणों ने जाम नहीं खोला। दोपहर साढ़े 11 बजे विधायक नयनपाल रावत पहुंचे और जाम कर रहे लोगों को आश्वस्त किया कि वह अपने कोष से ढाई लाख रुपये देंगे और आरोपी डंपर मालिक को भी बुलाकर बात करेंगे।

## उपायुक्त ने दिया सेक्टर 21ए की समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि की एचएसवीपी के सेक्टरो की समस्याओं के बारे में वहां के लोगों से सीधा संवाद करने के लिए जिला प्रशासन शहर में सेक्टर से संवाद कार्यक्रम शुरू कर रखा है। डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रशासन की पूरी टीम कानूनी हिदायतों के अनुसार सेक्टरों में मूलभूत समस्याओं का समाधान करेगी। डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आठ मरले व इससे अधिक जमीन पर बनाई गई कोठियों के मालिक कोठियों के बाहर हरियाली के लिए सड़क से आधा से डेढ़ फीट नीचे जल संचय करना सुनिश्चित करें। सेक्टर वासियों की बिजली, ट्रैफिक व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सिवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटों, बरसाती पानी निकासी,अवैध कब्जे हटवाने सहित तमाम समस्याओं का समाधान प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

# रेडियो के माध्यम से किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



रेडियो मनाव रचना के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते एनआईटी साइबर थाना प्रभारी बंसत कुमार।

**गृह** मंत्रालय के आदेशानुसार प्रत्येक महीने के प्रथम बुधवार को साइबर जागरुकता दिवस मनाया जाता है जिसके तहत प्रत्येक जिले की साइबर टीम नागरिकों को साइबर ठगी की वारदातों से बचने के उपायों के बारे में जागरूक करती है। पुलिस उपायुक्त नीतीश कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार इसी के तहत बुधवार को साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत ने रेडियो मानव रचना के माध्यम से नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अहम जानकारी प्रदान की।


पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर बसंत व एसआई सतवीर आरजे भावना के साथ रेडियो मानव रचना स्टूडियो में मौजूद थे। नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए इंस्पेक्टर बसंत ने बताया कि आजकल के डिजिटल युग में साइबर ठग धोखाधड़ी करने के नए-नए तरीके ढूंढते रहते हैं और भोले-भाले लोग इनके झांसे में आकर अपने खून पसीने की सारी कमाई इन्हें दे बैठते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी करने के अनेकों तरीके हो सकते हैं जिसमें साइबर ठग विभिन्न प्रकार के लालच या स्कीम देकर साइबर अपराध करने की कोशिश करते हैं जिसमें मुख्यत: लोन, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाना, बीमा पॉलिसी अपडेट, केवाईसी, आधार कार्ड अपडेट तथा लॉटरी आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि ठगी के बहुत सारे तरीके हो सकते हैं लेकिन यह साइबर ठग विभिन्न तरीकों से आपसे कुछ गिनी चुनी जानकारी ही एकत्रित करना चाहते हैं जिसमें आपका बैंक अकाउंट, क्रेडिट कार्ड या एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी कोड, एक्सपायरी डेट, ओटीपी, आधार कार्ड नंबर आदि शामिल है। साइबर ठग किसी भी तरीके से आप से उक्त जानकारी निकालने की कोशिश करते हैं और यदि किसी व्यक्ति को इसके बारे में जागरूकता नहीं है तो वह यह जानकारी साइबर ठगों को दे देते हैं जिससे उनके खाते में रखी सारी रकम साइबर ठगों द्वारा साफ कर दी जाती है इसीलिए इससे बचने का सबसे आसान तरीका है कि अपने अकाउंट संबंधित कोई भी जानकारी न ही किसी को फोन पर दें और ना ही किसी के फोन करने पर किसी भी वेबसाइट पर डालें।

## हर घर तिरंगा अभियान में दिया विधायक ने अपना वेतन

**फरीदाबाद।** भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनआईटी फरीदाबाद विधायक नीरज शर्मा ने अपना एक माह का वेतन स्वैच्छ से दिया दान, विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मै अपनी इच्छा से एक माह का वेतन दान देना चाहता हूं और मैं चाहूंगा कि आप इसकी शुरुआत मेरे घर से करें, लेकिन इसके साथ-2 विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को लिखे अपने पत्र में कहा कि चाहे आप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं विधायकों की डिस्कनरी ग्रांट कम करदें, लेकिन तिरंगों की खरीद फरौत न की जाए, जिस प्रकार आज तिरंगों का व्यापार बनाया जा रहा है जैसे सरकार द्वारा राशन डिपो एवं सरकारी विभागों में काम कराने जाओ तो, लोगों से इसकी जबरदस्ती न की जाए। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी ने पत्र जारी करके सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों से तिरंगा खरीदने के लिए प्रेशर किया जा रहा है जोकि सरासर गलत है।

# सांसद के खिलाफ पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह को आतंकवादी कहने पर सांसद सिमरणजीत सिंह मान पर कारवाई की मांग



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लोकसभा** सांसद संगरूर (पंजाब) सिमरणजीत सिंह मान के द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह को आतंकवादी कहे जाने के विरोध में शहीद भगत सिंह बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शहीद भगत सिंह पौत्र यादवेन्द्र सिंह सन्धू अपने बिग्रेड के सदस्यों के साथ पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21सी पहुंचकर पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने बताया कि सिमरणजीत सिंह मान के बयान से हमारी ब्रिगेड आहत हुई है व उसके सम्मान को ठेस पहुंची है। जिसका हमारी शहीद भगत सिंह ब्रिगेड कड़े शब्दों में निन्दा करती हैं और उपरोक्त लोकसभा सांसद सिमरणजीत सिंह के खिलाफ प्रशासन से सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग करती हैं।

उन्होंने बताया कि पूरे भारतवर्ष के एनसीआरटी की स्कूल की किताबो व सेलेबस में शहीद ए - आजम भगत सिंह को (स्वतंत्रता सेनानी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह राष्ट्रीय नायक हैं और करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा हैं) सम्मान के साथ दर्शाया गया हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## जीवन सुधरती है श्रीमद्भागवत कथा : बबली


कथा व्यास संजय कृष्ण सलील से आशीर्वाद प्राप्त करते अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राट्री अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा।

**फरीदाबाद।** गांव पलवली ग्रेटर फरीदाबाद में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा कथा व्यास डॉ. संजय कृष्ण सलील जी व भागवत भगवान का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से जीवन सुधरता है। अमृत रसपान है। श्रीमद्भागवत कथा सभी को कथा श्रवण करनी चाहिए। कथा का चिंतन मनन कर ह्दय में उतराना चाहिए। कथा श्रवण से आचरण उज्जवल होता है। इस अवसर पर एलआर शर्मा, घनश्याम, भगवत, गिर्राज, हरसवरूप, भीम, नंदकिशोर, बिजेंद्र, टेकचंद, भूदत, शिवराम, आनन्द, जयकिशन, सुन्दर, बिसन, बालकिशन, मनोहर सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

## फैशन के दौर में एटीडीसी सफल प्लेटफार्म



सेक्टर 20 बी स्थित एटीडीसी फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते मुख्य अथिति।

**फरीदाबाद।** नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार, 2025 तक कम से कम 50 प्रतिशत शिक्षार्थियों के पास स्कूल और उच्च शिक्षा के माध्यम से कुछ व्यावसायिक अनुभव होगा। प्रत्येक बच्चे को कम से कम एक व्यवसाय सीखना चाहिए और कई अन्य से अवगत होना चाहिए। इस भावना को जीवित रखने के लिए, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परिधान प्रशिक्षण और डिजाइन केंद्र में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के लिए जागरुकता कार्यशालाओं की व्यवस्था की ताकि उन्हें परिचित कराया जा सके। परिधान, फैशन अध्ययन और वस्त्र डिजाइन पाठ्यक्रमों पर विशेष जोर देने के साथ कौशल पाठ्यक्रमों की बारीकियां। एटीडीसी परिधान-फैशन-टेक्सटाइल डोमेन में सबसे बड़ा व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता है, जिसमें भारत भर के 21 राज्यों में 83 संस्थान हैं, जो राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) पर आधारित डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट वोकेशनल पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। एटीडीसी देश भर में अत्याधुनिक 20 एटीडीसी संस्थानों के माध्यम से 3 वर्षीय बैचलर इन वोकेशन (बीवीओसी) डिग्री प्रोग्राम प्रदान करता है।

## निगमायुक्त ने लिया शहर में अवैध निर्माणों का जायजा


एनआईटी में हो रहे निर्माणों का निरीक्षण करते निगमायुक्त यशपाल यादव।


**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव ने फरीदाबाद एनआईटी के वार्ड 11,12,14 तथा 15 में चल रहे अवैध निर्माणों को गम्भीरता से लेते हुए आज इन क्षेत्रों का दौरा किया। इसमें उनके साथ संयुक्त आयुक्त एनआईटी, कार्यकारी अभियंता डिविजन-2, और सहायक अभियंता आदि शामिल थे। निरीक्षण के दौरान कुछ अवैध निर्माण पाये जाने पर उनको तोड़ने के आदेश दिये और कुछ निर्माणों को मौके पर तुड़वाते हुए निर्माणकर्ताओं को आदेश दिये कि वे अपने अवैध निर्माणों को स्वयं कल तक तोड़ दें अन्यथा उनको नगर निगम द्वारा उनके हर्जे-खर्चे पर तोड़ दिया जायेगा। निगमायुक्त ने एनआईटी वार्ड-12 का भी दौरा किया, जहां पर सीवर ओवरफ्लों तथा सीवर का पानी पीने के पानी में मिक्स होने बारे की शिकायतें आ रही थी। निगमायुक्त ने सम्बंधित अधिकारी को मौके पर आदेष दिये है कि वे इस समस्या का जल्द से जल्द निवारण करे। अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। निगमायुक्त ने इस बात पर जोर देते हुये कहा कि निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण सहन नही किया जायेगा और ऐसे सभी निर्माणों को निर्माणकर्ताओं के हर्जे-खर्चे पर तोड़ा जायेगा।

## शिविर में 62 लोगों ने किया स्वैच्छा से रक्तदान


विक्टोरा कंपनी में आयोजित शिविर में रक्तदान करते समाजसेवी।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 25 में स्थित विक्टोरा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्यातिथि विक्टोरा इंडस्ट्रीज एमडी सतविंदर सिंह बांगा को रोटरी ब्लड बैंक फरीदाबाद चेयरमैन एचएल भूटानी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। ब्लड कैंप में रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रोटरी फरीदाबाद ईस्ट के अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा ने बताया रक्तदान को महादान की श्रेणी में रखा गया है क्योंकि रक्त मानव के शरीर से ही बनता है जो प्राकृतिक है। मशीनों से नही बनाया जा सकता है। इसलिए रक्तदान करना चाहिए। रोटरी फरीदाबाद ब्लड बैंक चेयरमैन एच एल भूटानी ने बताया की एक यूनिट रक्त से कई लोगो की जिंदगी बचाई जा सकती है। इसलिए हमे रक्तदान करके किसी जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए। रोटेरियन एन डी नागपाल ने बताया की रक्तदान करने से कई प्रकार की बीमारियों से भी बचा जा सकता हैं। विक्टोरा इंडस्ट्रीज़ एमडी सतविंदर सिंह बांगा ने बताया रक्तदान करने से हमारे शरीर को कोई परेशानी नही होती। बल्कि 1 यूनिट रक्तदान करने के बाद 24 घंटे में साफ स्वच्छ रक्त अपने आप बन जाता है। इसलिए विक्टोरा कंपनी में समय समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते है। जिसमे सभी वर्कर और स्टाफ बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है। कैंप में बीके अस्पताल की टीम भी उपस्थित रही। रक्तदान शिविर में सतविंदर सिंह बांगा एमडी विक्टोरा ग्रुप, प्लांट हेड गोबिंद गुप्ता, रोटरी फरीदाबाद ईस्ट अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा, दीपक प्रसाद, एच एल भूटानी, रोटरी ईस्ट उपाध्यक्ष एनडी नागपाल, राजेश महाजन, अरविंद चीमा, महेंद्र मैथानी, सचिन मडोतिया, उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय नूतन सत्र पर यज्ञ का आयोजन


नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर डीएवी शताब्दी कॉलेज में हवन करते टीचर और विद्यार्थी।

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद द्वारा महाविद्यालय नूतन सत्र आरंभ होने के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सविता भगत ने यज्ञ ब्रह्म का स्थान ग्रहण किया तथा महाविद्यालय के अन्य विभागों के प्राध्यापकों के साथ साथ गैर शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भी यज्ञ में भाग लिया। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य नए सत्र में होने वाली दाखिला प्रक्रिया तथा नए सत्र में कक्षाओं के सुख शांति पूर्वक सम्पन्न होने के लिए ईश्वर से कामना रहा। कार्यकारी प्राचार्या ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में किसी भी नूतन कार्य को प्रारंभ करने से पहले सभी की मंगल कामना के लिए ईश्वर का स्मरण किया जाता है और महाविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया आरम्भ हो गयी है। महाविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी का दायित्व बनता है कि नए विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई ना हो और सभी समस्यों का निवारण उचित प्रकार से हो। महाविद्यालय आर्य समाज इकाई के कोषाध्यक्ष अशोक मंगला, रेखा शर्मा, डॉ. मीनाक्षी हुड्डा, निशा अग्निहोत्री, डॉ सारिका सैनी, तनु क्वात्रा, पूजा शर्मा, आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# जवाहिरी ढेर
## बचा है जिहादी आतंक

**अफगानिस्तान** में अमेरिकी हमले में अलकायदा नेता अयमान अल जवाहिरी का सफाया निश्चित रूप से उनके आतंकी समूह के लिए बड़ा झटका है। 2011 में संगठन के संस्थापक ओसामा बिन लादेन के सफाए के बाद यह सबसे बड़ा प्रहार है। लेकिन इसका अर्थ पूरी तरह जिहादी आतंक का सफाया नहीं है जो हमारे पड़ोस में शांति के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। हालांकि, अच्छी बात है कि अभी अलकायदा का कोई नया घोषित सरगना नहीं है, लेकिन हम जानते हैं कि यह संगठन जवाहिरी के वारिस का चयन या निर्वाचन कर सकता है। यह अलग बात है कि उसे बिन लादेन के साथी रहे जवाहिरी की तरह महत्व नहीं मिलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जवाहिरी की मौत पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उम्मीद जताई है कि यह 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका में मारे गए 3,000 लोगों के परिवारों के लिए 'मरहम' का काम करेगा। उनको इस प्रकरण से रक्षा व सुरक्षा मामलों में कुछ विश्वसनीयता पाने की भी उम्मीद होगी जो एक साल पहले अफगानिस्तान में जल्दबाजी में खूनी पलायन से नष्ट हुई थी। इसमें अमेरिका के 13 सैनिक मारे गए थे। बदले की कार्रवाई से अमेरिकी नेतृत्व की और निन्दा हुई थी क्योंकि इसमें 10 निरपराध लोग मारे गए थे जिनमें एक सहायता कर्मी व सात बच्चे शामिल थे। इसलिए बाइडेन ने इस बार अत्यधिक सावधानी बरती। बताया जाता है कि उन्होंने 'सुरक्षा अधिकारियों से विस्तृत सवाल पूछे कि वे इसे कैसे जानते हैं और कितना जानते हैं।' इस बार बिना किसी नुकसान के निशाने का सफाया किया गया क्योंकि अब तक अमेरिकी पक्ष को किसी नुकसान की खबर नहीं आई है। अल जवाहिरी की मौत से कुछ सवाल उठते हैं और इससे कुछ तथ्य उजागर होते हैं जिनको भारत को कभी नजरों से ओझल नहीं होने देना चाहिए।



पहला, 25 मिलियन डालर का इनामी आतंकी कैसे काबुल में रह रहा था और अमेरिका से अलकायदा के साथ कोई मिलीभगत न रखने का वादा करने वाले तालिबान इसे नहीं जानते थे? संभावना है कि अफगानिस्तान के शासक उसे शरण दे रहे थे और इसे अत्यन्त गोपनीय बना रखा था। इससे इस विश्वास का झूठ भी पकड़ में आता है कि हम तालिबान की दूसरी सरकार के साथ बिजनेस कर सकते हैं। नई दिल्ली में बहुत से लोग इस समझ के हैं। तथ्य यह है कि काबुल में यह तालिबान की दूसरी सरकार है और वे पहले से बदले नहीं हैं। जैसा कि विज्ञापनों में कहा जाता है, 'पुरुष तो पुरुष ही रहेंगे', उसी तरह तालिबान हमेशा तालिबान रहेंगे। हालांकि, इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि तालिबान पदानुक्रम में बहुत उच्च पद पर बैठे किसी तालिबान ने अल-जवाहिरी से धोखा किया क्योंकि 25 मिलियन डालर बहुत बड़ी रकम होती है और वह किसी का भी ईमान डिगा सकती है। जो भी हो, इससे इतना तो स्पष्ट है कि उनके साथ बिजनेस नहीं किया जा सकता है क्योंकि वे कट्टर जिहादी हैं और उनको अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में स्थाई रूप से समस्यायें खड़ी करने वाला पाकिस्तान है। आर्थिक बदहाली के कगार पर पहुंचने के बावजूद वह दुष्टतापूर्ण कृत्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ता है। इसकी संभावना भी बहुत कम है कि रावलपिंडी में किसी को चोटी के आतंकवादी के सफाए की अमेरिकी योजना के बारे में पता न हो। सवाल है कि क्या उन्होंने जवाहिरी को अमेरिका को बेच दिया? आखिरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के कामकाज में वाशिंगटन का काफी दखल है। इससे पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था को कुछ बिलियन डालर की राहत मिल जाएगी। अयमान अल-जवाहिरी के सफाए से यह सबक मिलता है कि हमारा पड़ोस लगातार पहले की तरह खतरनाक स्थान बना हुआ है।

# छोटे शहरों में डिजिटल क्रांति की तैयारी

**अनेक लाभों के कारण प्रमुख एमएनसी छोटे शहरों में अपने विस्तार पर विचार कर रही हैं। इसमें कम खर्च तथा बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली लोग शामिल हैं।**



**अरविंद कुमार**
(लेखक, एसटीपीआई के महानिदेशक हैं)



दुनिया इस समय उभरता हुआ 'नया भारत' देख रही है जो उच्चस्तरीय महत्वाकांक्षा, आश्चर्यजनक कौशल तथा मिलीनियल्स या नौजवान पीढ़ी की पूर्ण प्रतिबद्धता से स्पष्ट है। यह नौजवान वर्ग देश में सबसे बड़ा कामगार समूह है। युवा शक्ति के साथ भारत की प्रगति गाथा पूरे देश में इंटरनेट के व्यापक व तेज प्रसार के कारण भी है जो 'डिजिटल क्रांति' को असाधारण गति दे रहा है जिसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। देश की जनता इस डिजिटल तूफान का पूरी तरह लाभ उठा रही है, भले ही वे कहीं रहते हों और उनकी आयु कुछ भी हो। इसका असाधारण प्रभाव छोटे शहरों पर भी पड़ रहा है। चूंकि प्रथम श्रेणी के बड़े शहर संतृप्ति के स्तर तक पहुंच गए हैं, इसलिए अब दूसरे व तीसरे स्तर वाले शहरों में ढांचागत विकास को गति देना आवश्यक हो गया है। उनकी वृद्धि के लिए उनको अनेक आवश्यक सुविधाओं से लैस करना जरूरी है। आईएएमएआई-कैंटर की रिपोर्ट 'आईक्यूब 2020' का अनुमान है कि अगले पांच साल में भारत में इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं की संख्या में 45 प्रतिशत वृद्धि होगी और यह 2020 में 622 मिलियन से बढ़ कर 2025 में 900 मिलियन प्रयोगकर्ताओं तक पहुंच जाएगी। दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों में जनसंख्या का बड़ा हिस्सा रहता है जो अपनी दिन-प्रतिदिन की आवश्यकताओं के लिए लगातार 'डिजिटल दुनिया' से जुड़ता जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, 2025 तक शहरी भारत की तुलना में ग्रामीण भारत में इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं की संख्या अधिक होगी। इसके परिणामस्वरूप डिजिटल परिस्थितिकी को स्वयं को नई जनसंख्या संरचना की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना होगा।

मैक्किन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट-एमजीआई के डिजिटल एडाप्टेशन सूचकांक के अनुसार भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था दुनिया में दूसरी सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है जिसके चलते वह दुनिया की प्रमुख 17 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। नैस्काम की रिपोर्ट 'फ्यूचर आफ टेक्नोलोजी सर्विसेज़-विनिंग इन दिस डिकेड' से स्पष्ट है कि विभिन्न क्षेत्रों में 50 से अधिक डिजिटल पहलें की गई हैं जिनमें वित्त व बैंकिंग, स्वास्थ्यरक्षा तथा आईटी भारत के डिजिटल स्वप्न में योगदान कर रही हैं। इनका अर्थव्यवस्था में 8 प्रतिशत योगदान है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है तथा देश के दूसरे व तीसरे स्तर के शहर देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति देने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। पहले अधिकांश बिजनेस गतिविधियां, खासकर आईटी देश के महानगरों, जैसे गुरुग्राम, बैंगलुरू, हैदराबाद, आदि तक केन्द्रित थीं।

लेकिन अनेक कारणों से अब ये दूसरे व तीसरे स्तर के शहरों तक पहुंच रही हैं जिनमें बेहतर ढांचागत संरचना व कुशल कामगारों की उपलब्धि शामिल है।

ये शहर हाल में वृद्धि के नए केन्द्र बन गए हैं। एलेक्ट्रानिक्स कमीशन के जमीनी काम तथा भारत में साफ्टवेयर व बौद्धिक पूंजी विकास के लिए क्षेत्रीय कंप्यूटिंग केन्द्रों ने विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। सूचना प्रौद्योगिकी व साफ्टवेयर विकास पर नेशनल टास्क फोर्स के गठन तथा नई दूरसंचार नीति ने आईटी क्षेत्र की और वृद्धि का रास्ता खोल दिया है। इस बीच अनेक ढांचागत संरचनाओं के विकास ने इन शहरों को आईटी निवेश व अन्य बिजनेसों के लिए सर्वाधिक आकर्षक स्थान बना दिया है। डिजिटल इंडिया व स्टार्टअप इंडिया अभियानों, जेएएम त्रिकोण व स्मार्ट सिटी मिशन ने इन शहरों के परिवर्तन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। अनुमान है कि भारत में 55 उद्योगों में 61,000 से अधिक स्वीकृत स्टार्टअप हैं जिनमें से 45 प्रतिशत दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों में हैं। राज्य सरकारों ने आईटी फर्मों को आकर्षित करने तथा औद्योगिक क्लस्टर, सेज व अनेक कौशल विकास पहलों को स्थापित कर एक उपयुक्त परिस्थितिकी विकसित की है ताकि भारत डिजिटलीकरण प्रक्रिया में आगे बना रह सके। नैस्काम, एसोचैम व टीआईई जैसे उद्योग संगठनों ने वित्तीय सहायता, संरक्षण, इन्क्यूबेशन व नेटवर्क सुविधाओं के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में लीक से अलग हट कर चलने के विचार विकसित किए हैं। प्रमुख प्रबंधन कंसल्टेंसी 'जिनोव' के अनुमानों के अनुसार, भारत में लगभग 976 एमएनसी ने 1,257 ग्लोबल इन-हाउस सेंटर-जीआईसी स्थापित किए हैं जिनमें से 68 जीआईसी दूसरे स्तर वाले शहरों में हैं।

दूरसंचार विभाग द्वारा अपने दिशानिर्देशों में रियायतें देने के बाद आईटी फर्मों को कहीं से भी काम करने की स्वतंत्रता मिली है और कोविड-19 ने इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों में आईटी परिस्थितिकी को बढ़ावा देने के लिए एसटीपीआई ने इंडिया बीपीओ प्रोत्साहन योजना-आईबीपीएस शुरू की है। इस योजना में पूरे भारत में बीपीओ-आईटी में 48,000 सीटें स्थापित करने की प्रोत्साहन योजना शामिल है। सरकार अपनी दो योजनाओं-इंडिया बीपीओ प्रमोशन योजना व नार्थ ईस्ट बीपीओ प्रमोशन योजना में प्रति सीट एक लाख रुपये तक वित्तीय सहायता देती है। यह योजना सभी राज्यों में लागू है तथा उसकी जनसंख्या के अनुसार 493 करोड़ रुपये तक का आबंटन किया गया है। इसके साथ ही महिलाओं व दिव्यांगों के रोजगार को प्रोत्साहन देने के लिए स्थानीय उद्यमियों की सहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि वे गैर-राजधानी शहरों में अपनी कार्रवाइयां शुरू कर सकें। उभरते मध्य वर्ग, उपभोग के तरीकों में परिवर्तन तथा तकनीकी खोज दूसरे व तीसरे स्तर वाले शहरों के लिए शुभ संकेत है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रगति केन्द्र बन सकते हैं। दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा-डीएमआईसी, मेट्रो नियो व मेट्रो लाइट, हरियाणा आर्बिटल रेल कारीडोर, आदि बड़े पैमाने की विकास परियोजनायें कनेक्टिविटी को बढ़ावा दे कर दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों, जैसे, सोनीपत, जयपुर, देहरादून, आदि को ढांचागत विकास मानचित्र पर ला देंगी। तकनीकी मोर्चे पर इन शहरों में 5जी तकनीकों का प्रस्तावित विस्तार एक शुभ संकेत है। एक डेटाकैंटर नीति बनाने के भी प्रयास हो रहे हैं जिससे भारत में डिजिटल परिवर्तन प्रक्रिया और तेज होगी। इसके साथ ही कोविड-19 महामारी के समय 'वर्क फ्राम होम' माडल ने रिवर्स माइग्रेशन की एक प्रवृत्ति विकसित की है। इसके परिणामस्वरूप फर्में भारत के सुदूर क्षेत्रों में प्रतिभा तलाशने के लिए आगे बढ़ रही हैं, जबकि पहले कामगार रोजगार की तलाश में प्रथम श्रेणी शहरों में जाते थे। इसके कारण 'हब एंड स्पोक' तथा 'एज' माडल विकसित हुए हैं। इसमें जहां प्रथम श्रेणी के शहर हब का काम करते हैं, वहीं दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहर स्पोक नेटवर्क बनते हैं। इसके अलावा एज का अर्थ सुदूर क्षेत्रों से काम करना है।

इस माडल से प्रमुख आईटी फर्में अपने आपरेशनों को तुलनात्मक रूप से कम खर्च पर दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों में हस्तांतरित कर सकती हैं, जबकि वे अपने ग्राहकों के लिए प्रथम श्रेणी के शहरों में बनी रह सकती हैं। एक और उभरती प्रवृत्ति 'गिग इकोनोमी' है जहां फर्में अनुबंध कर्मचारियों के आधार पर अपने कार्यबल में विविधता लाती हैं। इससे आपरेशनल माडलों में लचीलापन व व्यावहारिकता आती है। इसके साथ ही, बहुराष्ट्रीय कंपनियां उन शहरों में विस्तार की योजनायें बना रही हैं जहां उनको अनेक लाभ प्राप्त हो सकें। इनमें लागत-प्रभावशीलता, जमीन व श्रमिकों पर कम खर्च, बड़ी संख्या में कुशल कामगारों की उपलब्धता तथा कामगारों की नौकरी छोड़ने की कम दर शामिल हैं।

उपभोक्ता बाजार के रूप में काम करने के साथ ही जयपुर, इंदौर व लखनऊ जैसे शहर शिक्षा केन्द्रों के रूप में विकसित हुए हैं जिससे अनेक फर्मों को कुशल मानव पूंजी मिल रही है। इन आयामों से प्रभावित होकर दूसरे व तीसरे स्तर के शहर डिजिटल क्रांति में अग्रणी स्थान पर आएंगे। रोजगार सृजन के बहुआयामी सामाजिक-आर्थिक प्रभावों के साथ इससे महानगरों को पलायन थमेगा, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जीवनस्तरों में सुधार आएगा तथा आर्थिक विकास में क्षेत्रीय असमानतायें घटेंगी। इससे बड़े शहरों पर बोझ कम होगा जो सीमित संसाधनों तथा गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए देश के हर क्षेत्र से आने वाले लोगों के बोझ से दब गए हैं। लेकिन इन शहरों के लिए डिजिटलीकरण लहर बनाए रखना बहुत जरूरी होगा। ढांचागत संरचना मजबूत करना, नौजवानों में कौशल विकास को प्रोत्साहन देना, उद्यमियों के लिए परिवेश बनाना तथा अनोखे विचारों से खोज को प्रोत्साहन देना एवं उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना इन शहरों को डिजिटलीकरण के लाभ प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।

# अल-जवाहिरी हत्याकांड, जांच के दायरे में तालिबान

तालिबान ने 2020 के दोहा समझौते में वादा किया था कि वे अल-कायदा के सदस्यों को पनाह नहीं देंगे, लेकिन शायद उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं किया। काबुल के एक सुरक्षित घर की बालकनी पर अल-कायदा नेता अयमान अल-जवाहरी को मारने वाले अमेरिकी ड्रोन हमले ने मंगलवार को अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की वैश्विक जांच को तीखा कर दिया और अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने और अति अपेक्षित सहायता के लिए उनके प्रयासों को और कमजोर कर दिया। तालिबान ने 2020 के दोहा समझौते में अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी की शर्तों पर वादा किया था कि वे अल-कायदा के सदस्यों को शरण नहीं देंगे। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की बेतुकी वापसी के लगभग एक साल बाद, अल-जवाहरी की हत्या ने 9/11 के आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड और अमेरिका के सबसे वांछित भगोड़ों में से एक को पनाह देने में तालिबान नेताओं की संलिप्तता पर सवाल उठाया।

यह पनाहगाह काबुल के शिरपुर पड़ोस में है, जो कई तालिबान नेताओं का घर है, जो पश्चिम समर्थित सरकार के पूर्व शीर्ष अफगान अधिकारियों के मकानों में चले गए थे। तालिबान ने शुरू में हमले को अमेरिका द्वारा दोहा समझौते के उल्लंघन के रूप में बताने का प्रयास किया, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका पर हमला करने की मांग करने वालों को आश्रय नहीं देने की तालिबान की प्रतिज्ञा भी शामिल है – यानी कुछ ऐसा जो अल-जवाहरी ने इंटरनेट वीडियो और ऑनलाइन संबोधनों के बतौर वर्षों से किया था। तालिबान ने अभी तक यह नहीं बताया है कि हमले में कौन मारा गया। इस बीच, अफवाहें तालिबान रैंकों में बेचैनी की अफवाहें बरकरार हैं – विशेष रूप से हक्कानी नेटवर्क के रूप में जाने जाने वाले ताकतवर संगठन के बीच, जिसने स्पष्ट रूप से अल-जवाहरी और अन्य तालिबान नेताओं को आश्रय दिया था।

एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी ने, चूंकि वह पत्रकारों से सार्वजनिक रूप से बात करने के लिए अधिकृत नहीं थे, द एसोसिएटेड प्रेस को नाम न छापने की शर्त पर बताया कि, ''अयमान अल-जवाहरी की हत्या ने कई सवाल उठाए हैं।'' अल-जवाहरी ने 2011 में अमेरिकी नेवी सील के एक ऑपरेशन में पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद अलकायदा के नेता की कमान संभाली थी। अधिकारी ने कहा, ''तालिबान को काबुल में उसकी मौजूदगी के बारे में पता था, और अगर उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी, तो उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करने की आवश्यकता है।'' रविवार तड़के हमले ने शिरपुर को हिलाकर रख दिया, जो कभी 2003 में ध्वस्त की गयी ऐतिहासिक इमारतों का घर था, ताकि अफगानिस्तान की पश्चिम समर्थित सरकार और अंतरराष्ट्रीय सहायता प्रदाता संगठनों के अधिकारियों के लिए आरामदायक घरों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर सके। अगस्त 2021 में अमेरिका की वापसी के बाद, तालिबान के अभिजात वर्ग ने वहां के



कुछ खाली पड़े घरों को लेना शुरू कर दिया। एक वरिष्ठ अमेरिकी खुफिया अधिकारी के अनुसार, अल-जवाहरी जिस घर में ठहरे थे, वह तालिबान के वरिष्ठ नेता सिराजुद्दीन हक्कानी के एक शीर्ष सहयोगी का घर था। तालिबान अधिकारियों ने मंगलवार को काबुल में आंध्र प्रदेश के पत्रकारों को क्षतिग्रस्त घर में पहुंचने से रोक दिया। जुलाई में आतंकवादी समूहों के मॉनिटरों द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया गया था कि तालिबान के तहत अल-कायदा को अफगानिस्तान में अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है, लेकिन वह देश के नए शासकों को सलाह देने और सहयोग करने तक ही सीमित है। निगरानीकर्ताओं की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों समूह परस्पर करीब हैं और अल-कायदा के लड़ाके, जिनकी संख्या 180 से 400 के बीच है, तालिबान की लड़ाकू इकाइयों में ''व्यक्तिगत स्तर पर'' प्रतिनिधित्व करते हैं। निगरानीकर्ताओं ने कहा कि इसकी संभावना नहीं है कि अल-कायदा- तालिबान के स्तर पर क्षमता और संयम की कमी, साथ ही साथ उसकी अपने हालिया फायदों (जैसे कि एक सुरक्षित आश्रय होना और बेहतर संसाधनों )को खतरे में डालने के प्रति अनिच्छा के कारण – अफगानिस्तान से बाहर सीधे हमले करने की कोशिश करेगा।''

एनालिटिकल सपोर्ट एंड सेंक्शन मॉनिटरिंग की रिपोर्ट टीम ने ऐसा कहा कि 2022 की पहली छमाही के दौरान, अल-जवाहरी वीडियो और ऑडियो संदेशों के साथ समर्थकों तक तेजी से पहुंचा, जिसमें यह आश्वासन भी शामिल था कि अल-कायदा एक वैश्विक आंदोलन के नेतृत्व के लिए इस्लामिक स्टेट समूह के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है। पिछले एक साल में आईएस के आतंकवादी तालिबान के लिए एक बड़े खतरे के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने तालिबान के ठिकानों और नागरिकों के खिलाफ कई घातक हमले किए हैं। हक्कानी नेटवर्क एक अफगान इस्लामिक विद्रोही समूह है, जिसे इसी नाम के परिवार के इर्द-गिर्द खड़ा किया गया है। 1980 के दशक में, इसने सोवियत सेना से लड़ाई लड़ी और पिछले 20 वर्षों में, इसने अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो सैनिकों व पूर्व अफगानिस्तान सरकार से लड़ाई लड़ी। सिराजुद्दीन हक्कानी ने 2016 से तालिबान आंदोलन के पहले उपनेता के रूप में भी काम किया है। पिछले अगस्त से, उन्होंने तालिबान सरकार के नियुक्त आंतरिक मंत्रालय की भी सेवा की है। अमेरिकी सरकार ने उस पर, अमेरिका, और अफगानिस्तान में गठबंधन सेना, अफगान सरकार और नागरिक ठिकानों पर किए गए कई महत्वपूर्ण हमलों व अपहरणों के लिए, 10 मिलियन डॉलर का इनाम रखा हुआ है। लेकिन अफगानिस्तान के पूर्वी खोस्त प्रांत के हक्कानी तालिबान-नेतृत्व में अन्य लोगों – जिनमें ज्यादातर हेलमंद और कंधार के दक्षिणी प्रांतों के नेता हैं, से असहमत हैं। कुछ का मानना है कि सिराजुद्दीन हक्कानी अधिक अधिकार चाहता है। तालिबान के अन्य लोगों ने काबुल व अन्य जगहों पर नागरिकों के खिलाफ हक्कानी के हिंसक हमलों का विरोध किया है।

इस्लामिक आतंकवादी समूहों का अध्ययन कर रहे इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप के वरिष्ठ विश्लेषक जेरोम ड्रेवन ने कहा,''मुझे ऐसा लगता है कि तालिबान के भीतर सत्ता संघर्ष सामान्य बात है। यह अनिवार्यतया अमेरिका या अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लेकर नहीं है।

यह नए शासन को लेकर है, नए शासन के भीतर सत्ता को कैसे साझा किया जाए, किसे क्या पद मिले, कौन किस मंत्रालय को नियंत्रित करता है तथा सामान्य नीतियां के निर्धारण आदि को लेकर है।''

**(एजेंसी)**

## आप की बात

### प्रजातंत्र के लिए

**सर्वोच्च** न्यायालय ने केंद्र, चुनाव आयोग से पूछा है कि चुनाव से पहले ऐलान किए जाने वाले मुफ्त के ऐलान पर कैसे रोक लगाई जाए। इसके बारे में न्यायालय ने एक सप्ताह में जवाब भी मांगा है। यह बड़े सकुन की बात है कि सुप्रीम कोर्ट जैसी विश्वसनीय सर्वोच्च संस्था ने मुफ्त की रेवड़ी पर रोक लगाने संबंधी सवाल उठाया है! इसी बहाने इस मसले पर राष्ट्रव्यापी बहस शुरू हो जाएगी ! सरकार को भी जनता से उनका मंतव्य जानकर उचित सलाह सुप्रीम कोर्ट को देना चाहिए. वैसे आम आदमी की भावना तो यही है कि यह प्रकार की अप्रत्यक्ष रिश्वत है. और यह वोटर के मन व मस्तिष्क पर प्रभाव डालती है .और सरकारी खजाने से मुफ्त की घोषणा करके अयोग्य व्यक्ति भी सत्ता के शिखर पर पहुंच सकता है. स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर मुफ्त की रेवड़ी के इस नासूर का ऑपरेशन कर ही दिया जाना चाहिए, सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को सिर्फ इतना निर्देश देने की चुनावी घोषणा की वस्तुएं देने की जो घोषणा करेगा उसे अपनी पार्टी फड या खुद की जेब में से वे सुविधाएं देना होगी। इस दो लाइन के आदेश से ही सारी रेवड़िया बांटने वालों के हाथ रुक जाएंगे, और यही देश के स्वास्थ्य प्रजातंत्र के लिए निहायत जरूरी है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### राष्ट्रीय नदी गंगा

**वर्ष** 2008 में जीवनदायिनी गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था।गंगा को अविरल और निर्मल बनाने के लिये केंद्र सरकार अबतक अरबो रुपये खर्च कर चुकी है। लेकिन गंगा में बहता नालों और टेनरियों का प्रदूषित जल गिरना बंद नही हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1985 में गंगा सफाई अभियान शुरू किया था। वर्ष2014 में केंद्र सरकार की सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमामि गंगे परियोजना की शुरुआत किया था। हजारों करोड़ रुपये का बजट भी गंगा में गिरने वाले नालों को रोक नही सका है। उप्र के गंदे नालों का गंदा पानी सीधे नदी में मिलता है।बगैर ट्रीटमेंट के सीवेज और गंदगी गंगा में बहाई जा रही है। एनजीटी और उच्च न्यायालय द्वारा कई बार नाराजगी जताने के बाद भी प्रदूषण बोर्ड केवल निगरानी की बात करता है।गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिये पीएम मोदी और उप्र के सीएम योगी कटिबध्द है।लेकिन प्रशासनतन्त्र अपने दायित्वों का निर्वहन तेजी और सख्ती से नही कर रहा है। टेनरियों और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला जलमल ट्रीटमेंट के बाद ही बहाने का पालन सख्ती से कराने के लिये सक्रिय और जवाबदेह तन्त्र की जरूरत है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

### उपराष्ट्रपति चुनाव

**राष्ट्रपति** के बाद अब उपराष्ट्रपति का चुनाव होना है और पक्ष विपक्ष फिर आमने-सामने है। परिस्थितियां जिस तरह बन रही है उसके मद्देनजर सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवार का पलड़ा भारी है। आपसी विवादों के चलते विपक्ष में एकता दिवास्वप्न सी लग रही है। टीएमसी के दो टूक ने विपक्ष की राह में कांटे बो दिए हैं। आगामी 6 अगस्त को होने जा रहे उपराष्ट्रपति चुनाव में पक्ष विपक्ष अपने सहयोगी दलों की मान मनव्वल में जुटा हुआ है। हाल-फिलहाल मुकाबला राष्ट्रपति चुनाव की तरह ही लगता है। सत्ता पक्ष के धनखड़ का मुकाबला साझा उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा है। जहां तक धनखड़ की उम्मीदवारी का सवाल है तो सहयोगी दल एकमत से सरकार के साथ है मगर विपक्ष में बिखराहट दिखती है। उम्मीदवार के चयन में अनदेखी किए जाने से नाराज टीएमसी का चुनाव से दूर रहना अल्वा की उम्मीदवारी को कमजोर करेगा। इसके अलावा ऐन वक्त पर पार्टी गाइडलाइन से अलग हटकर अंतरात्मा की आवाज पर वोट देने वाले भी अल्वा के लिए परेशानी की वजह बनेंगे।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**संसद** में महत्वपूर्ण कानूनों को संसदीय समितियों को संदर्भित किए बिना पारित किया जाता है, विपक्ष के सांसदों को निलंबित कर दिया जाता है।

– **प्रशांत भूषण**
एक्टिविस्ट/अधिवक्ता



**संजय** राउत ने एक ही अपराध किया है कि वह भाजपा पार्टी की डराने-धमकाने की राजनीति के आगे नहीं झुके हैं।

– **अधीर रंजन चौधरी**
कांग्रेस नेता



**मैं** इस क्षेत्र में अपने सहयोगियों और दोस्तों के प्रति अमेरिका की अडिग प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हूं।

– **नैंसी पेलोसी**
अमेरिकी सीनेट स्पीकर

# सुधारें यातायात व्यवस्था

## यातायात ड्यूटी में तैनात किए गए दस हजार होमगार्ड्स जवान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** लखनऊ सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में यातायात की बिगड़ती स्थिति को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस संबंध कड़ा रुख अख्तियार करते हुए हर जिले में यातायात की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि इस संबंध में सभी जिलों के पुलिस कप्तानों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में आदेशित कर दिया गया है। यातायात व्यवस्था के पटरी से उतरने के पीछे एक बड़ी मुख्य वजह पुलिस बल में मैनपावर की कमी है। अवस्थी ने बताया कि इस कमी को दूर करने और पूरी व्यवस्था के सुचारू ढंग से संचालन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यातायात ड्यूटी में दस हजार होमगार्ड्स जवानों को तैनात किया गया है। होमगार्ड के जवान स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर यातायात व्यवस्था के संचालन में योगदान करेंगे। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर शासन पूरी तरह से गंभीर है। सभी जिलों में यातायात सही ढ़ग से संचालित हो इसके लिए जो भी जरूरी उपाय हैं उन्हें किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब ट्रैफिक व्यवस्था की शासन स्तर पर ऑनलाइन मॉनीटरिंग होगी।

ट्रैफिक ड्यूटी में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने अभी दो दिन पहले ही यातायात व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में सख्त निर्देश जारी किए थे। उन्होंने साफ तौर पर निर्देशित किया है कि सर्विस लेन पर अतिक्रमण न होने दिया जाए।

# सम्पूर्ण बजट जारी हो चुकी परियोजनाओं को हैंडओवर करें: अवनीश अवस्थी

**लखनऊ।** पुलिस विभाग में चल रहे आवासीय एवं अनावासीय निर्माण कार्यों में गतिशीलता लाने के लिए शासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जिन निर्माण कार्यों के लिए सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है, उन्हे शीघ्र हस्तगत किया जाए। अवस्थी ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि जिन कार्यो के लिए शासन द्वारा धनराशि दी जा चुकी है उसे निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिस निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा प्रदत्त धनराशि का उपयोग कर लिया गया है उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र तत्काल पुलिस मुख्यालय के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि अगली किस्त समय से निर्माण एजेंसियों को अवमुक्त की जा सके। उन्होंने निर्माण कार्यो में तेजी लाए जाने के निर्देश देते हुए यह भी कहा है कि जो निर्माण कार्य पूर्णता: की स्थिति में है उनका लोकार्पण इसी माह में जाने की योजना है। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग के लिए कुल 661 आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके लिये कुल स्वीकृत लागत 554578.03 लाख रुपए है। यह भी उल्लेखनीय है कि इनमें से मुख्यमंत्री की घोषणा के सापेक्ष किए जाने वाले कार्यो की संख्या 472 है जिनमें 57 अग्निशमन केन्द्र 10 चौकी, 38 थाना, 36 पुलिस लाइन में ट्राजिंसट हास्टलए 46 पुलिस लाइन में पुरूष-महिला हास्टल, 31 पीएसी वाहिनी में बैरक, 247 थानों पर हास्टल, 3 शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों का विस्तार, 3 महिला पीएसी वाहिनी के आवासीय व अनावासीय भवन व एक पुलिस लाईन्स का निर्माण कार्य शामिल है।

# 15 अगस्त को 7500 अमृत सरोवरों पर होगा झंडारोहण

- अमृत सरोवरो का उपयोग एक पर्यटन स्थल के रूप में होना चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्च अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में बनाए जा रहे अमृत सरोवर अच्छे बने और हमेशा अच्छे बने रहे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी है कि जो अमृत सरोवर तैयार हो रहे हैं, उनकी देखभाल के लिए मनरेगा से प्रत्येक तिमाही एक मजदूर को लगाकर वहां की देखभाल सुनिश्चित करने की कार्यवाही की जाए।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को जिन 7500 अमृत सरोवरों पर झंडारोहण किया जाएगा, वहां पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 1 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बनाए जाने वाले अमृत सरोवर के मॉडल स्टीमेट के बारे में जानकारी हासिल की।

विधानभवन स्थित कक्ष कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एक हेक्टेयर के क्षेत्रफल में अमृत सरोवर बनाए जाने का 28.80 लाख रुपए की धनराशि का मॉडल स्टीमेट तैयार किया गया है, जिसमें फुटपाथ बनाने, घास लगाने एडस्टबिन, वृक्षारोपण, बेंच आदि की समस्त व्यवस्थाओं के साथ साथ 100 से 200 लोगों को झंडारोहण के दौरान बैठने आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी उन्होंने कहा कि वहां पर ऐसे पौधों का वृक्षारोपण किया जाए, जिनसे अधिक से अधिक ऑक्सीजन मिले, छाया मिलें, फल मिलें और भूमि कटाव रोकने में सहायक सिद्ध हों। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अमृत सरोवरो का उपयोग एक पर्यटन स्थल के रूप में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों पर जानवरों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जानवरों के लिए गांव के अन्य तालाब उपयोग में लाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों में मछली पालन का काम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 4000 अमृत सरोवर तैयार हो गए हैं। प्रदेश में अन्य प्रांतों की अपेक्षा सबसे अधिक अमृत सरोवर उत्तर प्रदेश में बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का 20 प्रतिशत अमृत सरोवर 15 अगस्त तक हर हाल में तैयार कर लिए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने मनरेगा मजदूरों एमेटो के भुगतान आदि की भी जानकारी हासिल की।

# मैपिंग कराकर फसल बुआई का विवरण तैयार करें: सूर्य प्रताप शाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सभी जिलों में कृषि फसलों की मैपिंग कराकर फसल बुआई का विवरण तैयार कराया जाए। फसल बुआई की विस्तृत जानकारी के लिए पोर्टल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा की स्थिति तथा खरीफ फसल की बुआई की सटीक जानकारी के लिए वैज्ञानिक तकनीकों का प्रयोग किया जाए। कृषि मंत्री शाही ने यह निर्देश बुधवार को विधानभवन स्थित अपने कक्ष कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न फसलों की बुआई का आंकड़ा तैयार किया जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारी गांव में जाकर फसल की बुआई का सही आंकड़ा लेकर प्रस्तुत करें। एप्प के माध्यम से इसकी मानिटरिंग की जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने उत्तरदायित्वो का पालन सही से करे, इसमे किसी प्रकार की हीलाहवाली न की जाय। इस अवसर पर मंत्री प्रदेश में वर्षा तथा खरीफ फसल की बुआई की अद्यतन स्थिति की समीक्षा भी की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद में कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से किसानों से सतत संवाद बनाये रखें ताकि उन्हें सही जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि मंत्री शाही ने मंडलवार एवं जनपदवार वर्षा तथा खरीफ फसल की बुआई की जानकारी अधिकारियों से ली। कृषि मंत्री शाही ने निर्देश दिए कि जहाँ फसल की बुआई कम हुई है वहाँ पर बुआई का कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किस समय में कौन सी फसल बोने की जानकारी कृषि अधिकारियों द्वारा विभिन्न माध्यमों से दी जाय जिससे उन्हें मौसम के मुताबिक कौन सी फसल लगाना है की जानकारी मिल सके। उर्वरक को तय कीमत से अधिक पर बेचने वाले लोगो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। ऐसे लोगो को दिया गया लाइसेंस निरस्त किया जाए। कृषि मंत्री शाही ने निर्देश दिए कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक स्तर और जनपद स्तर पर झण्डा लगाने का कार्य किया जाए। इसके अलावा प्रत्येक ब्लॉक से कृषि में अच्छा कार्य करने वाले किसानों को चिन्हित किया जाय तथा उनका एक डाटा तैयार किया जाए, जिससे कि ऐसे किसानों को प्रोत्साहित करते हुए और अन्य किसानों को प्रेरित किया जा सके।

## बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**लखनऊ।** प्रदेश में बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि एक बार फिर यूपी पीसीएस परीक्षा 2021 का परीक्षा परिणाम हाई कोर्ट द्वारा निरस्त कर दिया गया है। जब से भारतीय जनता पार्टी की देश व प्रदेश में सरकार बनी है तब से ऐसी कोई भी परीक्षा व परीक्षा का परिणाम सफलतापूर्वक नहीं आ सका। अब तक जितनी भी परीक्षाएं हुई हैं उन सभी में यह किसी का पेपर लीक हो गया या फिर परिणाम निरस्त हो गया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी ने कहा कि लगातार जिस तरह से प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर बार-बार लीक हो रहें हैं, परीक्षा परिणाम निरस्त हो रहें हैं इससे सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं हो पा रही है कि वह किस तरह से युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने की बात कह रही थी। जबकि सारी परीक्षाएं व उनके परिणाम सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर न्याललय द्वारा निरस्त कर दी जाती है अथवा सरकार स्वंय निरस्त कर देती है। उन्होंन कहा कि देश व प्रदेश का युवा रोजगार के लालच में आवेदन कर परीक्षा की तैयारी कर परीक्षा तिथि में जब परीक्षा देने जाता है तब पेपर लीक होना या फिर परीक्षा के बाद परिणाम रद्द हो जाने से वह हताश व निराश हो जाता है। सरकार भ्रष्टाचार को रोकनें में नकाम साबित हो रही है।

# राज्यपाल से मुलाकात में जेल मंत्री ने दी विभागीय उपलब्धियों की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने बुधवार को राजभवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को कारागार और होमगार्ड्स विभाग की उपलब्धियों और कार्यो के बारे में जानकारी दी।

कारागार राज्यमंत्री ने बताया कि कारागार एवं होमगार्ड्स विभाग 100 दिन के भीतर लोक कल्याण संकल्प पत्र के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत हैं। इसके अलावा भविष्य की योजनाओं के लिए भी रोडमैप तैयार कर लिया गया है। प्रजापति ने बताया कि कारागारों में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वाधिक प्राथमिकता दी जा रही है। इसके तहत उनके द्वारा एवं जेल के उच्चाधिकारियों के द्वारा समय-समय पर निरीक्षण करके खामियों को दूर किया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों एवं सुझावों के अनुरूप कार्य करते हुए कारागारों की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रजापति ने बताया कि लम्बे समय से मांग की जा रही है होमगार्ड्स का वेतन जो पहले गृह विभाग से दिया जा रहा था उन्हें अब होमगार्ड्स विभाग से दिए जाने की व्यवस्था की जा चुकी है। साथ ही मस्टररोल तैयार करके उनका वेतन, भत्ता अब सीधे उनके खाते में दिया जा रहा है एवं उनकी ड्यूटी भी ऑनलाइन लगाई जा रही है। प्रजापति ने बताया कि जेलों में कैदियों के मनोवृत्ति में बदलाव के लिए गायत्री-महामृत्युंजय मंत्रों की शुरूआत की गई है, जिसका सकारात्मक प्रभाव भी अब दिखाई दे रहा है। साथ ही जेलों में निरुद्ध महिला कैदियों के बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था एवं उनके खेलने के लिए चिल्ड्रेन पार्क भी बनाये जा रहे हैं। बंदियों को एमएसएमई के माध्यम से स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि बंदी बाहर निकलने के बाद अपना रोजगार कर सकें, बेरोजगार न रहें। प्रजापति ने कहा कि सभी जेल अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि रक्षाबंधन के पर्व पर व्यवस्था की जाए कि कोई बंदी बिना राखी बधायें न रहें। सभी जेलों में आजादी के अमृत महोत्सव पर सभी बैरकों पर तिरंगा झण्डा फहराया जाए एवं जेल प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने घरों पर नियमानुसार तिरंगा फहराएं। उन्होंने जानकारी दी कि होमगार्ड्स विभाग द्वारा 12 से 14 अगस्त के बीच ब्लाक से लेकर जिला स्तर, जिला स्तर से लेकर मण्डल स्तर और मण्डल स्तर से लेकर प्रदेश मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा में सभी होमगार्ड्स जवानों की सहभागिता रहेगी।

## राज्यपाल ने रजत पदक जीतने पर विकास ठाकुर को दी बधाई

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कॉमन वेल्थ गेम्स 2022 में विकास ठाकुर को भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतने पद हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि विकास ठाकुर ने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है और उनकी यह जीत हमारे देश के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी साबित होगी।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में बसपा ने दिया धनखड़ को समर्थन

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने राष्ट्रपति चुनाव के बाद अब उपराष्ट्रपति चुनाव में भी एनडीए उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया है। बुधवार को उन्होंने ट्वीट कर यह साफ कर दिया है कि बसपा एनडीए के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को वोट देगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए आगामी 6 अगस्त को मतदान होना है। चुनाव से ठीक पहले बसपा अध्यक्ष ने एनडीए उम्मीदवार को समर्थन की घोषिणा करके सबको चौंका दिया है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि सर्वविदित है कि देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद के लिए चुराव में सत्ता और विपक्ष के बीच आम सहमति न बनने की वजह से ही इसके लिए फिर अन्तत: चुनाव हुआ। अब ठीक वही स्थिति बनने के कारण उपराष्ट्रपति पद के लिए भी छह गस्त को चुनाव होने जा रहा है। उन्होंने लिखा है कि बसपा ने ऐसे में उपराष्ट्रपति पद के लिए हो रहे चुनाव में व्यापक जनहित और अपनी मूवमेंट को भी ध्यान में रखकर जगदीप धनखड़ को अपना समर्थन देने का फैसला किया है और जिसकी मैं आज औपचारिक घोषणा भी कर रही हूं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बसपा ने राष्ट्रपति के चुनाव में भी एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन किया था। मायावती का कहना है कि उनका ये फैसला स्वतंत्र रूप से लिया गया है। ये न सत्तापक्ष के समर्थन में है और न विपक्ष के खिलाफ।

## मैथिलीशरण गुप्त का साहित्य भारत के नव निर्माण में सक्षम: डॉ शर्मा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा बुधवार को मैथिलीशरण गुप्त जयंती एवं सम्मान समारोह-2022 का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने सम्मानित विद्वानों को बधाई देते हुए मैथिलीशरण गुप्त के रचना कर्म को भारतीय संस्कृति के उद्घोष का साहित्य कहा। मैथिलीशरण गुप्त का साहित्य स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर वर्तमान के भारत का नव निर्माण करने में सक्षम है। उन्होंने भारतीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा बहुभाषिकता को बढ़ावा देते हुए भारतीय साहित्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के कई ठिकानों पर आयकर के छापे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयकर** विभाग की टीम ने बुधवार को लखनऊ, कानपुर, झांसी, नोएडा में यूपी की बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी घनश्याम कंस्ट्रक्सन के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक घनश्याम कंस्ट्रक्शन समाजवादी पार्टी के नेता श्याम सुंदर यादव और उनके भाई बिसन सिंह यादव की है। घनश्याम कंस्ट्रक्शन की कॉरपोरेट दफ्तर झांसी में हैं। आयकर विभाग ने घनश्याम कंस्ट्रक्शन के झांसी वाले दफ्तर और घर पर छापेमारी की है। इससे पहले सपा के पूर्व विधायक दीप नारायण यादव के घर पर विजिलेंस का छापा पड़ा था और अब श्याम सुंदर के घर पर आयकर विभाग की छापेमारी हुई है। बताया जा रहा है कि ये छापेमारी अगले कुछ दिनों तक लगातार जारी रह सकती है। आयकर विभाग ने झांसी में जिन कारोबारियों के घर और दफ्तर पर छापेमारी की है उनमें समाजवादी पार्टी नेता नेता श्याम सुंदर सिंह पारीछा, बिल्डर वीरेंद्र राय, राकेश बघेल और विजय सरावगी का नाम शामिल है। गौरतलब है कि हाल ही में समाजवादी पार्टी के महासचिव राम गोपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर शिकायत की थी की समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को एक एक कर टार्गेट किया जा रहा है। राम गोपाल यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में अल्पसंख्यकों और सपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने कानपुर में कंस्ट्रक्शन कंपनी घनश्याम इंफ्रा के मालिक राजेश यादव के घर में भी छापेमारी की है। आयकर विभाग की तीन टीमें राजेश यादव के घर के अंदर दस्तावेज खंगालने में लगी हुई हैं। राजेश यादव के घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रही। आयकर विभाग की टीम ने इन छापों के दौरान बड़ी मात्रा में दस्तावेज एकत्र किए है।

# अपर निदेशक अभियोजन सेवानिवृत्त डीजीपी ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर दी विदाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** निदेशक अभियोजन के पद से अजीत कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय पर समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर डीजीपी डीएस चौहान ने कहा कि अजीत कुमार सिंह ने अपने 31 वर्ष के लम्बे सेवा काल में अनेक पदों पर रहते हुए उत्कृष्ट व्यवसायिक दक्षता एवं कार्यकुशलता का परिचय दिया। डीजीपी ने स्मृति चिन्ह प्रदान करके अजीत कुमार सिंह को सम्मानित किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सेवानिवृत्त के पश्चात भी वह पुलिस विभाग से संपर्क बनाए रखेगे तथा विभागीय हित में अपने सार्थक सुझाव देते रहेंगे। उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से उनके व उनके परिवार के उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांक कुमार सिंह डीजीपी मुख्यालय पर तैनात तमाम वरिष्ठ पुलिस एवं अभियोजन अधिकारी मौजूद रहे।

## केंद्र ने खत्म की अनिवार्य रूप से विदेशी कोयला खरीदने की शर्त

**लखनऊ।** उप्र उपभोक्ता परिषद की लड़ाई रंग लाई है। अब केंद्र सरकार ने विदेशी कोयले की खरीद की अनिवार्यता के आदेश में संशोधन करते हुए अब विदेशी कोयला खरीद का फैसला राज्यों पर डाल दिया है। उपभोक्ता परिषद ने इस बात का दावा करते हुए मांग की है कि यूपी सरकार ने जो दो महीने के लिए विदेशी कोयला खरीदने का फैसला किया था उसे वापस लिया जाए। उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा कहा है कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने लगभग तीन महीने बाद अपने आदेश को वापस लेते हुए नया आदेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि जो भी राज्य मिश्रण के लिए विदेशी कोयला खरीदना चाहते हैं वह उनकी मर्जी यदि लेना चाहते तो कोल इंडिया से स्वत लें अथवा न लें। केंद्र सरकार ने जो पहले विदेशी कोयला खरीदना अनिवार्य कर दिया था और यहां तक आदेशित कर दिया था यदि कोई भी राज्य विदेशी कोयला नहीं खरीदेगा तो उसके आवंटित डोमेस्टिक कोयले की मात्रा में कटौती कर दी जाएगी।

# सदस्यता अभियान के लिए हर घर पहुंचे कार्यकर्ता: गोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से अपील की है कि वे सपा के सदस्यता अभियान को जोर-शोर से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सभी लोग जुट कर प्रदेश में प्रत्येक परिवार के सदस्य से सम्पर्क कर समाजवादी पार्टी के इस महाअभियान से जुड़ने की अपील करें। पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने यह बात बुधवार को लखनऊ जिला कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि अरविन्द सिंह गोप समाजवादी पार्टी के लखनऊ ज़िला एवं महानगर सदस्यता अभियान प्रभारी भी है। इसके चलते अरविन्द सिंह गोप सपा के सदस्यता अभियान को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के साथ-साथ पूरे प्रदेश में जोर-शोर से चलाने के लिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में लखनऊ जिला कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में भी पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लेकर जायें व आगामी लोकसभा चुनाव में अपने नेता अखिलेश को वो ताक़त देनी है जिससे देश की दशा और दिशा बदलने में निर्णायक भूमिका अदा करें। अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार का सच जान चुकी है, समाजवादी पार्टी के संघर्षशील कार्यकर्ताओं को मिलकर इस संकल्प को पूरा करना है। इस अवसर पर चौ. जगदीश सिंह यादव, सुशीला सरोज, जयसिंहए जयन्त, शब्बीर अहमद खान, फ़िदा हुसैन अंसारी, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, अम्बरीश पुष्कर, अशोक यादव, सूर्य कुमार सिंह, निर्मल सिंह, टीबी सिंह, राशिद अली, विजय यादव, रवि भूषण राजन, नागेन्द्र सिंह यादव, नवनीत सिंह, ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह सहित काफ़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही

## सदस्यता अभियान के लिए नियुक्त किए और प्रभारी

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से सदस्यता अभियान के प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह, एमएलसी आशुतोष सिन्हा को प्रयागराज महानगर तथा पूर्व मंत्री एवं विधायक लालजी वर्मा, विधायक राकेश पाण्डेय, विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व एमएलसी अतहर खान को जनपद अम्बेडकरनगर का समाजवादी पार्टी की सदस्यता अभियान का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# मार्च 2024 से शुरू होगी जेवर एयरपोर्ट की टेस्टिंग: नंदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बुधवार को पिकअप भवन में यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों, लॉजिस्टिक पार्क, वेयरहाउस निर्माण, भूमि आवंटन के साथ ही अन्य योजनाओं की समीक्षा की। जिसमें मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाले सभी इलाकों में समुचित विकास कराने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में नन्दी ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की योजनाओं को सरल बनाते हुए इंडस्ट्रियल एरिया में ग्रुप हाउसिंग की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अक्टूबर 2024 तक बन कर तैयार हो जाएगा। मार्च 2024 से शुरू एयरपोर्ट संचालन की टेस्टिंग शुरू हो जाएगी।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए एक हजार एकड़ भूमि अधिग्रहित करने की प्रक्रिया जारी है। इस पर उन्होंने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कहा है। साथ ही अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में धन उगाही की शिकायत आने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरूण वीर ने बताया कि भारत सरकार ने विकास योजनाओं के प्रदेश सरकार के लिए 100 करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया है। जिसमें से 30 करोड़ रूपए यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण भारत सरकार से हासिल कर चुका है। वृंदावन की महायोजना में बांके बिहारी मंदिर के चारों तरफ ग्रीनफील्ड शहर बनाने की योजना थी लेकिन अतिक्रमण के कारण अब मथुरा से सात किलोमीटर पहले एक नया ग्रीनफील्ड शहर बनाने के प्रस्ताव पर कार्य चल रहा है। जिसे डेढ़ वर्ष में पूरा किया जाएगा। मंत्री नन्दी ने मथुरा की समृद्ध विरासत को इस तरह से चित्रित करने के निर्देश दिए जो विश्व पटल पर अद्वितीय हो, यह हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है। अधिकारियों ने बताया कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर को विकसित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य के लिए सारे क्लीयरेंस मिल चुके हैं। रनवे और बिल्डिंग का निर्माण कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। जिसे अक्टूबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं मार्च 2024 तक टेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री नन्दी ने अतिक्रमण की कार्रवाई के सम्बंध में जानकारी मांगी तो अधिकारियों ने बताया कि 414 वादों में 1249 लोगों को नोटिस जारी की गई है। 209 वादों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। 77 लोगों पर एफआईआर हुई है। मंत्री नन्दी ने अधिकारियों से पूछा कि 13 लाख 18 हजार 560 वर्ग मीटर एरिया को अभी तक क्यों नहीं खाली कराया गया है। मंत्री नन्दी ने कहा कि अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई न हो, इसका विषेष ध्यान दिया जाए। धन उगाही की शिकायत आई तो सम्बंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नई एमएसएमई के लिए सरकारी खरीद के अनुभव की बाध्यता नहीं: सहगल

**लखनऊ।** प्रदेश के एसीएस एमएसएमई नवनीत सहगल के साथ लोक भवन में आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक हुई। श्री अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश सरकार की एक ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को पूरा करने में एमएसएमई भूमिका पर आधारित एक महा अधिवेशन के आयोजन का प्रस्ताव रखा और विस्तृत चर्चा की। सहगल ने कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। शीघ्र ही नई प्रिक्योरमेंट पालिसी लाई जा रही है। इसमें प्रदेश की एमएसएमई के लिए तमाम प्रकार सुविधाओं का प्राविधान किया गया है। नई एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी खरीद में एक करोड़ तक के आर्डर पर अनुभव की बाध्यता नहीं रहेगी।

# बीडीसी उपचुनाव-कहीं ब्लाक प्रमुख के तख्तापलट की तैयारी तो नहीं!

संवाददाता। सीतापुर

**पंचायत के** उपचुनाव में 4 प्रधान पदों पर और 5 बीडीसी पदों के लिए गुरूवार को मतदान होने जा रहा है, जिसमें बड़े पद की अगर बात करें तो प्रधान पद आता है, लेकिन बीडीसी पद का छोटा चुनाव जरूर है पर उसके पीछे बड़ा प्लान है। सबसे पहले तो आपको बता दें कि जिन ब्लाकों में बीडीसी पदों के लिए उपचुनाव होना है उनमें ब्लाक ऐलिया, कसमंडा और बिसवां शामिल है। ऐलिया ब्लाक का बड़ा दिलचस्प चुनाव है, दरअसल यहां पर पर्दे के पीछे का खेल धौरहरा सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरूण वर्मा और महोली से भाजपा विधायक शंशाक त्रिवेदी खेल रहे है। ऐलिया से ब्लाक प्रमुख चुनी गई रीता सिंह को महोली से भाजपा से महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी का आर्शीवाद है, पिछले पंचायत चुनाव में सांसद रेखा अरूण वर्मा के खास पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेन्द्र सिंह बीडीसी के चुनाव में ही बुरी तरह हार गए थे, अमरेन्द्र सिंह चौहान ने अपनी पत्नी पूर्व प्रमुख रूमी सिंह को कुसमा वार्ड नम्बर 6 व हथूरी वार्ड नम्बर 13 से चुनाव लड़ाया था, जबकि खुद मुस्तफा बाद वार्ड नम्बर 11 और रोजहा वार्ड नम्बर 87 से खुद चुनाव लड़े थे। चार जगह से दोनो चुनाव लड़े, चौथे नम्बर पर रहे। अब फिर एक बार अमरेन्द्र सिंह ने रोजहा से परसादी मौर्या बीडीसी को इस्तीफा दिलाकर अपनी पत्नी रूमी सिंह को 87 नम्बर रोजहा से चुनाव मैदान में उतारा है। जिनके मुकाबले मौजूदा ब्लाक प्रमुख संजू सिंह ने अपने खास शिक्षक अश्वनी सिंह की पत्नी रंजना सिंह को मैदान में उतार दिया है, वार्ड 30 विशुनपुर सरेली में टोन सिंह और परमजीत कौर तथा मंजू देवी के बीच मुकाबला होगा, यहां से मौजूदा ब्लाक प्रमुख रीता सिंह ने इस्तीफा दिया था, दरअसल रीता सिंह हथूरी से भी चुनाव लड़ी थी। कसमंडा ब्लाक के 63 रेउरी द्वितीय में विजय प्रकाश को इस्तीफा दिलाकर लालजी भार्गव चुनाव लड़ रहे है, जबकि उनके मुकाबले मौजूदा प्रमुख मुन्नी देवी के समर्थक रामनाथ को चुनाव लड़ा रहे है। लालजी भार्गव को किसी भाजपा नेता का आर्शीवाद नहीं मिला है, बल्कि धनबल के बल पर मिनी विधायक बनने का ख्वाब सजोए है। इसी ब्लाक की 94 रेहुआ प्रथम में भी बीडीसी के पद पर चुनाव हो रहा है, यहां मौजूदा बीडीसी की मृत्यु होने पर चुनाव हो रहा है, यहां पर नन्हें राम, मनोज कुमार, रीतू यादव के बीच मुकाबला है। बिसवां ब्लाक में बीडीसी चुनाव से बड़ा खेल खेलने की तैयारी है, बिसवां ब्लाक से पूर्व विधायक भाजपा नेता रामपाल यादव की पत्नी शान्ती यादव ब्लाक प्रमुख है, यहां वार्ड 106 कुतुबनगर पर उपचुनाव हो रहा है, दरअसल बीडीसी की मौत के बाद यहां चुनाव हों रहा है, विनोदनी यादव पत्नी विनोद और कमलेश कुमारी पत्नी केशवचंद के बीच मुकाबला है, कमलेश कुमारी को शान्ती यादव चुनाव लड़ा रही है, जबकि कमलेश कुमारी को पूर्व प्रमुख राकेश वर्मा चुनाव लड़ा रहे है, जिनको बिसवां से मौजूदा विधायक निर्मल वर्मा का आशीर्वाद है, बताया जा रहा है कि मौजूदा ब्लाक प्रमुख के तख्ता पलट की तैयारी है।

# मिश्रिख सांसद के पिता का बीमारी के चलते हुआ निधन

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर लोकसभा** क्षेत्र के सांसद अशोक कुमार रावत के पिता गोवर्धन लाल वर्मा कामंगलवार बीती रात 11 बजे लखनऊ में निधन हो गया वे पिछले माह से अस्वस्थ चल रहे थे, लगभग 75 वर्ष के थे उनका शव उनके पैतृक गांव हरदोई जनपद के शाहपुर अतिया लाया गया जहां अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव शाहपुर अ टिया हरदोई मैं संपन्न हुआ उनके अंतिम दर्शन हेतु भारी भीड़ उमड़ी भाजपा नेता , मंत्री, विधायक, ब्लॉक प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की उसमें मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव सिधौली विधायक मनीष रावत भाजपा नेता महमूदाबाद मोहन प्रसाद बारी ,मुनेंद्र अवस्थी ,आनंद रावत , पप्पू रावत, आदित्य अवस्थी, दीपू अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी ,प्रदीप दीक्षित ,सुनील कश्यप आशीष कुमार, सियाराम अनुराग मिश्रा, विपिन कुमार, देवेंद्र नंद , ऊूदन रावत ,रंजीत रावत आदि ने पहुंचकर परिजनों को दुख सहन करने की सांत्वना दी वा श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली** । ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा आज घरवालों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त कर ली।फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव सुकटिया सिंहबाली निवासी 30 वर्षीय शीलेंद्र पुत्र सोनवीर की लाश को आज सुबह उसके घरवालों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पहचान लिया उन्होंने बताया कि शीलेंद्र आम दिनों में मजदूरी करता था लेकिन कभी-कभी वह मानसिक रूप से विक्षिप्त हो जाता था इलाज के बावजूद उसको कोई फायदा नहीं हो रहा था वह कल सुबह रोजाना की तरह घर से बाहर गया था।

## क्विक न्यूज

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली** । खेत में लगे पंप पर पानी पीने गया एक युवक करंट की चपेट में आ गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव मानपुरा निवासी हरीश के 18 वर्षीय बेटे शुभनीस की कल शाम गांव के पास स्थित श्रीराम शर्मा के खेत में लगे पंप पर पानी पीते समय करंट लगने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि शुभनीस गांव के पास स्थित श्री राम के खेत में लगे समर सेविल पंप पर पानी पीने गया था जहां पर बिजली का तार गड्ढे में भरे पानी से होकर गुजर रहा था और पानी में करंट था जैसे ही शुभनीस नें पानी पीने की कोशिश की करंट की चपेट में आ गया और जमीन पर गिर पड़ा पास के खेतों में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी सूचना मिलने पर घरवाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### दुर्घटना में घायल महिला ने दम तोड़ा

**बरेली** । मोटरसाइकिल से गिरकर घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।रामपुर के खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव अहरो निवासी वेद राम की 50 वर्षीय पत्नी नत्थो देवी कि बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि नत्थो देवी 30 जुलाई को अपने किसी परिचित के साथ मोटरसाइकिल पर एक रिश्तेदार के घर जाने को अपने घर से निकली थी लेकिन कुछ दूर चलने के बाद वह मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई रिश्तेदार ने उसके घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए जहां से उसे अगले ही दिन इलाज के लिए बरेली लाया गया बीती रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### मय्यत का रास्ता रोकने पर हंगामा

**बरेली।** एक युवक की मौत के बाद पड़ोस में डेरी चलाने वाले ने मैयत का रास्ता रोक दिया जिससे हंगामा हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले को रफा-दफा कराया ।प्रेम नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला शाहबाद दीवान खाना स्थित विभूति नाथ मंदिर के पास रहने वाले कासिफपुत्र मोहम्मद असलम कि बीती रात मौत हो गई 1 सप्ताह पूर्व मंगलवार के दिन उसकी मां गुलनारा का निधन भी हो गया था मां के निधन के 1 सप्ताह बाद ही कासिफकी भी मौत हो गई दोपहर के समय जब मोहल्ले के लोग और रिश्तेदार काशिफकी मय्यत को लेकर कब्रिस्तान की तरफजा रहे थे तभी पास में रहने वाले डेयरी चलाने वाले शहाबुद्दीन ने मय्यत का रास्ता रोक दिया उसने रास्ते में बंधी अपनी गाय और भैंसों को हटाने से इंकार कर दिया जिससे अफरातफरी मच गई मोहल्ले के लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना जिससे हंगामा खड़ा हो गया किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शहाबुद्दीन को समझा कर मामले को रफा-दफा कराया और रास्ता खुलवाया ।

### कार से कुचलकर की गयी हत्याओं में रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार

**संडीला(हरदोई)।** बाइक से घर लौट रहे एक ही परिवार के तीन लोगों को कार से कुचलकर हत्या किये जाने के मामले की रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम गदियन खेड़ा निवासी 80वर्षीय दूबर, उनके चचेरे भाई 60 वर्षीय रईस और दूबर के पौत्र 25 वर्षीय रेहान को उस समय कार चढ़ा कर मार डाला गया जब तीनों लोग देर रात संडीला से खोया बेचकर वापस लौट रहे थे। इस घटना की रिपोर्ट मृतक दूबर के पुत्र बरकत अली ने सद्दाम, आरिफ और गुफरान को नामजद कराते हुए दर्ज कराई थी। इस घटना का कारण यह था कि ग्राम पंचायत एक खड़ंजा बनवा रही थी जबकि इसी जमीन पर मुन्ना अपनी दीवार बनवा रहे थे। इस बात को लेकर दूबर के भतीजे जब्बार ने विरोध करते हुए यह दीवार गिरा दी। जिसपर दोनों पक्षों में हाथा पाई हुई थी और मामला कोतवाली तक पहुंचा। इस मामले में पुलिस ने जब्बार के विरुद्ध दीवार गिराने के मामले की रिपोर्ट दर्ज की थी। इसी बात की रंजिश को लेकर विपक्षियों ने गौसापुर पुल के पास गाड़ा लगाया। और जैसे ही बाईक पर तीनों लोग वहां से निकले, किनारे खड़ी कार को स्टार्ट कर बाइक पर सवार तीनों लोगों को कुचल दिया गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए और आरोपियों के कई रिश्तेदारों को भी कोतवाली उठा लाई। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने एक नामजद को गिरफ्तार कर लिया है जबकि शेष फरार व्यक्तियों की तलाश की जा रही हैं।

## वीसीपीएम अभियान का नगर विकास राज्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

# 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को पिलाएं विटामिन ए की खुराक: राकेश

संवाददाता। खैराबाद सीतापुर

**सामुदायिक स्वास्थ्य** केंद्र खैराबाद वीसीपीएम अभियान का शुभारंभ/उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर गुरु द्वारा किया गया। इस अवसर पर 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक मंत्री द्वारा पिलाई गई उद्घाटन समारोह में मंत्री द्वारा फीता काटकर 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को तथा विटामिन ए की खुराक के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मधु गौरेला, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के सिंह, डॉ कमलेश चंद्र ,चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमाशंकर यादव, डॉक्टर अनिल कुमार पंकज, विश्व स्वास्थ संगठन की सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अपूर्व चौहान, यूएनडीपी के राजेश सिंह, यूनिसेफके नीतेश श्रीवास्तव, कोर के डी एम सी सुयोग्य श्रीवास्तव, अवध बिहारी मिश्रा, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अजितेश शुक्ला बीसीपीएम ,बीपीएम आदि उपस्थित रहे। तथा अस्पताल परिसर में आए हुए सभी को विटामिन ए के लाभ के फायदे बताएं, वहीं अस्पताल परिसर में साफसफाई आदि की व्यवस्था देख कर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर ने चिकित्सा अधीक्षक रमाशंकर यादव की तारीफ की।

## राकेश राठौर गुरू ने किया मोहल्लों का निरीक्षण

**सीतापुर।** सदर विधायक/नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने मोहल्ला पूर्णागिरि व खूबपुर का निरीक्षण किया। बरसात में यह मोहल्ले हो जाते हैं पूरी तरह जलमग्न, जिसकी शिकायत मोहल्ले वासियों ने सदर विधाय/ नगर विकास मंत्री राकेश राठौर से की थी, नगर विकास मंत्री ने गुरूवार को इन मोहल्लों का निरीक्षण कर मोहल्ले वासियों से की मुलाकात, मोहल्ले वासियों को जल्द ही समस्या से निजात दिलाने का दिया आश्वासन, कहा जल्द ही बनेगी आप की सड़कें, पूर्णागिरि मोहल्ले वासियों ने कहा कि यह मोहल्ला नहीं आता है नगरपालिका में जिसके बाद मंत्री राकेश राठौर ने कहा हमारी विधानसभा में तो आता है यह मोहल्ला, आप सभी भाजपा का चुने चेयरमैन जब सरकार रहेगी भाजपा की, चेयरमैन रहेगा भाजपा का तभी हो सकेगा विकास, हम तो दर्द जानते हैं दर्द है तो नगरपालिका बदलिए, बदलिए चेयरमैन।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने ताज़िया मार्गों का किया निरीक्षण, गश्त हुई

**संडीला( हरदोई )।** मोहर्रम के मद्दे नज़र निकलने वाले अलम और ताजिये के जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं पुलिय अधिकारियों ने विभिन्न मार्गों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक शिल्पा कुमारी, प्रभारी निरीक्षक दिलेश



ताजिया निकलने के मार्गों का निरीक्षण करते पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी

कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी रुद्र प्रताप सिंह तथा कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी बालेन्द्र कुमार मिश्र ने अन्य विभागीय कर्मियों के साथ माहर्रम के दौरान ताजिया निकलने वाले मार्गों एवं कर्बला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दरगाह हजरत अब्बास मंगल बाजार से निकलने वाले स्व0 चौधरी मो0 दायम उर्फ कल्लू चौधरी के ताज़िये के मार्ग शोरा कोठी, पुरानी स्टेट बैंक गली, नत्था मिष्ठान तिराहे से सदर मार्ग होते हुए पुलिस चौकी कस्बा से गुदड़ी बाजार होकर दरगाह रोड से छोटा चौराहा तथा वहां से इमाम चौक मलकाना तक जाने वाले मार्ग पर विद्युत, डिशटीवी आदि के तारों की ऊचाई को सही कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ ताजिये निकलने के रास्तों पर बने गडढों को भरने के लिए अधिशासी अधिकरी को निर्देशित किया गया। इसके अलावा मोहर्रम के दौरान ना केवल ताजिये के जुलूसों के रास्तों बल्कि नगर में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। पुलिस एवं प्रशासंन की टीम ने कब्रिस्तान कर्बला का भी निरीक्षण किया और वहां भी सारी व्यवस्थाएं सुचारू बनाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए गए।

# अधिक जलभराव होने से ग्रामीण मुश्किल में



**ढखेरवा-खीरी।** विकास खंड रमियाबेहड़ की आने वाली ग्राम पंचायत हौकना मटेरा का मामला है जहां पर जनता का कहना है कि हमारे गांव में अधिक जलभराव होने से काफी समस्या हो रही है। आए दिन उसी कीचड़ से निकलना पड़ता है। वहीं गांव के निवासी तिरजूगी यादव, मनोज वर्मा, रंजीत यादव व अवधेश यादव का कहना है कि हमने कई बार ग्राम प्रधान विधायक 141 विधानसभा धौरहरा से भी कहा है लेकिन सड़क जैसे की तैसी ही है। वहीं गांव वालों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी का मार्ग जो हाईवे रमिया बेहड़ से होते हुए ग्राम पंचायत हौकना मटेरा व लहबड़ी से सीधे धौरहरा हाईवे में जा करके मिलता है। वहीं एक रास्ता जो गांव के अंदर जाता है उसी रास्ते पर अधिक जलभराव से जनता परेशान है। जो पीडब्ल्यूडी है उसी साइड से विधायक व सांसद व प्रशासनिक अधिकारी का भी आना जाना रहता है लेकिन उसको देखने के बावजूद भी अनदेखा बना देते हैं। वहीं गांव वालों का कहना है कि जहां पर विधायक ने कहा था कि 45 दिनों में हम गायों का समाधान कर देंगे लेकिन अभी तक कुछ भी समाधान नहीं हुआ है। केवल वही जब ग्राम प्रधान से जानकारी ली गई तब उन्होंने बताया कि इस वक्त बजट न मिलने के कारण कार्य करवाने में हम असफल हैं। जब बजट आने लगेगा तब हम कार्य करवा देंगे।

# बाल तस्करी पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**● डीएम व आयोग सदस्य ने संयुक्त रुप से किया कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ**

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**आजादी का** अमृत महोत्सव के अन्तर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्लीए राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को कलेक्ट्रेट में बाल तस्करी से आजादी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का सफल संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने किया।

कार्यशाला का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य अनीता अग्रवाल, अपर जिला जज मोहन कुमार ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के रिसोर्ट पर्सन प्रशांत त्रिवेदी



व विजय जाधव की मौजूदगी में दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डीएम ने कहा कि शासन बाल तस्करी विषय पर बेहद गंभीर है। इसकी रोकथाम के लिए नित नए कदम उठा रही। आमजन में जागरूकता एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बाल तस्करी से आजादी मुहिम भी चल रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के सीमावर्ती जिलों में बाल तस्करी से निपटने के लिए जोखिम के दायरे में आने वाले बच्चोंए असुरक्षित बच्चों की पहचान करने और रोकथाम के लिए बुनियादी संकेतकों को लेकर प्रमुख हितधारकों को संवेदनशील बनाना है।

उप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य अनीता अग्रवाल ने बाल तस्करी से आजादी एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध विषय पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बाल तस्करी को रोकने हेतु विभिन्न प्रकार के प्रयास किये जा रहे। सरकार की ओर से बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, महिला तस्करी आदि समस्याओं पर रोक लगाई जा सके।

आज भी ऐसे बच्चे हैं जिन्हें मदद की आवश्यकता है। ऐसे बच्चों को चिन्हित कर सरकार की योजनाओं से जोड़ने की आवश्यकता है। अपर जिला जज मोहन कुमार ने भी कार्यशाला में अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

कार्यशाला में एडीजे मोहन कुमार, डिप्टी कलेक्टर विधेश, एडीआईओ नरेंद्र कुमार, सीडब्ल्यूसी के मेंबर सुरेंद्र पाल सिंह, राम चरण सिंह, रचना सरवही, सुमन सिंह, सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला शक्ति केंद्र, वन स्टाप सेण्टर, समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी, चाइल्ड लाइन सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग के तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त



**लखीमपुर-खीरी।** आप लोगों का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। आप के सेवाकाल के दौरान दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। यह बात मंगलवार शाम को स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त हुए तीन कर्मचारियों के विदाई समारोह के मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् अरुणेंद्र त्रिपाठी ने कहीं। उन्होंने कहा कि नौकरी में सेवानिवृत्त होना एक शाशकीय प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने कार्यकाल में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस मौके पर सीएमओ ने रिटायर्ड हुए प्रशासनिक अधिकारी एसपी सिंहए प्रधान सहायक कुलदीप मिश्रा व लिपिक कमल सक्सेना को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में एसीएमओ डा. अश्वनी कुमार, एसीएमओ डा. बीसी पंत, एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डा. लालजी पासी, डा. राकेश गुप्ता, प्रधान सहायक अवधेश वर्मा, स्टेनो कर्तिकेय मिश्रा, सौरभ शुक्ला, संजय गुप्ता, विजय वर्मा, परमानंद वर्मा, महंत सिंह, दीपक प्रशांत शुक्ला, अनिल कुमार यादव, सतपाल सिंह, देवनंदन श्रीवास्तव, रामकुमार, राणा बाबू, अतुल पटेल, अनुज श्रीवास्तव व संतोष आनंद आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## ईडी का...

से यही किया है जो रहस्यमई है...। उन्होंने 24 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर का एक वीडियो भी साझा किया जिसमें कई पुलिसकर्मी नजर आ रहे हैं।

## कांग्रेसियों ने...

हाल ही में लोगों से अपने सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल तस्वीर के रूप में तिरंगा लगाने का आह्वान किया था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाथ में तिरंगा लिए नेहरू की तस्वीर वाली डीपी लगाने के बाद ट्वीट किया कि देश की शान है हमारा तिरंगा, हर हिंदुस्तानी के दिल में है, हमारा तिरंगा। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने इसी तस्वीर की डीपी लगाई और कहा, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भी डीपी के तौर पर यही तस्वीर लगाई गई है। पार्टी ने कहा, तिरंगा हमारे दिल में है, लहू बनकर हमारी रगों में है। 31 दिसंबर, 1929 को पंडित नेहरू ने रावी नदी के तट पर तिरंगा फहराते हुए कहा था, अब तिरंगा फहरा दिया है, ये झुकना नहीं चाहिए। आइए हम सब देश की अखंड एकता का संदेश देने वाले इस तिरंगे को अपनी पहचान बनाएं। जय हिंद! कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी इसी तस्वीर को बतौर डीपी लगाया है। उन्होंने कहा, लगता है प्रधानमंत्री का संदेश उनके परिवार तक ही नहीं पहुंचा। जिन्होंने 52 वर्षों तक नागपुर में अपने मुख्यालय में झंडा नहीं फहराया, वे क्या प्रधानमंत्री की बात मानेंगे। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने आरएसएस और इसके प्रमुख मोहन भागवत के ट्विटर प्रोफाइल के स्क्रीन शॉट साझा करते हुए कहा, संघ वालों, अब तो तिरंगे को अपना लो। उधर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने सोशल मीडिया खातों पर तिरंगे की तस्वीर नहीं लगाने के लिए हो रही आलोचना का बुधवार को जवाब दिया। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा, ऐसी चीजों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।

## कांग्रेस राजनीति...

सोचना चाहिए और अपने नेताओं को तिरंगे के साथ अपनी तस्वीर लगाने की अनुमति देनी चाहिए। भाजपा ने कहा कि इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में लोगों से अपने सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल तस्वीर के रूप में तिरंगा लगाने का आह्वान किया था। इसके बाद भाजपा के कई नेताओं ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल तस्वीर में तिरंगा लगाया था लेकिन राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा समेत पार्टी के कई नेताओं ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर जवाहरलाल नेहरू की हाथ में तिरंगा लिए तस्वीर डीपी के तौर पर लगाई। इस बारे में पूछे जाने पर भजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, कोई बात नहीं है। कम से कम तिरंगा तो है। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, हर मुद्दे पर वंशवाद की राजनीति नहीं होनी चाहिए...उन्होंने तिरंगे के साथ अपने नेता की तस्वीर लगाई है जो देश के पहले प्रधानमंत्री थे। तिरंगा गरीब का भी है और 135 करोड़ भारतीयों का भी है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कोई भी अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल में तिरंगा लगा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार तो शुरु से ही राजनीति में है। भाजपा प्रवक्ता ने अन्य राजनीतिक दलों से भी इस अभियान में शामिल होने की अपील की।

## महबूबा के...

जम्मू-कश्मीर का झंडा दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को प्रसारित अपने मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि आजादी का अमृत महोत्सव जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने लोगों से दो से 15 अगस्त तक अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी पर तिरंगा लगाने का अनुरोध किया था। महबूबा ने नई डीपी लगाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर से उसका झंडा भले ही छीन लिया गया हो, लेकिन इसे लोगों की सामूहिक चेतना से नहीं मिटाया जा सकता। महबूबा के ट्विटर अकाउंट पर लगी तस्वीर नवंबर 2015 में हुई एक रैली की है, जिसे प्रधानमंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान संबोधित किया था। उस समय मुफ्ती मोहम्मद सईद तत्कालीन राज्य जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री थे। महबूबा ने ट्वीट किया, मैंने अपनी डीपी बदल डाली, क्योंकि झंडा खुशी और गर्व का प्रतीक है। हमारे राज्य के ध्वज को भारतीय ध्वज से जोड़ा गया था, जिसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। इस जुड़ाव को खत्म करके इसे छीन लिया गया। आपने भले ही हमसे हमारा झंडा छीन लिया हो, लेकिन इसे हमारी सामूहिक चेतना से नहीं मिटाया जा सकता। गौरतलब है कि पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करके जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा वापस ले लिया गया था। जिसके बाद जम्मू-कश्मीर का झंडा अमान्य हो गया था।

## मुफ्त चुनावी...

नहीं करेगा कि उसकी दाहिनी जेब को जो कुछ मिल रहा है उसे बाद में उसकी बाईं जेब से निकाल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को न केवल लोकतंत्र की रक्षा के लिए, बल्कि देश के आर्थिक अस्तित्व की रक्षा के लिए भी मुफ्त उपहार संस्कृति को फलने-फूलने से रोकना चाहिए। हालांकि, आयोग के वकील ने कहा कि शीर्ष अदालत के फैसले इस पर बाध्यकारी हैं और इसलिए वह मुफ्त उपहार के मुद्दे पर कार्वाई नहीं कर सकता है। शीर्ष अदालत ने वकील अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका की आगे की सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार की तारीख मुकर्र की और कहा कि सभी हितधारकों को इस मुद्दे पर सोचना चाहिए और सुझाव देना चाहिए, ताकि यह गंभीर मामले से निपटने के लिए एक निकाय का गठन कर सके।

## ममता कैबिनेट...

(स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। मंत्रियों को विभागों की घोषणा बाद में की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बनर्जी के अलावा कैबिनेट मंत्री भी मौजूद रहे। पिछले साल तीसरी बार राज्य की सत्ता में आने के बाद मंत्रिपरिषद में पहला फेरबदल ऐसे समय में किया गया, जब स्कूल भर्ती घोटाला मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद पार्टी संकट का सामना कर रही है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने सोमवार को पार्टी में व्यापक फेरबदल किया था। उन्होंने कहा था कि मंत्रिपरिषद में चार-पांच नए चेहरों को शामिल किया जाएगा जबकि इतने ही मंत्रियों को पार्टी संगठन में भेजा जाएगा। तृणमूल कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, मंत्रिपरिषद में आठ नए चेहरों को शामिल करने और चार अन्य को हटाए जाने की संभावना के मद्देनजर 2011 में राज्य में पहली बार पार्टी के सत्ता में आने के बाद से यह सबसे बड़ा फेरबदल है। फेरबदल में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की छाप साफ दिखी क्योंकि शपथ लेने वालों में से ज्यादातर उनके करीबी माने जाते हैं। सुप्रियो वर्तमान में कोलकाता के बालीगंज विधानसभा सीट से विधायक हैं। तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने से पहले सुप्रियो भाजपा नीत केंद्र सरकार में मंत्री रहे थे। सुप्रियो के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने में अभिषेक बनर्जी की अहम भूमिका रही थी।

## बिना नोटिस...

याचिकाकर्ता स्लम यूनियन ने आरोप लगाया था कि डीडीए के अधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के पुलिस के साथ इलाके में पहुंचे और करीब 300 झुग्गियों को तोड़ दिया। डीडीए ने अपने हलफनामे में कहा कि अदालत ने यह कहते हुए स्थगना आदेश दिया था कि यमुना नदी से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र में अतिक्रमण की हटाया गया था। प्राधिकरण ने कहा कि उनका मकसद यमुना के बाढ़ क्षेत्रों में पारिस्थितिकी को बनाए रखने के उद्देश्य से विध्वंस अभियान चलाने का था और यह अभियान डीडीए की यथास्थिति बहाल करने की योजना के अनुरूप था। डीडीए ने कहा कि याचिकाकर्ता संघ यमुना के बाढ़ के मैदानों में अपशिष्ट पदार्थों के पृथक्करण की व्यावसायिक गतिविधि कर रहा था जो यमुना की पारिस्थितिकी और आकृति विज्ञान के लिए हानिकारक था, जो निषिद्ध है।

## ग्रेनो के...

मैच के लिए क्रिकेट ग्राउंड की बुकिंग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जाकर कराई जा सकती है। बैठक में सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने सभी खेल सुविधाओं को एक-एक करके शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए।

## चीन के...

साथ ताइवान पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी कांग्रेस के भारतीय मूल के सदस्य राजा कृष्णमूर्ति भी शामिल थे जो खुफिया मामलों पर सदन की स्थाई प्रवर समिति के सदस्य हैं। वह ताइवान की अपनी सफल यात्रा के बाद बुधवार को ताइपे से रवाना हो गईं। पेलोसी ने ताइवानी राष्ट्रपति त्साई के साथ एक बैठक के दौरान कहा कि आज दुनिया लोकतंत्र और निरंकुशता के बीच एक विकल्प का सामना कर रही है।

# भारत सड़कों के मामले में अमेरिका के बराबर होगा: गडकरी

**● वर्ष 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेस-वे बनेंगे: मंत्री**

**भाषा।** नई दिल्ली



**सड़क परिवहन** एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि वर्ष 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेसवे तैयार हो जाएंगे और भारत सड़कों के मामले में अमेरिका के बराबर होगा। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि आने वाले दिनों में टोल शुल्क वसूलने के लिए प्रोद्यौगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक टोल नहीं देने पर सजा का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल के संबंध में एक विधेयक लाने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि टोल वसूलने के लिए दो विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। उनके मुताबिक पहला विकल्प कारों में जीपीएस प्रणाली लगाने से संबंधित है जबकि दूसरा विकल्प आधुनिक नंबर प्लेट से संबंधित है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से नए नंबर प्लेट पर जोर दिया जा रहा है। गडकरी ने कहा कि अगले एक महीने में कोई एक विकल्प चुन लिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने पर टोल बूथ पर कोई भीड़ नहीं होगी और यातायात भी प्रभावित नहीं होगा।

## मैं भारत में एक्सप्रेस-वे टोल का जनक हूं

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि वह देश में एक्सप्रेसवे पर पथ कर के जनक हैं क्योंकि उन्होंने ही 1990 के दशक में इस तरह की पहली सड़क बनाई थी, जब वह महाराष्ट्र में मंत्री थे। गडकरी ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान टोल से जुड़े पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह टिप्पणी की। सदस्यों ने शहर की सीमा के भीतर एक्सप्रेसवे पर टोल बूथ स्थापित करने पर चिंता जताते हुए कहा था कि इस वजह से स्थानीय लोगों को शहर के भीतर यात्रा करने पर भी टोल का भुगतान करना पड़ता है। उन्होंने सदस्यों को आश्वासन दिया कि इस समस्या को दूर किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि समस्या पिछली संप्रग सरकार के दौरान उत्पन्न हुई थी। गडकरी ने कहा, सौभाग्य से या दुर्भाग्य से, मैं इस टोल का जनक हूं क्योंकि देश में पहली बार मैंने टोल प्रणाली शुरु की थी और महाराष्ट्र के ठाणे में बीओटी (निर्माण-संचालन-हस्तांतरण) की पहली परियोजना कार्यान्वित हुई थी। गडकरी 1995 से 1999 के बीच महाराष्ट्र सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे और उनके कार्यकाल के दौरान अपनी तरह की पहली मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे परियोजना लागू की गई थी।

गडकरी राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेसवे शुरू कर दिए जाएंगे, जिससे सड़क के मामले में भारत अमेरिका के बराबर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नई सड़कों के बन जाने से कई शहरों के बीच की दूरी कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी अगर कोई व्यक्ति टोल रोड पर 10 किलोमीटर की दूरी भी तय करता है तो उसे 75 किलोमीटर का शुल्क देना पड़ता है लेकिन नई व्यवस्था में उतनी दूरी का ही शुल्क लिया जाएगा जितनी दूरी तय की गई होगी। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) वित्तीय संकट से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएचएआई की हालत बिल्कुल ठीक है और उसके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दो बैंकों ने कम दर पर ऋण देने की पेशकश की।



नई दिल्ली के इंडिया गेट से तिरंगा बाइक रैली निकालते केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और अन्य

# संसदीय समिति ने भारतवंशी समुदाय पर कोई नीति नहीं होने को लेकर सरकार की आलोचना की

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने विदेशों में भारतीय मूल के लोगों को जोड़ने के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं होने को लेकर बुधवार को सरकार की आलोचना की और इस लिहाज से एक दस्तावेज लाने की सिफारिश की। विदेश मंत्रालय संबंधी समिति ने भारतवंशियों पर कोई प्रामाणिक डाटाबेस नहीं होने को लेकर भी सरकार से अप्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि विदेशों में भारतीय मिशनों को समुदाय के साथ निकट संपर्क बनाने में और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

संसद में बुधवार को प्रस्तुत अपनी 15वीं रिपोर्ट में समिति ने कहा कि विदेशों में भारतवंशी समुदाय के लोगों में 1.8 करोड़ भारतीय मूल के लोग (पीआईओ) और 1.3 करोड़ अनिवासी भारतीय (एनआरआई) हैं जो दुनियाभर में विदेशों में बसा सबसे बड़ा समुदाय है तथा सरकार को इस समुदाय के साथ प्रभावी तरीके से साझेदारी बनानी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद पी पी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा कि वह हैरान है कि सरकार ने अभी तक भारतीय मूल के लोगों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बनाई है जबकि वे अपने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, समिति चाहती है कि (विदेश) मंत्रालय को विदेशों में भारतीय मूल के लोगों पर एक नीतिगत दस्तावेज लाना चाहिए जो उनके साथ गहन साझेदारी के लिए दिशानिर्देशक सिद्धांत के रूप में काम करे। समिति ने यूक्रेन और चीन में चिकित्सा तथा अन्य पाठ्यक्रमों में पढ़ाई कर रहे हजारों भारतीय छात्रों की दशा पर भी गहरी चिंता जताई जो इन देशों में लौट नहीं पा रहे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने एएफएमएस की वित्तीय शक्तियां बढ़ाईं

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं (एएफएमएस) की वित्तीय शक्तियां बुधवार को बढ़ा दीं। एएफएमएस देशभर में सैन्यकर्मियों, सेवानिवृत सैन्यकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए कई अस्पतालों का संचालन कर रही है। रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है, वित्तीय शक्तियों में वृद्धि का उद्देश्य अस्पतालों में सक्षम वित्त प्रशासन एवं उसके नीचे के संबंधित प्रशासन को अत्यावश्यक संचालन संबंधी जरूरतों तथा जरूरी चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रभावी तरीके से चिकित्सा स्टोर में चीजों की खरीद का अधिकार प्रदान करना है। उसने कहा कि इन शक्तियों से कारोबार सुगमता को प्रोत्साहन मिलेगा तथा सभी स्तरों पर त्वरित निर्णय लिए जा सकेंगे। बयान में कहा गया है, राजनाथ सिंह ने एएफएमएस की वित्तीय शक्तियां बढ़ाते हुए चिकित्सा अधिकार अनुसूचियां 2022 (एमएसपी-2022) से संबंधित आदेश को मंजूरी दी।

# संसद ने राष्ट्रीय डोपिंग-रोधी विधेयक को मंजूरी प्रदान की

**नई दिल्ली।** संसद ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी और राष्ट्रीय डोप जांच प्रयोगशाला के कामकाज को कानूनी स्वरूप प्रदान करने संबंधी राष्ट्रीय डोपिंग-रोधी विधेयक, 2022 को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। राज्यसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि विधेयक के कानून बनने से न सिर्फ खेल और खिलाड़ियों को मदद मिलेगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी बल मिलेगा। इसके साथ ही भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो जाएगा जहां अपना कानून और अपनी एजेंसी है। अमेरिका सहित कुछ देशों में डोप जांच को लेकर पहले से ही व्यवस्था है। अब भारत भी इसमें शामिल हो जाएगा और भारत की साख बढ़ेगी।

खेल मंत्री ने कहा कि अभी भारत की क्षमता हर साल छह हजार नमूनों की जांच करने की है जो पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि जब हम किसी बड़ी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं, तब एक महीने में 10 हजार से अधिक नमूनों की जांच की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में एक प्रयोगशाला से काम नहीं चलेगा और इनकी संख्या बढ़ाने की जरूरत है। एक प्रयोगशाला की स्थापना पर करीब 100 करोड़ रूपए का खर्च आता है क्योंकि प्रयोगशाला में प्रयुक्त होने वाली मशीनों की कीमत भी करोड़ों रूपए है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही वैज्ञानिकों और अन्य कर्मियों की भी जरूरत होगी।

ठाकुर ने कहा कि खेल और खिलाड़ी मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। इसके कानून बनने से खिलाड़ियों के नमूने बाहर भेजने की जरूरत नहीं होगी और इससे जांच पर आने वाली लागत में भी कमी आएगी। इसके साथ ही हम भविष्य में अन्य देशों के नमूनों की भी किफायती दर पर जांच कर सकेंगे और भारत विश्व में इस मामले में एक हब के रूप में उभर सकेगा। उनके जवाब के बाद राज्यसभा ने राष्ट्रीय डोपिंग-रोधी विधेयक, 2021 को ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। ठाकुर ने कहा कि यह विधेयक पिछले वर्ष लोकसभा में पेश किया गया था और उसे संसद की स्थाई समिति के पास भेजा गया। स्थाई समिति के ज्यादातर सुझावों को विधेयक में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को लेकर व्यापक चर्चा की गई और कई देशों के कानूनों पर भी विचार किया गया। मंत्री ने कहा कि प्रदर्शन बेहतर बनाने वाले पूरक आहार पर भी नजर रखी जाएगी और नेशनल फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला एक प्रयोगशाला बनाएगी। सरकार का प्रयास डोपिंग को लेकर जागरूकता फैलाने का भी है और इसमें एथलीटों को भी शामिल किया जाएगा।

खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार के विभिन्न कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि 400 कोच की नियुक्ति की गई है और पूर्व खिलाड़ियों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया गया है। पिछले कुछ साल में खेलों के बजट में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। खेल राज्य का विषय है और राज्य अपने स्तर पर खिलाड़ियों को आजीविका मुहैया कराने का प्रयास करते हैं। भारत ने खेल में डोपिंग के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) संबंधी अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किया था और नवंबर 2007 में इसका अनुमोदन किया था। इसके आलोक में भारत सरकार ने 2008 में राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की और इसके अधीन 2009 में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अभिकरण ने भारत की प्रतिबद्धता को पूरा किया। विधेयक का मकसद, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अभिकरण एवं इससे संबंधित परीक्षण प्रयोगशालाओं के संचालन को कानूनी स्वरूप प्रदान करना है। राष्ट्रीय डोपिंग-रोधी विधेयक, 2021 में अन्य बातों के साथ खेल में डोपिंग रोधी कार्य के लिए एक राष्ट्रीय बोर्ड की स्थापना की बात कही गई है तथा इसमें संरचना, शक्तियों एवं कार्यों का ब्यौरा दिया गया है। इसमें अनुशासन की प्रक्रियाओं को अंगीकृत करने, नमूने, निरीक्षण, संग्रहण एवं सूचना के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करने की बात कही गई है। इसमें डोप परीक्षण प्रयोगशालाओं की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य भारत में खेलों को डोप मुक्त बनाने के लिए खेलों में डोपिंग नियंत्रण कार्यक्रम चलाने के लिहाज से रूपरेखा एवं तंत्र को प्रोत्साहित करना है।

## मवेशी तस्करी घोटाले में टीएमसी नेताओं के आवासों पर सीबीआई के छापे

**कोलकाता।** सीबीआई ने कथित मवेशी तस्करी घोटाला मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में 13 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। सीबीआई के दलों ने इलमबाज़ार और नानूर इलाके में स्थित मोहम्मद नजीबुद्दीन उर्फ तुलु मंडल, अब्दुल करीम खान और जियाउला हक शेख उर्फ मुक्तो समेत टीएमसी के स्थानीय नेताओं के आवासों पर छापेमारी की। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने टीएमसी के बीरभूम अध्यक्ष अनुब्रत मंडल के सहयोगी एवं पत्थर कारोबारी टुलु मंडल के आवास पर भी छापेमारी की। करीम खान काफी समय से फरार हैं और उनका मोबाइल नंबर भी पहुंच से बाहर है। मंडल इससे पहले दो बार सीबीआई के समक्ष पेश हुए थे। जांच के तहत उनके निजी अंगरक्षक को भी गिरफ्तार किया गया है। 17 लाख रुपए नकद, 10 मोबाइल फोन सहित विद्युत उपकरण, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क के अलावा कई आपत्तिजनक दस्तावेज और लॉकर की चाबी बरामद की गई है।

## राहुल गांधी ने कर्नाटक में लिंगायत संप्रदाय की दीक्षा ली

**चित्रदुर्ग ( कर्नाटक )।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को यहां जिला मुख्यालय स्थित मुरुगा मठ के महंत से लिंगायत संप्रदाय की दीक्षा ली। इस मौके पर कांग्रेस के कई नेता भी मौजूद रहे। विभिन्न मठों के महंतों से परामर्श लेने के बाद मुरुगा मठ के महंत शिवमूर्ति मुरुगा शरण ने राहुल गांधी को लिंगायत संप्रदाय की दीक्षा दी। बाद में राहुल गांधी ने ट्वीट किया, यह सम्मान की बात है कि श्री जगदगुरु मुरुगाराजेंद्र विद्यापीठ का दौरा किया और डॉ.श्री शिवमूर्ति मुरुगा शरणारु से ईस्टलिंग दीक्षा ली। प्रभावशाली लिंगायत संप्रदाय की स्थापना 12वीं सदी के समाज सुधारक और कवि बसावेश्वरा ने की जिनके बड़ी संख्या में अनुयाई कर्नाटक और उससे सटे पड़ोसी राज्यों जैसे महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के इलाकों में हैं। कर्नाटक के मौजूदा मुख्यमंत्री बसावराज बोम्मई और उनके पूर्ववर्ती बी.एस.एदियुरप्पा भी इसी संप्रदाय से ताल्लुक रखते हैं। इस संप्रदाय का विशेष तौर पर उत्तरी कर्नाटक में प्रभुत्व है।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करते हुए वायुसेना अध्यक्ष वीआर चौधरी

# उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षित श्रेणी के रिक्त पदों को विशेष अभियान चलाकर भरा जाएगा: प्रधान

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री** धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि सरकार उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित श्रेणी के खाली पदों को विशेष अभियान चलाकर भरेगी। केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, 2022 पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए प्रधान ने यह भी कहा कि इस विषय पर भी बहस होनी चाहिए कि किस सरकार के समय इन श्रेणियों में कितनी भर्तियां हुई हैं।

विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए कुछ सदस्यों ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों समेत उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षित श्रेणी के पद खाली होने का उल्लेख किया था। प्रधान ने कहा, कई विश्वविद्यालयों में एसी, एसटी, ओबीसी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के आरक्षित श्रेणी के पद खाली होने की बात की गई है...यह विषय 2014 के पहले का विषय है। इस बारे में सोचना होगा। यह बहस होनी चाहिए कि किस सरकार के समय आरक्षण की श्रेणी में कितनी भर्तियां की गईं। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में पहली बार यह कानून लाया गया कि उच्च शिक्षण संस्थानों में रोस्टर में जो पद हैं उन्हें व्यवस्था के अनुसार भरना होगा।

प्रधान ने कहा, मोदी सरकार मिशन मोड पर इन पदों (आरक्षित श्रेणी के) को भरने का काम कर रही है...सांसदों की चिंता वाजिब है। हम विशेष अभियान चलाकर इन पदों को भरने वाले हैं। उन्होंने एक-डेढ़ साल में इस रिक्तियों को भरने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि बुद्धि किसी एक विशेष वर्ग की होती है। अगर ऐसा होता तो एपीजे अब्दुल कलाम जी राष्ट्रपति नहीं बनते, नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं होते और द्रौपदी मुर्मू जी देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति नहीं होतीं।

मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, जिन्होंने गरीबी हटाओ का नारा देकर दशकों तक राज किया, वो आज कहां हैं। उन्होंने आज सदन का बहिष्कार किया है, जनता उनका लंबे समय तक बहिष्कार करने वाली है। बसपा सांसद संगीता आजाद ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रोफेसरों के एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षित पदों को भरा नहीं जा रहा है। उन्होंने सरकार से इस ओर ध्यान देने की मांग की थी। गौरतलब है कि संसद के मानसून सत्र के दौरान 18 जुलाई 2022 को लोकसभा में राजीव प्रताप रूडी के प्रश्न के लिखित उत्तर में शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार द्वारा रखे गए ब्यौरे के अनुसार, देश में केंद्रीय विश्वविद्यालयों में। अप्रैल 2022 की स्थिति के अनुसार शिक्षक संकाय के 6,549 पद रिक्त हैं जिनमें से अनुसूचित जाति श्रेणी में 988 पद, अनुसूचित जनजाति श्रेणी में 576 पद और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में ।,761 पद रिक्त हैं। शिक्षा राज्य मंत्री ने बताया था कि 4,807 पदों को भरने के लिए विज्ञापन दिया गया है और चयन प्रक्रिया चल रही है।

## चावल मिल के निदेशकों के खिलाफ 43.98 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी में मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब नेशनल बैंक से लिए गए 43.98 करोड़ रुपए के कर्ज की हेराफेरी करने के आरोप में शाहजहांपुर की एक चावल मिल के मौजूदा व पूर्व निदेशकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने चावल के कारोबार से जुड़ी कंपनी एटारसन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों रचिन गुप्ता और सुनील गुप्ता के अलावा पूर्व निदेशक सीमा गुप्ता, कॉर्पोरेट गारंटर मुकेश कुमार शर्मा और अजय कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी के सिलसिले में मामला दर्ज किया है। बैंक के साथ यह धोखाधड़ी एक अप्रैल 2015 से लेकर 31 मार्च 2019 के बीच हुई थी। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (जो अब पंजाब नेशनल बैंक है) ने 14 सितंबर, 2017 को 40 करोड़ रुपए की नकद कर्ज सीमा और 4.88 करोड़ रुपए की सावधि कर्ज जैसी ऋण सुविधाओं की मंजूरी प्रदान की थी। कंपनी के फोरेंसिक ऑडिट के दौरान यह पाया गया कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने 20 अक्टूबर 2018 को कंपनी के शाहजहांपुर और बरेली स्थित परिसरों में छापेमारी की थी। इसमें खुलासा हुआ कि खरीद और बिक्री की रसीदों में व्यापक अनियमितताएं थीं और कई फर्जी रसीदें भी मिली थीं।

# पानसरे हत्या मामले की जांच महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते को स्थानांतरित की गई

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कार्यकर्ता गोविंद पानसरे की हत्या के मामले की जांच बुधवार को महाराष्ट्र के आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) को स्थानांतरित कर दी। अब तक महाराष्ट्र के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का विशेष जांच दल (एसआईटी) मामले की जांच कर रहा था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते देरे और न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की खंडपीठ ने कहा कि वह पानसरे के परिवार द्वारा दाखिल आवेदन को स्वीकार करते हुए मामले की जांच एटीएस को स्थानांतरित करती है। पानसरे के परिवार के सदस्यों ने याचिका दाखिल कर विशेष दल से जांच कराने की अपील की थी, जिसके बाद बंबई उच्च न्यायालय के आदेश पर 2015 में एसआईटी का गठन किया गया था। पानसरे को 16 फरवरी, 2015 को कोल्हापुर में गोली मार दी गई थी और कुछ दिन बाद 20 फरवरी को उनकी मौत हो गई थी। मामले की जांच करने वाली सीआईडी ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। कार्यकर्ता के परिवार ने पिछले महीने उच्च न्यायालय में अर्जी दाखिल कर इस मामले की जांच एटीएस को स्थानांतरित करने की मांग की थी। उन्होंने दावा किया था कि एसआईटी अभी तक इस मामले में कोई सफलता हासिल नहीं कर पाई है।

एसआईटी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अशोक मुंदरगी ने अदालत से कहा कि यदि जांच एटीएस को सौंपी जाती है, तो एसआईटी को कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि वह भी राज्य सरकार की ही एजेंसी है। मुंदरगी ने कहा, हम इससे सहमति जताते हैं। एटीएस को मामला स्थानांतरित किया जा सकता है और एसआईटी के कुछ अधिकारी एटीएस की मदद कर सकते हैं। अदालत ने जब पूछा कि जांच का नेतृत्व कौन वरिष्ठ अधिकारी करेगा, तो मुंदरगी ने कहा कि अतिरिक्ति महानिदेशक एटीएस का वरिष्ठतम अधिकारी है और वह जांच की निगरानी करेगा। पानसरे के परिवार की ओर से पेश अधिवक्ता अभय नेवगी ने अदालत को बताया कि हत्या के मुख्य आरोपी और शूटर अब भी अज्ञात और फरार हैं। नेवगी ने कहा, एसआईटी के अनुसार, पानसरे की हत्या करने वालों की हिटलिस्ट में लगभग 40 और लोगों के नाम हैं। पानसरे, दिवंगत तर्कवादी नरेंद्र दाभोलकर व मेधा पाटकर के परिवार के सदस्य शामिल हैं। हम केवल मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी चाहते हैं। दाभोलकर और पानसरे हत्याकांड में गिरफ्तार तीन आरोपियों द्वारा दायर आवेदनों पर विचार करने से भी इनकार कर दिया, जिन्होंने इस स्तर पर जांच को किसी अन्य एजेंसी को स्थानांतरित करने का विरोध किया था। मुंदरगी और नेवगी दोनों ने यह कहते हुए आवेदन का विरोध किया कि आरोपियों का यह बताना सही नहीं है कि किस एजेंसी को मामले की जांच करनी चाहिए।

**एस बैंक-डीएचएफएल घोटाला**

## ईडी ने बिल्डर भोसले, छाबड़िया की 415 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** ने एस बैंक-दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) से संबंधित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में महाराष्ट्र के बिल्डर अविनाश भोंसले और संजय छाबड़िया की 415 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। दोनों बिल्डर को संघीय एजेंसी ने मामले की जांच के सिलसिले में जून में हिरासत में लिया था और अभी दोनों ही न्यायिक हिरासत में हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भोंसले की 164 करोड़ रुपए की संपत्ति, जबकि छाबड़िया की 251 करोड़ रुपए की संपत्ति को कुर्क करने के लिए मंगलवार को एक अस्थाई आदेश जारी किया था।

ईडी और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) इस मामले की जांच कर रही है। दोनों केंद्रीय एजेंसियों ने दो बिल्डर, एस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर और डीएचएफएल के प्रमोटर-निदेशक कपिल वधावन तथा धीरज वधावन के खिलाफ अलग-अलग मामला दर्ज किया है।

इस मामले में जहां दोनों वधावन को ईडी ने मई में गिरफ्तार किया था, जबकि कपूर को मार्च में गिरफ्तार किया गया था। ए दोनों भी अभी न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि राणा कपूर ने एस बैंक लिमिटेड के माध्यम से डीएचएफएल के अल्पकालिक गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर में 3,700 करोड़ रुपए और डीएचएफएल के मसाला बॉन्ड में 283 करोड़ रुपए का निवेश किया।

# पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी पांच अगस्त तक के लिए ईडी की हिरासत में भेजे गए

**भाषा।** कोलकाता

**कोलकाता** की एक विशेष अदालत ने एसएससी घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को तीन दिनों के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस विशेष अदालत से चटर्जी की चार दिनों की और मुखर्जी की भी तीन दिनों की हिरासत मांगी थी। ईडी ने मुखर्जी के आवास से गहनों एवं अन्य बेशकीमती सामान के अलावा करोड़ों रूपए नकद बरामद किए थे।

दोनों धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत आरोपों से जूझ रहे हैं। संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष पीएमएलए न्यायाधीश जीवन कुमार साधू ने दोनों आरोपियों की तीन दिनों की ईडी हिरासत मंजूर की। अदालत ने कहा कि दोनों को पांच अगस्त को फिर पेश किया जाए। जांच अधिकारी को ईडी हिरासत में रहने के दौरान हर 48 घंटे पर आरोपियों की चिकित्सा परीक्षा कराने का इंतजाम कराने का निर्देश दिया गया।

पूर्व मंत्री के वकील ने अपने मुवक्किल के लिए जमानत का अनुरोध किया जबकि मुखर्जी के वकील ने कहा कि उनकी मुवक्किल के लिए अब और ईडी हिरासत की जरूरत ही नहीं है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल एस वी राजू ने अदालत से कहा कि चटर्जी और मुखर्जी के संयुक्त स्वामित्व वाली कई कंपनियों एवं संपत्तियों का पता चला है और उन दोनों से इस संबंध में पूछताछ की जरूरत है। दोनों ही आरोपियों को आज विशेष अदालत में पेश किया गया था।

राजू ने दावा किया कि चटर्जी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं जबकि मुखर्जी का रवैया अपेक्षाकृत सहयोगपरक है। न्यायाधीश साधू ने हर आरोपी के वकीलों को पहले दिन ईडी अधिकारियों की मौजूदगी में अपने मुवक्किलों से परामर्श करने की अनुमति दी। चटर्जी को 23 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। उससे पहले उनकी सहयोगी मुखर्जी के अपार्टमेंट से करोड़ों रूपए नकद, सोना एवं संपत्ति के दस्तावेज मिले थे। अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल ने कहा कि मुखर्जी के दो फ्लैटों से 49.80 करोड़ रूपए नकद मिला है। उन्होंने दावा किया कि चटर्जी और मुखर्जी धनशोधन में लिप्त पाए गए क्योंकि वे सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के पदों पर अवैध रूप से भर्ती की आपराधिक साजिश में संलिप्त थे। स्कूल सेवा आयोग के भर्ती अभियान में कथित अनियमितताएं तब हुईं जब चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे।

# ताइवान को अकेला नहीं छोड़ेगा अमेरिकाः पेलोसी

एपी। ताइपे

**अमेरिका** की प्रतिनिधिसभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने बुधवार को कहा कि ताइवान की यात्रा पर पहुंचा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल यह संदेश दे रहा है कि अमेरिका स्वशासी द्वीप के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे नहीं हटेगा। चीन के विरोध के बावजूद पेलोसी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ताइवान में कई नेताओं के मुलाकात कर रहा है। ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन के साथ मुलाकात के बाद एक संक्षिप्त बयान में उन्होंने कहा, आज विश्व के सामने लोकतंत्र और निरंकुशता के बीच एक को चुनने की चुनौती है। ताइवान और दुनियाभर में सभी जगह लोकतंत्र की रक्षा करने को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता अडिग है। ताइवान को अपना क्षेत्र बताने और ताइवान के अधिकारियों की विदेशी सरकारों के साथ बातचीत का विरोध करने वाले चीन ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के मंगलवार रात ताइवान की राजधानी ताइपे पहुंचने के बाद द्वीप के चारों ओर कई सैन्य अभ्यासों की घोषणा की और कई कड़े बयान भी जारी किए। वहीं अमेरिका की प्रतिनिधिसभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा से खफा चीन ने अमेरिकी राजदूत को तलब कर मामले पर कड़ा विरोध व्यक्त किया है। चीन ने आगाह किया कि अमेरिका को उसकी गलतियों की कीमत चुकानी होगी। पेलोसी की यात्रा पर रोष व्यक्त करते हुए चीन ने ताइवान के हवाई क्षेत्र के पास कई चीनी लड़ाकू विमान उड़ाए और ताइवान जलडमरूमध्य में सैन्य अभ्यास किया। चीन के उप विदेश मंत्री शी फेंग ने चीन में अमेरिकी राजदूत निकोलस बर्न्स को मंगलवार देर रात तलब किया और पेलोसी की यात्रा पर कड़ा विरोध व्यक्त किया।


ताइपे में एक मुलाकात के दौरान नैन्सी पेलोसी व ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन

## चीन ने कड़ी जवाबी कार्रवाई की धमकी दी

**बीजिंग ( भाषा )।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइपे की सफल यात्रा के बाद चीन ने बुधवार को कहा कि वह एक-चीन नीति का उल्लंघन करने को लेकर अमेरिका और ताइवान के खिलाफ कठोर एवं प्रभावी जवाबी कदम उठाएगा। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हम वही करेंगे जो हमने कहा है। कृपया थोड़ा धैर्य रखें। पेलोसी की यात्रा के बाद चीन के प्रभाव को लेकर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि इसने अमेरिकी सदन की अध्यक्ष की यात्रा से पहले धमकी दी थी कि वह इसे नहीं होने देगा। वहीं नैंसी पेलोसी की ताइवान की सफल यात्रा के मद्देनजर चीन की सेना ने बुधवार को ताइवान के आसपास नौसैनिक-हवाई संयुक्त अभ्यास किए, जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह स्वशासित द्वीप की नाकाबंदी का प्रयास कर सकता है। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पूर्वी थिएटर कमांड ने कहा कि ताइवान के आसपास समुद्री एवं हवाई क्षेत्र में किए गए अभ्यास में नौसेना, वायु सेना, रॉकेट फोर्स और सामरिक सहायता बल समेत अन्य बल शामिल रहे।

## चीन, अमेरिका के सहयोगी दो खेमों में बंटे

**बीजिंग।** अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्ष नैसी पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर उन्हें अपने देश मे भरपूर समर्थन मिल रहा है। साथ ही दुनिया भर के कई लोकतांत्रिक देशों ने भी पेलोसी की यात्रा के प्रति समर्थन जताया है। इस बीच, चीन के सहयोगी देशों ने उसका समर्थन जताया है। चीन, ताइवान को अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। पेलोसी की यात्रा को लेकर चीन और अमेरिका के सहयोगियों के दो खेमों में बंट जाना बीजिंग के बढ़ते वैश्विक प्रभाव के साथ ही विश्व के उदार देशों की ओर से यात्रा के लिए आ रही सकारात्मक प्रतिक्रिया को भी दर्शाता है। हालांकि, राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने पेलोसी की यात्रा का खुलकर समर्थन नही किया है। बाइडन ने कहा है कि सेना महसूस करती है कि दोनों पक्षों के बीच बढ़ते तनाव के दौरान मौजूदा समय मे यह (यात्रा) एक अच्छा विचार नही था। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने बुधवार को पेलोसी की यात्रा के संबंध मे कोई टिप्पणी करने से इंकार किया। हालांकि, उन्होंने कहा, हम एक ऐसे दौर में जी रहे है, जहां हमारे क्षेत्र में रणनीतिक प्रतिस्पर्धा और तनाव मे इजाफा हुआ है तथा चीन ने क्षेत्र मे अधिक आक्रामक रुख अपनाया है। अल्बानीज ने कहा, लेकिन, ताइवान को लेकर हमारा रुख साफ है। हम यथास्थिति मे कोई बदलाव देखना नही चाहते और ताइवान क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए हम साझेदारो के साथ मिलकर कार्य करना जारी रखेंगे। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो भी पेलोसी की ताइवान यात्रा पर टिप्पणी करने से बचते नजर आए। हालांकि, 3उन्होंने समुद्री क्षेत्र मे चीन के योजनाबद्ध सैन्य अभ्यास को लेकर चिंता जताई, जिसमें जापान का विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र का हिस्सा भी शामिल है। मात्सुनो ने कहा, ताइवान जलडमरूमध्य की शांति और स्थिरता ना केवल जापान बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी अहम है। जापान का रुख यह है कि ताइवान से जुड़े मुद्दों का वार्ता के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से समाधान किया जाना चाहिए।

## चीन को रूस की मदद नहीं करनी चाहिए: जेलेंस्की

**कैनबरा।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय के छात्रों से कहा कि चीन को उनके देश के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद नहीं करनी चाहिए और कम से कम तटस्थ रहना चाहिए। जेलेंस्की ने बुधवार को कैनबरा में ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन चर्चा में 21 ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों को संबोधित किया। एक छात्र द्वारा चीन के रुख के बारे में पूछे जाने पर, जेलेंस्की ने कहा कि वह चाहेंगे कि बीजिंग, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया सहित उन देशों में शामिल हो, जिन्होंने फरवरी में शुरू हुए रूसी आक्रमण की निंदा की है। जेलेंस्की ने यूक्रेन के एक दुभाषिए की मदद से कहा, वर्तमान में, चीन संतुलन बना रहा है और वास्तव में तटस्थ रवैया अपना रहा है और मैं ईमानदारी से कहूंगा कि यह तटस्थता चीन के रूस के साथ शामिल होने से बेहतर है। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है कि चीन रूस की मदद नहीं करेगा। चीन ने यूक्रेन में रूस के युद्ध की आलोचना करने या यहां तक कि इसे एक आक्रमण के तौर पर उल्लेखित करने से इनकार कर दिया है।

# ऋषि सुनक ने इस्लामी चरमपंथ के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया

भाषा। लंदन

**ब्रिटिश** प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल भारतीय मूल के ऋषि सुनक ने बुधवार को वादा किया कि वह इस्लामी चरमपंथ के खिलाफ कड़ी कार्वाई करेंगे। उन्होंने इस्लामी चरमपंथ को ब्रिटेन के लिए सबसे बड़ा खतरा करार देते हुए कहा कि वह चरमपंथ की मौजूदा सरकारी परिभाषा को विस्तृत करेंगे और आंतकवाद रोधी कानूनों को और मजबूत करेंगे। पूर्व वित्त मंत्री 42 वर्षीय सुनक प्रधानमंत्री पद की दौड़ में अपनी प्रतिद्वंद्वी लिज ट्रस से अंतर पाटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने ब्रिटेन में चरमपंथ को बढ़ावा देने वाले संगठनों को नष्ट करने का भी संकल्प लिया। सुनक ने कहा कि वह इस्लामी चरमपंथ से निपटने के लिए सरकार के हथियार के तौर पर इस्तेमाल किए जा रहे व असफल हो रहे निषेधात्मक कार्यक्रम पर भी फिर से ध्यान केंद्रित करेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों का मत जीतने के लिए चल रहे अभियान के तहत उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के लिए हमारे देश और लोगों को सुरक्षित रखने से अधिक महत्वपूर्ण कोई कर्तव्य नहीं है। उन्होंने कहा, इस्लामी चरमपंथ से निपटने के लिए कोशिशों को दोगुना करना हो या हमारे देश में नफरत फैला रहे लोगों से निपटना हो, मैं इस कर्तव्य को पूरा करने के लिए जो कुछ भी जरूरी होगा, करूंगा। ब्रिटेन स्वतंत्रता, सहिष्णुता और विविधता का प्रकाशपुंज हैं। हम उन लोगों को कभी सफल नहीं होने देंगे जो हमारी जीवनशैली को कमतर या नष्ट करना चाहते हैं। रेडीफॉरऋषि अभियान की टीम ने ब्रिटेन को आतंकवाद से बचाने के लिए और इस्लामी चरमपंथ से निपटने के लिए विस्तृत महत्वकांक्षी योजना प्रस्तुत की है।



## हैकिंग की चेतावनी के बाद प्रधानमंत्री पद के चुनाव के लिए नियमों में बदलाव

**लंदन।** खुफिया अधिकारियों की साइबर हैकर द्वारा मतपत्रों को बदलने की चेतावनी के बाद ब्रिटेन में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी ने बुधवार को कहा कि उसने पार्टी के नए नेता और प्रधानमंत्री चुनने के लिए सदस्यों द्वारा किए जाने वाले मतदान की प्रक्रिया में बदलाव किया है। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री के पद के लिए पूर्व चांसलर एवं भारतीय मूल के ऋषि सुनक और विदेश मंत्री लिज ट्रस के बीच मुकाबला है। शुरुआत में योजना थी कि मतदान प्रक्रिया के दौरान सदस्य को डाक या ऑनलाइन माध्यम से मतदान की इजाजत होगी और उनका अगर मन बदलता है तो वे वैकल्पिक तरीके से पुराने मत को रद्द करने का विकल्प चुन सकेंगे। लेकिन नेशनल साइबर सिक्योरिटी सेंटर (एनसीएससी) की सलाह के बाद पार्टी मुख्यालय ने प्रक्रिया में बदलाव करने का फैसला किया जिससे प्रक्रिया में थोड़ी देरी हो सकती है। कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों को डाक मतपत्र ई-मेल के जरिए भेजने की प्रक्रिया सोमवार को शुरू होने वाली थी, लेकिन अब इसके कुछ दिन बाद शुरू होने की उम्मीद है जबकि मतपत्रों को वापस भेजने की अंतिम तारीख 11 अगस्त तय की गई है।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री की दौड़ में लिज ट्रस ने ऋषि सुनक पर बड़ी बढ़त बनाईः सर्वेक्षण

**लंदन।** ब्रिटेन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यो के बीच कराए गए नवीनतम सर्वेक्षण के बुधवार को आए नतीजों के मुताबिक प्रधानमंत्री पद की दौड़ मे विदेश मंत्री लिज ट्रस ने पूर्व चांसलर ऋषि सुनक पर व्यापक बढ़त बना ली है। कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य ही नए नेतृत्व के लिए होने वाले मतदान मे हिस्सा लेगे और निर्वाचित नेता मौजूदा प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का उत्तराधिकारी बनेगा। द टाइम्स के लिए यूगॉव ने गत पांच दिनो मे सर्वेक्षण किया और पाया कि ट्रस ने सुनक पर लगभग 38 प्रतिशत की बढ़त बना ली है। मौजूदा मंत्रिमंडल की सदस्य ट्रस का सर्वेक्षण में शामिल 69 प्रतिशत लोगो ने समर्थन किया जबकि सुनक के पक्ष मे 31 प्रतिशत लोग रहे। उल्लेखनीय है कि यूगॉव द्वारा ही 20 जुलाई को कराए गए सर्वेक्षण में ट्रस को जहां 62 प्रतिशत समर्थन मिला था, वही सुनक के पक्ष मे 38 प्रतिशत लोग दिखे थे। यूगॉव ने नवीनतम आंकड़ो के बारे मे कहा, प्रधानमंत्री पद की शुरुआती दौड़ में कंजर्वेटिव पार्टी के 21 प्रतिशत सदस्य तय नही कर पा रहे थे कि वे कैसे और किसके पक्ष मे मतदान करेंगे। यह आंकड़ा अब गिरकर 13 प्रतिशत रह गया है और इसका सबसे अधिक लाभ ट्रस को होता दिख रहा है। सर्वेक्षण के मुताबिक, ट्रस के पक्ष मे दिख रहे 83 प्रतिशत सदस्यो ने कहा कि वे उनका समर्थन करने का मन बना चुके है जबकि 17 प्रतिशत सदस्यों ने कहा कि वे अपना मन बदल सकते हैं। द टाइम्स के मुताबिक कंजर्वेटिव पर्टी के 60 प्रतिशत सदस्यो का कहना है कि वे ट्रस के पक्ष मे मतदान करेंगे जबकि 26 प्रतिशत ने सुनक का समर्थन किया। बाकी अभी तय नही कर पा रहे है किसका साथ दिया जाए। सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि ट्रस सभी आयुवर्ग और देश के विभिन्न हिस्सो में सुनक से आगे चल रही हैं। केवल एक श्रेणी मे ट्रस के मुकाबले सुनक को बढ़त मिली है और वह है पार्टी के उन सदस्यो का समर्थन जिन्होने 2016 मे ब्रिटेन के यूरोपीय संघ मे ही बने रहने का समर्थन किया था। हालांकि, यह विरोधाभास है कि सुनक ने ब्रेक्जिट (यूरोपीय संघ से अलग होने) का समर्थन किया था जबकि ट्रस संघ मे बने रहने के पक्ष मे थी।

## चीन में बालवाड़ी पर हमला, तीन की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी प्रांत जियांग्शी में एक व्यक्ति ने एक किंडरगार्टन (बालवाड़ी) पर हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी जबकि घटना में छह अन्य घायल हुए हैं। पुलिस घटना के बाद फरार आरोपी की तलाश कर रही है। संक्षिप्त बयान में पुलिस ने कहा कि संदिग्ध हमलावर की उम्र 48 साल है और उसका उपनाम लियु है। इसके अलावा सूबे के अंफू काउंटी में बुधवार सुबह हुए हमले की कोई जानकारी नहीं दी गई है। गौरतलब है कि चीन ने हाल के दिनों में समाज के प्रति द्वेष रखने वाले या मानसिक रोग से ग्रस्त लोगों द्वारा किए गए हमलों के मद्देनजर स्कूलों की सुरक्षा बढ़ाई गई है। चीन लोगों को निजी बंदूक रखने की अनुमति नहीं देता, इसलिए यहां अधिकतर हमले चाकू, घर में तैयार विस्फोटक या पेट्रोल बम से होते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री सुमित निगम पुत्र श्री सरूप नारायण निगम ने जे.के ब्लॉक के आबादी में स्थित बिना छत अधिकार के द्वितीय तल, एरिया परिमाप 405.00 वर्ग फीट, संपत्ति सं. 39-ए पर निर्मित, एरिया परिमाप 50 वर्ग गज (कुल एरिया 200 वर्ग गज में से) किला सं. 16, पंजीकृत जनरल पावर अटॉर्नी दिनांक 24.03.2004, दस्तावेज सं. 4933 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती अंजू मीना और बेगराज उक्त संपत्ति को श्री सुमित निगम पुत्र श्री सरूप नारायण निगम से पंजीकृत जनरल पावर अटॉर्नी दिनांक 24.03.2004, दस्तावेज सं. 4933 के माध्यम से फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ खरीद रहे हैं। अतः आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**Public Notice**
NOTICE is hereby given that Mr. Gaurav Goel acquired the Property Bearing No. KD-08, Situated at Kavi Nagar, Ghaziabad, UP from Bank of Baroda vide Sale Certificate dated 23.07.2021. Now, Mr. Gaurav Goel has agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi- 110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on Behalf of HDFC Bank. that Mr. Vikash Chhabra was owner of Entire Property with Roof/terrace rights, bearing No.1421, area measuring 160 sq.yds., situated at Dr. Mukherjee Nagar, Delhi, (the said property) by virtue of Relinquishment Deed dated 01.06.2016, Registration No. 6984, executed by Mr. Shyam Sunder Chhabra, Mrs. Shivani Arora, Mrs. Silky Chhabra, Further Mr. Vikash Chhabra executed a Gift Deed in favour of Mr. Shyam Sunder Chhabra for Second and Third Floor, vide Gift Deed dated 18.01.2018, and retained Ground & First Floor (said floor) of above property, now Mr. Vikas Chhabra is owner of Ground & First Floor (said floor) of above said property, has lost/misplaced SMC certificate stating legal heirs of late Mrs. Rita Chhabra, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

## एयरटेल अगस्त में शुरू करेगी 5जी सेवाएं

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने बुधवार को कहा कि उसने उपकरण विनिर्माता कंपनियों एरिक्सन, नोकिया और सैमसंग के साथ 5जी नेटवर्क समझौते किए हैं, जिसके तहत इस महीने उपकरणों की तैनाती शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि एयरटेल ने बीते दिनों 5जी स्पेक्ट्रम के लिए नीलामी में बोली लगाई थी। एयरटेल ने एरिक्सन और नोकिया के साथ संपर्क और अखिल भारतीय प्रबंधित सेवाओं के लिए अपने संबंधों का उल्लेख किया और कहा कि सैमसंग के साथ साझेदारी इस साल से शुरू होगी। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली कंपनी ने हाल ही में 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज़ बैंड में 19,867.8 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम हासिल किया था। हाल में संपन्न नीलामी में भारती एयरटेल ने 43,084 करोड़ रुपए का स्पेक्ट्रम हासिल किया था। कंपनी ने कहा कि वह भारत में 5जी क्रांति की शुरुआत करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। एयरटेल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गोपाल विट्टल ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एयरटेल अगस्त में 5जी सेवाएं शुरू करेगी।

## राजस्व विभाग बकाया कर की वसूली के लिए ठोस कार्ययोजना बनाए

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने राजस्व विभाग से 21 लाख करोड़ रुपए से अधिक के अनुमानित कर बकाया की वसूली को लेकर ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। वित्त पर संसद की स्थाई समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, कर बकाया के रूप में प्रत्यक्ष कर मद में 18.68 लाख करोड़ रुपए और अप्रत्यक्ष कर के अंतर्गत 2.95 लाख करोड़ रुपए का बकाया है। इसको देखते हुए ऐसा लगता है कि राजस्व विभाग कर बकाए के दुष्चक्र में फंस गया है। संसद में पेश रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने बकाया कर की वसूली के लिए विभिन्न विधाई और प्रशासनिक उपाय शुरू किए हैं। हालांकि, प्रत्यक्ष कर के मामले में 94 प्रतिशत बकाया कर ऐसी श्रेणी में हैं, जिसे वसूल करना कठिन है। जबकि अप्रत्यक्ष कर के मामले में 88 प्रतिशत बकाया ऐसी श्रेणी में है, जो संग्रह योग्य नहीं है।

# सरकार ने डीजल, एटीएफ के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती की, घरेलू कच्चे तेल पर शुल्क बढ़ाया

- डीजल के निर्यात पर कर 11 रुपए से घटाकर पांच रुपए किया
- पेट्रोल पर निर्यात शुल्क शून्य व एटीएफ पर खत्म

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने डीजल के निर्यात पर लगने वाला अप्रत्याशित लाभ कर घटा दिया और एटीएफ (विमान ईंधन) के निर्यात पर कर खत्म कर दिया है। हालांकि घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर शुल्क बढ़ा दिया गया है। मंगलवार शाम को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक, डीजल के निर्यात पर कर जहां 11 रुपए से घटाकर पांच रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है, वहीं एटीएफ पर इसे खत्म करने का फैसला लिया गया है। इसी तरह, पेट्रोल के निर्यात पर शून्य कर जारी रहेगा।

अधिसूचना के अनुसार, घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर कर 17,000 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 17,750 रुपए प्रति टन कर दिया गया है। यह कदम ओएनजीसी और वेदांता लिमिटेड जैसे उत्पादकों को प्रभावित कर सकता है। बीते कुछ हफ्तों में यह दूसरी बार है जब कर में कटौती की गई है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब भारत का व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। एक दिन पहले जारी आंकड़ों में पता चला था कि भारत का व्यापार घाटा जुलाई में बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। ऐसा जिंसों की उंची कीमतों और रुपए में कमजोरी की वजह से आयात महंगा होने से हुआ।

निर्यात की तुलना में अधिक आयात के कारण इस साल जुलाई में व्यापार घाटा तीन गुना होकर 31.02 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जून में यह 26.18 अरब डॉलर था। जुलाई 2022 में देश का आयात 43.59 प्रतिशत बढ़कर 66.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक साल पहले के इसी महीने में यह 46.15 अरब डॉलर था। वहीं, जुलाई 2022 में निर्यात सालाना आधार पर 0.76 प्रतिशत घटकर 35.24 अरब डॉलर रह गया। जुलाई 2021 में देश का वस्तु निर्यात 35.51 अरब डॉलर था। भारत ने पहली बार एक जुलाई को अप्रत्याशित कर लाभ लगाया था। इसी के साथ वह उन देशों में शामिल हो गया था, जो ऊर्जा कंपनियों के मुनाफे पर कर लगाते हैं। हालांकि, तब से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में गिरावट आने लगी है, जिससे तेल उत्पादकों और रिफाइनरी, दोनों के मुनाफे में कमी दर्ज की गई है। सरकार ने एक जुलाई को पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर छह रुपए प्रति लीटर तथा डीजल के निर्यात पर 13 रुपए प्रति लीटर की दर से कर लगा दिया था। इसके अलावा कच्चे तेल के घरेलू स्तर पर उत्पादन पर 23,250 रुपए प्रति टन की दर से कर लगाया गया था। पहले पखवाड़े की समीक्षा के बाद, 20 जुलाई को सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर छह रुपए प्रति लीटर की दर से लागू निर्यात शुल्क को खत्म कर दिया। वहीं डीजल एवं एटीएफ के निर्यात पर लगने वाले कर में दो-दो रुपए की कटौती कर इसे क्रमशः 11 रुपए एवं चार रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले कर को भी 23,250 रुपए प्रति टन से घटाकर 17,000 रुपए प्रति टन कर दिया गया।

**सूचना**
एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 10 अगस्त, 2022 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ, 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे। इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.cubical90.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।
वास्ते क्यूबिकल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता./-
स्थान : नई दिल्ली (अश्वनी कुमार गुप्ता)
तिथि : 02-08-2022 प्रबंध निदेशक

**RAMPUR FERTILIZERS LTD.**
CIN: L15136UP1988PLC010084
Email id- info@rampurfert.com
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.
NOTICE OF BOARD MEETING
In pursuance of Regulaltion 47 of SEBI (LODR) 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors will be held on Wednesday, the 10th Day of August 2022, at 4:00 P.M. at its Regd. Office: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 (U.P.), inter alia, to consider, approve and adopt Unaudited Financial Results for the quarter ended on 30th June, 2022 pursuant to Regulation 33 of (LODR) 2015. The said information is also available on the Company's website at www.rampurfert.com and the same has been also sent to CSE to upload on its website i.e. www.cse-india.com and MSE on its website i.e. www.msei.in.
By order of Board
Sd/-
Place: Rampur Anshuman Khaitan
Date: 03.08.2022 (Managing Director)

**PUBLIC NOTICE**
To be known to all that I, Roshani Juyal W/o Sh. Nandeshwar Juyal R/o DDA Janta Flat No. N-25/B-4, First Floor, Pocket N, Dilshad Garden,Delhi-110095 has applied for conversion of the DDA Janta Flat No. N-25/B-4, First Floor, Pocket N, Dilshad Garden, Delhi-110095 from lease hold to free hold in DDA. The Original Demand-cum-Allotment Letter of the above flat have been lost. An NCR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O. No.430/2014 LR No.604154/2022 dated 18.07.2022.Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write / contact with above named person at above address/phone No.9654027172 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block,3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
General Public is hereby informed that my client Mr. Nand Kumar Ahuja son of Late Shri Kundan Lal Ahuja resident of Flat No. 87-H, Pocket-4, Mayur Vihar Phase-I, Delhi-110091, has disowned and disinherited his son Mr. Bhuvan Ahuja (Unmarried) due to his unacceptable behavior and untrustworthy attitude from his moveable and immoveable properties which he have or he may acquire in future and also he has no any relation with him.
Any person dealing with him any manner shall be doing so at his own risk and responsibility and my client will not be responsible for the same.
Place: Delhi
Dated: 01-08-2022
(Y. L. Sachdeva)
Advocate
56, Pratap Nagar, Mayur Vihar-I, Delhi-91

# शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 214 अंक और मजबूत

भाषा। मुंबई

**स्थानीय** शेयर बाजार में बुधवार को लगातार छठे दिन तेजी रही और कारोबार समाप्त होने के ठीक पहले लिवाली बढ़ने से बीएसई सेंसेक्स में 214 अंक से अधिक की तेजी आई। दुनिया के ज्यादातर प्रमुख बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार पूंजी प्रवाह के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से बाजार को गति मिली। हालांकि, पीएमआई सेवा सूचकांक में कमी और डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट से तेजी पर अंकुश लगा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 214.17 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,350.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह उंचे में 58,415.63 अंक तक गया और नीचे में 57,788.78 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 42.70 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,388.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा 1.97 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में रहा। इसके अलावा, टीसीएस, इन्फोसिस, टाइटन, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति सुजुकी, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और आईटीसी शामिल हैं। इनमें 2.29 प्रतिशत तक की गिरावट आई। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज के बिक्री कारोबार प्रमुख एस हरिहरन ने कहा, विदेशी पूंजी प्रवाह के साथ बाजार तेजी के रास्ते पर रहा। पिछले चार सत्रों में एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों) ने करीब एक अरब डॉलर का निवेश किया है। नीतिगत दर बढ़ाने के मामले में फेडरल रिजर्व के उम्मीद के अनुरूप कदम उठाने और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भारत के लिए वृहत आर्थिक माहौल अधिक अनुकूल हुआ है...। देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों की रफ्तार जुलाई के महीने में मंद पड़ गई। प्रतिस्पर्धी दबाव, उंची मुद्रास्फीति और प्रतिकूल मौसम ने मांग को प्रभावित किया। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल का भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में घटकर में 55.5 हो गया, जो जून में 59.2 था। चार महीने में वृद्धि की सबसे धीमी दर है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.63 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 68 पैसे टूटकर 79.21 (अस्थाई) पर पहुंच गई।

# एमपीसी की बैठक शुरू, लगातार तीसरी बार हो सकती है रेपो दर में बढ़ोतरी

भाषा। मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक की दर निर्धारण समिति की तीन दिन की बैठक बुधवार को शुरू हुई। अनुमान है कि मौद्रिक नीति समिति (एमसीपी) अपनी द्विमासिक समीक्षा के दौरान नीतिगत दरों में कम से कम 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकती है। उच्च मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए ऐसा किया जा सकता है। इस तरह पिछले तीन महीनों में रेपो दर या लघु अवधि की उधारी दर में लगातार तीसरी बार बढ़ोतरी हो सकती है।

केंद्रीय बैंक ने पहले ही अपने उदार मौद्रिक नीति रुख को धीरे-धीरे वापस लेने की घोषणा की है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी पांच अगस्त को अपने फैसले की घोषणा करने वाली है। केंद्रीय बैंक और सरकार, दोनों ही मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कदम उठा रहे हैं, जो इस साल जनवरी से छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। आरबीआई ने मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें दो प्रतिशत तक घट-बढ़ हो सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा, हमने यह सुनिश्चित किया है कि रिजर्व बैंक और सरकार साथ मिलकर इस बात के लिए पर्याप्त कदम उठा रहे हैं कि मुद्रास्फीति को सात प्रतिशत तक या आदर्श रूप से छह से नीचे रखा जाए। आरबीआई ने खुदरा मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए चालू वित्त वर्ष में अब तक रेपो दर को दो बार बढ़ाया है- मई में 0.40 प्रतिशत और जून में 0.50 प्रतिशत।

हालांकि, 4.9 प्रतिशत की मौजूदा रेपो दर अब भी कोविड-पूर्व के स्तर 5.15 प्रतिशत से नीचे है। महामारी के चलते आए आर्थिक संकट से निपटने के लिए केंद्रीय बैंक ने 2020 में रेपो दर में तेजी से कमी की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक इस सप्ताह नीतिगत दर को कम से कम महामारी से पहले के स्तर पर ला देगा। साथ ही इसे आगे और बढ़ाया जा सकता है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए रिजर्व बैंक इस सप्ताह रेपो दर में 0.35 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत के बीच बढ़ोतरी करेगा। श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उमेश रेवणकर ने कहा कि एमपीसी नीतिगत दरों में 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकती है। उन्होंने कहा कि पिछली नीति के बाद से घरेलू व्यापक आर्थिक परिदृश्य में बहुत बदलाव नहीं हुआ है।

**Public Notice**
This is to inform general public that Mr. Ravinder Sharma & Ms. Anjali Sharma have acquired the Built up First Floor without roof rights, Land area measuring 75 sq. yds. i.e. 62.70 sq. mtrs. "Said floor" part of Property bearing no. E-30, out of Khasra no. 1419/458, situated in the abadi of E-Block, Jawahar Park, Laxmi Nagar, in the area of Village Mandawali Fazalpur, Illaqa Shahdara, Delhi vide Gift Deed dated 18.09.2020, Doc no. 3421 and Now, Mr. Ravinder Sharma & Ms. Anjali Sharma are mortgaging the above said property with ART Housing Finance Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi- 110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**Public Notice**
This is to inform general public that Mrs. Jyoti Sharma has acquired the Built up property no. 40 & 41, are measuring 41.81 sq. mtrs. Out of khasra no. 3/21/2, 3/22, situated in the revenue estate of village Najafgarh, Delhi State, Delhi abadi known as "Maksudabad colony", Najafgarh, Delhi 110043 vide Gift Deed dated 14.07.2022, Doc no. 545 and Now, Mrs. Jyoti Sharma is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**
It is hereby brought to the notice of public at large that (1) Original Registered Sale Deed dated 19.03.2010 (document no.2662) executed by Ishwar Singh in favour of Kamlesh Rani (2) Original Registered Sale Deed dated 19.09.2013 (document no.2752) executed by Kamlesh Rani in favour of Bimla Rani related to land measuring, 3K-9M, Murabba No. 44, Killa no. 24/2(3-9) Situated at Vill. Alipur Khalsa, Tehsil Gharaunda, Distt. Karnal and original sale deed dated 28.06.1996 executed by Malkhan in favour of Mahalaxshmi Spniers & processors related to land 9 Kanal-2Marla, Murbba No.24, killa no.10/2(5-2), 11/1/1(4-0), Kitte 2, at Vill. Bhainswal, Tehsil & Distt. Panipat are not lost/available with present owners, of the properties. The Public at large is hereby informed that owners have availed/shall avail credit facilities from HDFC Bank Ltd. against security of the aforementioned properties with publication of this notice. Any person, who comes in knowledge or possession of aforementioned original sale deeds, may please return the same to above mentioned property addresses or at below mentioned address. Any person or authority dealing with the deeds and / or the aforesaid Properties and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid properties, on the basis of said sale deeds or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the claim within 15 days from date of publication of this Notice.
Sushil Kumar Singh (Advocate)
F-10, LGF, Jangpura Ext., New Delhi-110014

# मिड डे मील में 11.46 करोड़ का घोटाला, आरोपी शिक्षक निलंबित

**भाषा।** आगरा/फिरोजाबाद



**फिरोजाबाद** जिले में मध्याह्न भोजन योजना के धन में 11.46 करोड़ रुपए का घोटाला करने के आरोपी एक प्रधानाध्यापक को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी अंजलि अग्रवाल ने बताया कि सतर्कता अधिष्ठान द्वारा टूंडला स्थित प्राथमिक विद्यालय जाजपुर में कार्यरत प्रधानाध्यापक चंद्रकांत शर्मा के खिलाफ मध्याह्न भोजन योजना में घोटाला करने का मामला मंगलवार को आगरा में दर्ज करवाए जाने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आगरा के पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) आलोक शर्मा ने बुधवार को बताया कि प्रधानाध्यापक चंद्रकांत शर्मा ने फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर एक गैर सरकारी संगठन गठित करके अपने विभाग तथा बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों की मदद से मध्याह्न भोजन योजना में 11.46 करोड़ रुपए का गबन किया। उसके खिलाफ पिछली 27 जुलाई को मुकदमा दर्ज किया गया था। चंद्रकांत शर्मा ने यह गबन फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में पंजीकृत एनजीओ सारस्वत आवासीय शिक्षा सेवा समिति के जरिए किया। दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार, सतर्कता अधिष्ठान को शिकायत मिली थी कि फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में तैनात प्राइमरी शिक्षक चंद्रकांत शर्मा ने मध्याह्न भोजन योजना में बड़ा घोटाला किया है। जांच में सामने आए तथ्यों के मुताबिक वर्ष 2006 में प्राइमरी शिक्षक चंद्रकांत शर्मा ने सारस्वत आवासीय शिक्षा सेवा समिति के नाम से एक संस्था का पंजीकरण चिटफंड कार्यालय में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कराया। इसके बाद वर्ष 2008 में उसने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत करके फिरोजाबाद जिले में एक के बाद एक सभी सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन का काम ले लिया और करोड़ों के वारे-न्यारे किए। जांच में यह भी सामने आया कि चंद्रकांत शर्मा ने अपने पिता को संस्था का अध्यक्ष और मां को कोषाध्यक्ष बनाया। इसके साथ ही परिवार के कई अन्य लोगों को भी इस संस्था में सदस्य बनाया। इसके बाद उसे काम मिला तो अपने माता-पिता को मृत दिखा कर खुद सुनील शर्मा के नाम से कोषाध्यक्ष बन गया जबकि शिक्षक चंद्रकांत शर्मा के माता-पिता अभी जीवित हैं। जांच में यह सामने आया कि वर्ष 2008 से मई 2014 तक फिरोजाबाद जिले में इस संस्था को मध्याह्न भोजन का काम दिया गया और इसके एवज में उसे रकम 11करोड़ 46लाख 40 हजार 384 रुपए का भुगतान किया गया जिसे बैंक के अधिकारियों से मिलीभगत करके कई बैंकों के संस्था के खाते में जमा कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि चंद्रकांत ने घोटाले की रकम को प्रॉपर्टी में निवेश किया है और इसको लेकर उसने फिरोजाबाद में कई प्रॉपर्टी खरीदी, मकान बनवाए और बिजली के कनेक्शन भी फर्जी दस्तावेजों से लिए हैं और न ही अपने भवन का नक्शा पास कराया है।

**दुष्कर्म के 27 साल बाद मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार:** शाहजहांपुर। जिले में 12 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के 27 साल बाद पुलिस ने इसकी प्राथमिकी दर्ज की और मामला दर्ज करने के साल भर बाद एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बताया कि नगर में ही रहने वाली 12 साल की बच्ची के साथ दो सगे भाइयों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया था जिसके बाद उसने एक बेटे को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि जब बेटे ने मां से अपने पिता का नाम पूछा, तब सच्चाई सामने आई और अदालत के आदेश पर चार मार्च, 2021 को थाना सदर बाजार में आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि घटना के समय पीड़िता की आयु 12 साल थी और रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी गुड्डू और नकी हसन एवं पीड़िता और उसके बेटे का डीएनए परीक्षण कराया गया जिसका मिलान हो गया। कुमार ने बताया कि इसके बाद एक आरोपी गुड्डू को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज भेज दिया गया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। पीड़िता सदर बाजार थाना क्षेत्र में अपने बहन-बहनोई के यहां रहती थी, उसी दौरान नकी हसन और उसके छोटे भाई गुड्डू ने उसके साथ दुराचार किया जिससे वह गर्भवती हो गई और 1994 में उसने एक बेटे को जन्म दिया। बाद में उसने बच्चे को उधमपुर हरदोई में रहने वाले एक परिचित व्यक्ति को दे दिया था। पीड़िता के बहनोई का स्थानांतरण रामपुर जिले में होने पर बहनोई ने पीड़िता का विवाह गाजीपुर के एक व्यक्ति से कर दिया, लेकिन पति को दुष्कर्म की घटना का पता चलने पर उसने पीड़िता से संबंध खत्म कर लिया। उधर, पीड़िता के बेटे ने अपने अभिभावक से अपने माता-पिता के बारे में पूछा तब उसे पीड़िता के पास शाहजहांपुर पहुंचा दिया गया और बाद में अदालत के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।



आगरा में बुधवार को ताजमहल भ्रमण पर आए ताइवानी कलाकार पारंपरिक परिधान में तस्वीरों के लिए पोज देते हुए

# डीएम के प्रयास से बालक को मिली गोद

**गोंडा।** जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया है कि थाना कोतवाली क्षेत्र में लावारिस हालात में मिले बालक को गोद मिला है। बुधवार को जिलाधिकारी डा0 उज्वल कुमार के प्रयास से नई दिल्ली के एक दम्पत्ति को उक्त बालक रोहित को गोद लिया है। डीएम ने दम्पत्ति से अपील कि वे बच्चे का ध्यान रखेंगें। उसके स्वास्थ्य व शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि माह मार्च 2021 में बालक लावारिस हालत में मिला था, जिसे पुलिस व चाइल्ड लाइन द्वारा बाल कल्याण समिति गोण्डा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेश पर बालक को विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण में आवासित कराया गया था। बालक के परिजनों के खोजबीन के बाद कोई विधिक दावेदार या परिजन न मिलने पर बाल कल्याण समिति के आदेश पर बालक को गोद दिये जाने हेतु लीगली फ्री किया गया था, जिस पर कारा के गाइडलाइन के अनुसार रोहित का आनलाइन मैपिंग के बाद गोद देने की प्रक्रिया की गयी। परिजन जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय व बाल कल्याण समिति कार्यालय में भी जाकर अधिकारियों से मिले। इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, सदस्य रामकृपाल शुक्ला, राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, अखलाक अहमद, कुबेरराम, उपेन्द्र श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहायक दीपक दूबे, स्टेनो मनोज उपाध्याय, शिवगोविन्द वर्मा, राजकुमार आर्य, अंकित कुमार पाण्डेय, सपना श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, प्रियंका उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

**ढेमवाघाट बाढ़ क्षेत्र का डीएम ने किया निरीक्षण:** गोंडा। बुधवार को डा0 उज्वल कुमार ने तहसील तरबगंज के अन्तर्गत ढेमवाघाट बाढ़ क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर बाढ़ से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं तथा बाढ़ से संबंधित सारी व्यवस्था कर ली गई हैं।डीएम ने कहा है कि बाढ़ खण्ड सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को बाढ़ से संबंधित पूरी तैयारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं कि इसके आस-पास के गावों में रहने वाले लोगों को बाढ़ से किसी प्रकार से कोई समस्या न होने पाये।

# अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम से हटाए गए दो इस्लामी विद्वानों के विचार

**दक्षिणपंथी विचारधारा के 20 से ज्यादा विद्वानों ने एएमयू में इस्लामी विद्वानों अबुल आला मौदूदी और सैयद कुतुब के विचारों को आपत्तिजनक करार देते हुए इस सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कथित रूप से पत्र लिखा था**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) ने बीसवीं सदी के दो प्रमुख इस्लामी विद्वानों अबुल आला मौदूदी और सैयद कुतुब के विचारों को पाठ्यक्रम से हटाए जाने को लेकर उठे विवाद पर सफाई पेश की है। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एएमयू ने यह कदम किसी भी तरह के अनावश्यक विवाद से बचने के लिए उठाया है। ज्ञातव्य है कि दक्षिणपंथी विचारधारा के 20 से ज्यादा विद्वानों ने एएमयू में इस्लामी विद्वानों अबुल आला मौदूदी और सैयद कुतुब के विचारों को आपत्तिजनक करार देते हुए इस सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कथित रूप से पत्र लिखा था। एएमयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "हमने इस मामले पर उठे विवाद को और आगे बढ़ने से रोकने के लिए यह कदम उठाया है। इसे शैक्षणिक स्वतंत्रता के अतिक्रमण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए"। गौरतलब है कि अबुल आला मौदूदी (1903-1979) एक भारतीय इस्लामी विद्वान थे जो हिंदुस्तान के बंटवारे के बाद पाकिस्तान चले गए थे। वह जमात-ए-इस्लामी नामक एक प्रमुख मुस्लिम धार्मिक संगठन के संस्थापक भी थे। उनकी कृतियों में "तफहीम उल कुरान" भी शामिल है। मौदूदी ने वर्ष 1926 में दारुल उलूम देवबंद से स्नातक की डिग्री हासिल की थी। वह धार्मिक बहुलतावाद के पैरोकार थे। एक अन्य इस्लामी विद्वान सैयद कुतुब जिनके विचारों को एएमयू के पाठ्यक्रम से हटाया गया है, वह मिस्र के रहने वाले थे और इस्लामी कट्टरपंथी विचारधारा के पैरोकार थे। वह इस्लामिक ब्रदरहुड नामक संगठन के प्रमुख सदस्य भी रहे। उन्हें मिस्र के तत्कालीन राष्ट्रपति गमल अब्दुल नासिर का विरोध करने पर जेल भी भेजा गया था। कुतुब ने एक दर्जन से ज्यादा रचनाएं लिखी। उनकी सबसे मशहूर कृति फी जिलाल अल कुरान थी जोकि कुरान पर आधारित है। एएमयू के प्रवक्ता उम्र पीरजादा ने कहा कि इन दोनों इस्लामी विद्वानों की कृतियां विश्वविद्यालय के वैकल्पिक पाठ्यक्रमों का हिस्सा थी, इस वजह से उन्हें हटाने से पहले एकेडमिक काउंसिल में इस पर विचार विमर्श करने की प्रक्रिया अपनाने की कोई जरूरत नहीं थी।

## कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने आज बुधवार को विकास खंड झंझरी के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले विद्यालय में अध्यापक के उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया उसके बाद विद्यालय के कक्षा 3, 4 व 6 में जाकर बच्चों से विद्यालय में हो रही पढ़ाई के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों से यह पूछा गया कि आप लोगों को खाने में क्या मिला है। इस पर बच्चों ने बताया कि दूध और तहरी, बच्चों के बताने के बाद उन्होंने खाने की मीनू को चेक किया गया तो सही पाया गया। डीएम ने बच्चों से भारत के झण्डा के बारे में पूछा और बच्चों ने डीएम को बताया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने दूसरे क्लास में जाकर वहां के बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर सवाल बारे में जानकारी ली तथा बच्चों ने सवाल को जोड़ कर डीएम को दिखाया। इसके बाद जिलाधिकारी ने कक्षा तीन में जाकर ब्लैक बोर्ड पर लिखकर बचच्चों को पढ़ाया तथा वहां पर उपस्थित प्रधानाध्यापिका एवं अन्य अध्यापक को निर्देश दिए हैं कि बच्चों को बहुत ही अच्छी तरह से पढ़ाया जाय और इनके खान-पान पर विशेष ध्यान रखा जाय तथा सभी बच्चों को प्रेरित किया जाय कि सभी बच्चे स्कूल के ड्रेस में पढ़ने आये।

# हत्या के 15 साल पुराने मामले में चार युवकों को हुई उम्रकैद

मथुरा। मथुरा जिले की एक अदालत ने एक छात्र की हत्या के 15 साल पुराने मामले में दोषी चार युवकों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजू सिंह ने बताया कि 22 फरवरी 2007 को बलदेव थाना क्षेत्र के सेलखेड़ा पटलौनी गांव के निकट खेत में एक युवक का कटा हुआ सिर मिला था। दूसरे दिन 23 फरवरी को बलदेव थाना क्षेत्र में अवैरनी के यौन्नी गांव के एक खेत के कुएं में युवक का धड़ बरामद हुआ था। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त सादाबाद के घूंसा गांव निवासी के रूप में की गई थी। मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) हरेंद्र प्रसाद ने उपलब्ध साक्ष्य एवं दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद चारों आरोपियों अनूप, संजय, समय सिंह और विजय को छात्र की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

**दलित युवती से सामूहिक बलात्कार के आरोप में चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज:** बलिया जिले के नगरा क्षेत्र के एक गांव में 18 वर्षीय एक दलित युवती से सामूहिक बलात्कार के आरोप में चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय दलित युवती की तहरीर पर उसके पड़ोस में रहने वाले चार युवकों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने युवती की तहरीर का हवाला देते हुए बताया कि युवती 30 जुलाई देर रात घर से शौच के लिए निकली थी। तभी चार युवकों ने उसे सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ सामुहिक बलात्कार किया।

**आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त की गई:**,भदोही जिले के कोइरौना इलाके के डीघ गांव में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को कुछ शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बुधवार को बताया कि गांव स्थित आंबेडकर की प्रतिमा मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में क्षतिग्रस्त पाई गई। इस संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और प्रतिमा की मरम्मत करके उसे फिर से स्थापित कर दिया गया है। इस घटना से नाराज इलाके के लोगों ने नारेबाजी की। उन्हें प्रशासन के अधिकारियों ने समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जेल में बंद बदमाश सुरेंद्र के छोटे भाई पवन ने आंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने की सूचना दी थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रतिमा पवन के घर के सामने है और ऐसे में इस मामले में पुलिस को उसी का हाथ होने का संदेह है। कुमार ने कहा कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

**वैन को टैंकर ने मारी टक्कर : दो लोगों की मौत:** मुजफ्फरनगर जिले के खतौली-बुढ़ाना मार्ग पर यात्रियों को ले जा रही एक वैन और टैंकर की टक्कर होने से दो लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात खतौली-बुढ़ाना मार्ग पर सथेड़ी गंगा नहर के नजदीक यात्रियों से भरी वैन को एक टैंकर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वैन सवार हाफिज शाहिद (60) और जयावती (50) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में छह अन्य लोग घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद टैंकर चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

**सांप के काटने से दो लोगों की मौत:** बलिया। जिले के नगरा क्षेत्र में सांप के काटने से एक बालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार नगरा थाना क्षेत्र के कमरौली गांव में मंगलवार को घर की सफाई करते समय प्रेम शंकर गुप्त (55) को सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## विधायक राजा भइया के पिता मोहर्रम का गेट हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे

**प्रतापगढ़।** कुंडा क्षेत्र से बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के पिता कुमार उदय प्रताप सिंह बुधवार को शेखपुर आशिक गांव में मोहर्म के अवसर पर निर्मित गेट को हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। तहसील कुण्डा के उपजिलाधिकारी सतीश त्रिपाठी ने बताया कि मोहर्म के त्यौहार के अवसर पर शेखपुर आशिक गांव में मस्जिद के निकट एक गेट बनाया जाता है जो दसवीं मोहर्म को हटा दिया जाता है। क्षेत्रीय विधायक राजा भैया के पिता कुंवर उदय प्रताप सिंह ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए गेट को हटाने की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि सिंह से बातचीत की जा रही है। यह प्रयास किया जा रहा है कि किसी की भावनाएं न आहत हों। प्रशासन बीच का रास्ता निकालने की कोशिश कर रहा है। धरने पर बैठे कुंवर उदय प्रताप सिंह का कहना है, बनाए गए गेट के नीचे से गुजरने से हिन्दुओं की भावनाएं आहत होंगी इसलिए उनकी मांग है कि गेट को हटाया जाय। जब तक गेट हटाया नहीं जाता वह धरने से नहीं उठेंगे। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि उनकी मांग पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि हर साल मोहर्म के अवसर पर उदय प्रताप सिंह उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत कर बाधा डालने का प्रयास करते हैं। गेट मस्जिद के निकट बनाया गया है, जो दसवीं मोहर्म के बाद हटा दिया जाता है।

## हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभए उत्तर प्रदेश के नई कार्यकारिणी की घोषणा आज कर दी गयी। यहां कुर्सी रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित रूद्राभिषेक एवं सुन्दरकाण्ड पाठ के आयोजन शुरू होने से पहले प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने नये पदाधिकारियों के नामों की घोषणा करते हुये सूची जारी की। पार्टी के राज कुमार सिंह व सिद्धार्थ दुबे सहित कई वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन करने के बाद नये पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यकारिणी में जगह दी गयी। उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के नेतृत्व में चयनित प्रदेश पदाधिकारियों की टीम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनुपम मिश्राए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डाण् आशीष गुप्ताए उपाध्यक्ष अश्विनी गुप्ताए संतोष सिंहए हरिओम मिश्राए बजरंग सिंहए राजेश सिंह व हर्षवीर सिंह को बनाया गया है। इसके अलावा राजकुमार सिंह को संगठन मंत्री व सिद्धार्थ दुबे को महामंत्रीए प्रदेश कोषध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्लाए वरिष्ठ मंत्री राजेश राज गुप्ता बनाये गये हैए साथ ही भाष्कर भूषण मिश्राए संजय चौहानए धर्मेन्द्र कुमार मिश्राए सुनील दत्त मिश्राए राघवेन्द्र सिंह चौहानए विपिन कुमार सिहए सविता पाण्डेयए सुभाष चन्द्र मिश्राए अवनीश अवस्थी व राकेश दत्त मिश्रा को मंत्री पद का दायित्व दिया गया है। इसी तरह महादेव बाबाए आशीष तिवारी और दिवाकर विक्रम सिंह को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं सुनील कुमार सिंह व हर्शिका जायसवाल को प्रचार की जिम्मेदारी दी गयी है।

# घर-घर तिरंगा फहराने की हो रही तैयारी

**बाँदा।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के लिए एनआरएलएम की दीदियों द्वारा इस समय तिरंगा तैयार करने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है। जनपद में अब तक 2 लाख 88 हजार झण्डे तैयार किये जा चुके हैं। जनपद में से 13 अप्रैल तक हर घर पर तिरंगा फहराने का अभियान चलाया जाएगा। लोगों को देश प्रेम की भावना से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा पूरे देश में आजादी के अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फ्हराने की सरकार की योजना हैए झंडा की आपूर्ति केंद्रीय संस्थानों के अलावा राज्य संस्थान के विभिन्न विभागों को भी सौंपी गई है। सरकार की इस योजना के तहत एन आर एल एम द्वारा भारी संख्या में झंडो का निर्माण किया जा रहा है। बांदा जनपद में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा इस समय तेजी के साथ झंडो के निर्माण का कार्य किया जा रहा है । समूह की महिलाओं का कहना है कि वह 1 दिन में लगभग तीन से चार सौ झंडो का निर्माण कर लेती हैं जिससे राष्ट्र निर्माण में सहयोग के साथ उन्हें घर बैठे रोजगार भी उपलब्ध हो गया हैए जिससे वे अपना व अपने परिवार का भरण पोषण के साथ राष्ट्र निर्माण में भी अपनी भूमिका निभा रही हैं। वहीं जिलाधकारी अनुराग पटेल का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार जनपद को चार लाख 84 हजार तिरंगे बनवाने का लक्ष्य मिला है। जिसमें से 2 लाख 26 हजार तिरंगे एमएसबी विभाग सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे बाकी 2 लाख 88 हजार तिरंगे का निर्माण हमको करना जिसमें अलग.अलग विभागों को लक्ष्य दे दिया गया था जिसमें अधिकांश स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बना रही हैं । इसके अलावा अन्य विभागों द्वारा भी झंडो का निर्माण कराया जा रहा है जो लगभग पूरा हो गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि हमें जो लक्ष्य मिला है उससे अधिक करीब पांच लाख तिरंगे तैयार किए जाएंगे जिन्हें हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 तक जनपद के सभी घरों में फ्हराया जाएगा।



बांदा में तिरंगा तैयार करतीं महिलाएं, यहां पांच लाख झंडा फहराए जाने का लक्ष्य है

# विटामिन 'ए' की खुराक देकर बच्चों को कुपोषण से बचाएं: जिलाधिकारी

**गोंडा।** बुधवार को डीएम डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने जिला महिला अस्पताल परिसर से विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, एसीएमओ डॉ0 टीपी जायसवाल व महिला अस्पताल की अधीक्षिका डॉ0 सुषमा सिंह समेत स्वास्थ्य महकमे के अन्य अधिकारियों के साथ फीता काटकर बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने बताया कि महीने भर के इस कार्यक्रम में नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक एएनएम द्वारा हर बुधवार और शनिवार को पिलाई जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि विटामिन ए की खुराक पिलाने से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और रतौंधी व कुपोषण से बचाव होता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक जरूर पिलाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के संयुक्त प्रयास से 30 अगस्त तक बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जायेगी। जनपद के नौ माह से पांच वर्ष तक के चार लाख 55 हजार 124 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात 409 एएनएम को शत-प्रतिशत बच्चों को विटामिन ए से आच्छादित किये जाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सीएमओ ने कहा कि एएनएम द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में हर बुधवार और शनिवार को आशा, आशा संगिनी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से छाया ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (छाया वीएचएनडी)/छाया शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (छाया यूएचएनडी) सत्रों का आयोजन कर बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को विटामिन ए आच्छादन में कोविड प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन किया जाये। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 जय गोविन्द ने बताया कि विटामिन-ए सम्पूर्ण कार्यक्रम, टीकाकरण का एक अभिन्न अंग है, जो प्रतिवर्ष दो चरणों में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता विकसित करना, बाल मृत्यु दर में कमी लाना तथा रतौंधी एवं कुपोषण से बचाव के साथ-साथ बच्चों को पोषणयुक्त आहार दिए जाने के प्रति जनजागरुकता फैलाना है।



# राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदकों के साथ भारत को मिलीजुली सफलता

## बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में मलेशिया से हारा भारत, रजत पदक मिला

भाषा। बर्मिंघम

**भारत** को किदांबी श्रीकांत और युगल जोड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में मंगलवार को यहां मलेशिया के खिलाफ।-3 की हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इस मुकाबले में भारत के एकल खिलाडि़यों और मलेशिया की युगल जोडि़यों पर नजरें थी। भारत के एकल खिलाड़ी हालांकि अपने से कम रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे भारत स्वर्ण पदक जीतने से चूक गया। दूसरी तरफ मलेशिया की युगल जोडि़यां उम्मीद पर खरी उतरीं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी सबसे पहले कोर्ट पर उतरी। इस जोड़ी को हालांकि दुनिया की छठे नंबर की टेंग फोंग आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी के खिलाफ 18-21, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। भारत को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी पीवी सिंधू से वापसी दिलाने की उम्मीद थी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने भारत को बराबरी तो दिला दी लेकिन महिला एकल में उन्हें दुनिया की 60वें नंबर की खिलाड़ी जिन वेई गोह को 22-20, 17-21 से हराने के दौरान काफी जूझना पड़ा। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने निराश किया। उन्होंने दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी एनजी टीजे योंग के खिलाफ पहला गेम 19-21 से गंवा दिया लेकिन अगले गेम में वापसी करते हुए 21-6 की एकतरफा जीत दर्ज की। श्रीकांत हालांकि तीसरे और निर्णायक गेम में लय कायम रखने में नाकाम रहे और 16-21 से हार गए जिससे भारत।-2 से पिछड़ गया। कूंग ली पियर्ली टेन और मुरलीधरन थिन्नाह की दुनिया की 11वें नंबर की जोड़ी ने इसके बाद महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की 38वें नंबर की जोड़ी को 21-18, 21-17 से हराकर स्वर्ण पदक मलेशिया की झोली में डाल दिया। इस जीत से मलेशिया ने फिर से खिताब हासिल किया जो उसने चार साल पहले गोल्ड कोस्ट में भारत को गंवा दिया था।



ब्रिटेन के बर्मिंघम म कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में बैडमिंटन मिक्स्ड टीम इवेंट के प्रेजेंटेशन सेरेमनी के दौरान सिल्वर मेडलिस्ट भारतीय टीम

## भारोत्तोलक लवप्रीत सिंह ने पदार्पण में कांस्य पदक जीता

भाषा। बर्मिंघम



**भारत** के लवप्रीत सिंह ने बुधवार को यहां पुरूषों की 109 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया जिससे राष्ट्रमंडल खेलों में देश को भारोत्तोलन से पदक मिलना जारी है। अमृतसर में एक दर्जी के बेटे लवप्रीत ने कुल 355 किग्रा का वजन उठाया जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। इसमें 24 साल के भारोत्तोलक ने क्लीन एवं जर्क में 192 किग्रा का भार उठाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम किया जिससे वह पोडियम में तीसरे स्थान पर रहे। लवप्रीत ने स्नैच में अपने अंतिम प्रयास में 157 किग्र से 163 किग्रा का वजन उठाया जिससे वह कनाडा के पियरे एलेक्सांद्रे बेसेटे के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। लेकिन क्लीन एवं जर्क में कड़ी स्पर्धा में वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। पूर्व राष्ट्रमंडल जूनियर चैम्पियन लवप्रीत ने कहा, अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह मेरी पहली बड़ी प्रतियोगिता थी और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर एक पदक जीता। मैं इससे बहुत खुश हूं।

कैमरून के जूनियर नयाबेएयू ने कुल 361 किग्रा के भार से स्वर्ण पदक जबकि समोआ के जैक ओपेलोगे ने 358 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक हासिल किया। लवप्रीत अपने पिता के पेशे से जुड़ सकते थे लेकिन उनका परिवार उन्हें खिलाड़ी बनाना चाहता था। इससे उनका खेलों का सफर 13 साल की उम्र में डीएवी मैदान में ट्रेनिंग के साथ शुरू हुआ। उन्होंने कहा, किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह मुझे भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा जिसमें वित्तीय बाधाएं भी शामिल हैं लेकिन मेरे माता-पिता ने सुनिश्चित किया कि मैं आगे बढ़ता रहूं। इस हेवीवेट भारोत्तोलक का जीवन 2015 में भारतीय नौसेना से जुड़ने के बाद बदल गया और वह पटियाला में राष्ट्रीय शिविर से जुड़ गए। उन्होंने 2017 राष्ट्रमंडल जूनियर चैम्पियनशिप जीतने के बाद इसी साल एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता। पहले ही राष्ट्रमंडल खेलों में उनके स्नैच और क्लीन एवं जर्क दोनों में सभी प्रयास सफल रहे जिससे उनकी सहनशक्ति का अंदाजा हो जाता है। उन्होंने कहा, यह मेरी पहली बड़ी प्रतियोगिता थी तो निश्चित रूप से मैं दबाव में था। लेकिन पहले प्रयास के बाद दबाव थोड़ा कम हुआ और धीरे धीरे मैं सुधार करता रहा। वह तीन किलोग्राम से रजत पदक से चूक गए, इस पर लवप्रीत ने कहा, मैंने इसके लिए चुनौती दी लेकिन प्रतिस्पर्धा कड़ी थी। यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। विकास ठाकुर की तरह लवप्रीत ने भी दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला को श्रृद्धांजलि देते हुए जांघ पर हाथ मारकर जीत का जश्न मनाया। उन्होंने कहा, यह पदक मैं अपने सभी कोचों, परिवार, माता पिता और देशवासियों को समर्पित करता हूं।

## नीतू और हुसामुद्दीन ने भारत के मुक्केबाजी में दो पदक पक्के किए

भाषा। बर्मिंघम

**भारतीय** मुक्केबाज नीतू गंघास और हुसामुद्दीन मोहम्मद ने बुधवार को यहां क्रमश: महिलाओं के 48 किग्रा और पुरूषों के 57 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में पदक पक्के कर दिए। दो बार की युवा स्वर्ण पदक विजेता नीतू (21 वर्ष) को क्वार्टरफाइनल के तीसरे और अंतिम राउंड में उत्तरी आयरलैंड की प्रतिद्वंद्वी निकोल क्लाइड के स्वेच्छा से रिटायर होने (एबीडी) के बाद विजेता घोषित किया गया जिससे देश का बर्मिंघम में पहला मुक्केबाजी पदक सुनिश्चित हुआ। फिर निजामाबाद के 28 साल के हुसामुद्दीन नामीबिया के ट्रायागेन मार्निंग नदेवेलो पर 4-। से जीत दर्ज





कर अंतिम चार में पहुंच गए जिससे देश का दूसरा पदक पक्का हुआ। पिछले चरण के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन को हालांकि अपने मुकाबले के विभाजित फैसले में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इससे पहले भिवानी के धनाना जिले की नीतू ने क्लाइड पर पहले दो राउंड में दबदबा बनाया जिसके बाद मुकाबला रोक दिया और नतीजा भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में रहा। राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण कर रही नीतू महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम के वजन वर्ग में खेल रही हैं। मैरीकॉम चयन ट्रायल्स के दौरान चोटिल हो गई थीं। भारतीय दल ने बर्मिंघम आने से पहले आयरलैंड में ट्रेनिंग ली थी और इससे नीतू को क्लाइड के खिलाफ मुकाबले में मदद मिली। क्वार्टरफाइनल में मिली जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी नीतू ने कहा, यह प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज के खिलाफ मेरा पहला मुकाबला था लेकिन हमने आयरलैंड में एक साथ ट्रेनिंग की थी। मुझे पता था कि क्या उम्मीद की जाए। यह तो अभी शुरूआत है, मुझे लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा, मैं अपने कोचों की सलाह सुनकर उसे रिंग में इस्तेमाल करने की कोशिश करती हूं। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल की स्वर्ण पदक विजेता नीतू अन्य मुक्केबाजों के वीडियो देखना पसंद नहीं करती और उनका कोई आदर्श भी नहीं है। उन्होंने 2012 में मुक्केबाजी शुरू की थी लेकिन 2019 में लगी कंधे की चोट से उन्हें लंबे समय तक खेल से बाहर होना पड़ा था नीतू जिस जगह से आई हैं, वहां लड़कियों को खेलों में आने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता। लेकिन उनके पिता ने पास की अकादमी में उनका नाम लिखवा दिया। इस मुक्केबाज के सपने को साकार करने के लिए उनके पिता को चंडीगढ़ में अपनी नौकरी छोड़ने पर मजबूर कर दिया। वह वित्तीय रूप से मजबूत भविष्य के लिए राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक की उम्मीद लगाए हैं।

## पुरुष हॉकी: कनाडा को 8-0 से रौंद भारत सेमीफाइनल में




**बर्मिंघम ( भाषा )।** हरमनप्रीत सिंह और आकाशदीप सिंह के दो दो गोल की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा में कनाडा को 8 . 0 से रौंदकर पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (सातवां और 54वां मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए जबकि आकाशदीप सिंह (38वां और 60वां मिनट) ने फील्ड गोल दागे। अमित रोहिदास (दसवां), ललित उपाध्याय (20वां), गुरजंत सिंह (27वां) और मनदीप सिंह (58वां) ने एक एक गोल दागा। भारत अब पूल बी में शीर्ष पर पहुंच गया है और आखिरी ग्रुप मैच में बृहस्पतिवार को वेल्स से खेलेगा। पहले मैच में घाना को 11-0 से हराने के बाद भारतीय टीम को दूसरे मैच में इंग्लैंड ने 4-4 से ड्रॉ पर रोका था।

कनाडा के खिलाफ भारत ने पहले दो क्वार्टर में ही दबदबा बना लिया। भारत को पांचवें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन कनाडा के बलराज पनेसर ने हरमनप्रीत सिंह के प्रयास नाकाम कर दिए। हरमनप्रीत ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को बढत दिला दी। इसके तीन मिनट बाद डिफेंडर रोहिदास ने बेहतरीन फील्ड गोल दागा। वरूण कुमार से मिली लांग बॉल को सर्कल के भीतर पकड़कर उन्होंने यह गोल किया। दूसरे क्वार्टर में भारत को 19वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से दूसरे पर गोल हुआ। ललित ने वरूण कुमार की फ्लिक नाकाम रहने के बाद रिबाउंड पर गोल दागा। कनाडा के गोलकीपर ने 24वें मिनट में अभिषेक की रिवर्स हिट पर एक शर्तिया गोल बचाया। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज सिंह का गोल भी बचाया। कुछ सेकंड बाद गुरजंत ने बाएं फ्लैंक से हार्दिक के पास पर गोल करके भारत की बढत और बढा दी। कनाडा को 28वें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। दूसरे हाफ में भी भारत का दबदबा रहा और 38वें मिनट में आकाशदीप ने मनप्रीत सिंह और नीलाकांता सिंह के पास पर गोल दागा। चौथे क्वार्टर में मनदीप सिंह और विवेक सागर प्रसाद पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं कर सके। आखिरी छह मिनट में हालांकि हरमनप्रीत, मनदीप और आकाशदीप ने गोल करके भारत को विशाल अंतर से जीत दिलाई।

## कनाडा को 3-2 से हराकर भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में

भाषा। बर्मिंघम

**भारतीय** महिला हॉकी टीम ने बुधवार को यहां पूल ए के करो या मरो के मुकाबले में विषम परिस्थितियों से उबरते हुए अपने से कम रैंकिंग वाले कनाडा को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय टीम सलीमा टेटे (तीसरे मिनट) और नवनीत कौर (22वें मिनट) के गोल की बदौलत 22वें मिनट तक दुनिया की 15वें नंबर की टीम के खिलाफ 2-0 की बढ़त बनाकर अच्छी स्थिति में नजर आ रही थी।

कनाडा की टीम हालांकि इसके बाद जोरदार वापसी करने में सफल रही और उसने ब्राइन स्टेयर्स (23वें मिनट) तथा हना हॉन (39वें मिनट) के गोल की बदौलत बराबरी हासिल कर ली। मंगलवार को भारत के खिलाफ 3-। की जीत से इंग्लैंड की टीम पूल ए से पहले ही सेमीफाइनल में जगह




सुनिश्चित कर चुकी थी। कनाडा के खिलाफ सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम के लिए यह करो या मरो का मुकाबला था जबकि बेहतर गोल अंतर के कारण विरोधी टीम को अंतिम चार में जगह बनाने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी।मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद यानेक शॉपमैन की अगुआई वाली टीम ने 51वें मिनट में निर्णायक बढ़त बनाई जब पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड होकर आई गेंद को लालरेमसियामी ने गोल के अंदर पहुंचा दिया। भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। टीम को खेल के तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर रिबाउंड पर सलीमा ने गोल दागा। दो मिनट बाद लालरेमसियामी ने बढ़त को दोगुना करने का शानदार मौका गंवा दिया। पहला क्वार्टर खत्म होने से कुछ सेंकेंड पहले संगीता कुमारी ने अच्छे प्रयास को गोलकीपर रोवन हैरिस ने बचा लिया। कनाडा ने क्वार्टर में दूसरी क्वार्टर में अधिक जज्बा दिखाया और कुछ मौकों पर भारतीय रक्षापंक्ति को दबाव में लाने में सफल रहे। भारत ने हालांकि 22वें मिनट में नवनीत कौर की बदौलत बढ़त को दोगुना कर दिया। नवनीत ने लालरेमसियामी से पास पर गोल दागा। एक मिनट बाद कनाडा को पेनल्टी कॉर्नर मिला और स्टेयर्स ने भारत की बढ़त को कम किया। कनाडा को 39वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार हॉन ने अपनी टीम को बराबरी दिला दी। नॉकआउट से बाहर होने की कगार पर खड़े भारत के लिए मोनिका 47वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंची लेकिन हैरिस ने उनके प्रयास को विफल कर दिया।

## स्क्वाश: घोषाल को कांस्य पदक, सुनयना ने प्लेट फाइनल जीता

**बर्मिंघम ( भाषा )।** भारत के सौरव घोषाल ने पुरुष एकल स्क्वाश के कांस्य पदक के एकतरफा मुकाबले में बुधवार को यहां इंग्लैंड के दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जेम्स विल्स्ट्रॉप को सीधे गेम में 3-0 से हरा दिया। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी घोषाल ने मेजबान देश के दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ 11-6, 11-।, 11-4 से आसान जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वाश एकल स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है। घोषाल का राष्ट्रमंडल खेलों में यह दूसरा पदक है। उन्होंने 2018 में गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में दीपिका पल्लीकल के साथ मिलकर मिश्रित युगल का रजत पदक जीता था। दूसरे गेम में तो विल्स्ट्रॉप की भूमिका सिर्फ एक दर्शक जैसी रही और मेजबान देश का खिलाड़ी पूरे गेम में सिर्फ एक ही अंक जुटा पाया। तीसरे गेम में भी स्थिति में अधिक बदलाव देखने को नहीं मिला और घोषाल ने दबदबा कायम रखते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले अनुभवी जोशना चिनप्पा और हरिंदर पाल सिंह संधू की मिश्रित युगल जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जोशना और संधू की जोड़ी ने श्रीलंका की एहेनी कुरुप्पु और रविंदु लक्सीरी की जोड़ी को 8-11 11-4 11-3 से हराया। जोशना और संधू की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने काफी गलतियां करते हुए पहला गेम गंवा दिया लेकिन भारतीय जोड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए अगले दो गेम आसानी से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। सुनयना कुरुविला ने महिला स्क्वाश प्लेट फाइनल में गयाना की फंग ए फैट पर आसान जीत दर्ज की।

## लॉन बॉल्स : बोरगोहेन ने दो मैच जीते महिला पेयर में मिले जुले नतीजे

**बर्मिंघम ( भाषा )।** भारत के मृदुल बोरगोहेन ने राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स प्रतियोगिता में पुरूष एकल वर्ग में दोनों मैच जीते जबकि महिला वर्ग में लवली चौबे और नयनमोनी सैकिया ने एक मैच जीता और एक ड्रॉ खेला। बोरगोहेन ने पहले फाल्कन आईलैंड्स के क्रिस लॉके को 21- 5 से हराया। इसके बाद स्कॉटलैंड के लेन मैकलीन को 21- 19 से मात दी। पहले दौर में हारने वाले बोरगोहेन का सामना अब रोस डेविस से होगा। चौबे और सैकिया ने महिला पेयर्स में नीयू की हिना रेरेती और ओलिविया बकिंघम को 23-6 से हराया लेकिन बाद में दक्षिण अफ्रीका की ब्रिगेट कालित्ज और कोलीन पी से 16-16 से टाई खेला। लवली और चौबे दोनों उस महिला फोर टीम का भी हिस्सा थे जिसने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। इस बीच पुरूष फोर टीम ने कुक आईलैंड्स को 20-10 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। टीम में सुनील बहादुर (लीड), नवनीत सिंह (सेकंड), चंदन कुमार सिंह (थर्ड) और दिनेश कुमार (स्किप) शामिल थे।

## चक्का फेंक : सीमा पांचवें और नवजोत आठवें स्थान पर रही

भाषा। बर्मिंघम

**भारत** की तरफ से पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही सीमा पूनिया और नवजीत कौर ढिल्लों ने मंगलवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की महिला चक्का फेंका स्पर्धा के फाइनल में क्रमश: पांचवें और आठवें स्थान पर रहते हुए पदक जीतने में नाकाम रहीं। पांचवीं बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रही चार बार की पदक विजेता सीमा ने अपने दूसरे प्रयास में चक्के को 55.92 मीटर की दूरी तक फेंका जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।






गोल्ड कोस्ट 2018 खेलों की कांस्य पदक विजेता नवजीत बिलकुल भी लय में नहीं दिखी। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53.51 मीटर रहा जो उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में हासिल किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक नाइजीरिया की चियोमा ओनएकवेयर ने 61.70 मीटर की दूरी तक चक्का फेंककर जीता। इंग्लैंड की जेड लैली (58.42 मीटर) को रजत जबकि नाइजीरिया की ही ओबियागेरी अमाइची (56.99 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।

## जॉर्जिया की महिला टीम पर भारत ए की जीत में चमकी हंपी, वैशाली

शतरंज ओलंपियाड

भाषा। मामल्लापुरम

**भारत** की शीर्ष खिलाड़ी कोनेरू हंपी और आर वैशाली की अगुआई में भारत की महिलाओं की ए टीम ने बुधवार को यहां 44वें शतरंज ओलंपियाड के छठे दौर में जॉर्जिया की मजबूत टीम को 3-। से हराया।

ओपन वर्ग में किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की शानदार फॉर्म जारी रही। गुकेश ने लगातार छठी जीत दर्ज की लेकिन इसके बावजूद भारत बी को पूर्व चैंपियन आर्मेनिया के खिलाफ 1.5-2.5 से शिकस्त झेलनी पड़ी। गुकेश ने गैब्रिएल सारगिसियान को हराया लेकिन



अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। बी अधिबान ओर रौनक सधवानी को क्रमश: सामवेल तेर-सहाक्यान और रॉबर्ट होवहानिसियान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। निहाल सरीन और ह्रांत मेलकुम्यान की बाजी बराबर छूटी। भारत बी की मजबूत टीम की प्रतियोगिता में यह पहली हार है।

भारत सी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लिथुआनिया को 3.5-0.5 से हराया। एसपी सेतुरमन, अभिजीत गुप्ता और अभिमन्यु पुराणिक ने जीत दर्ज की जबकि अनुभवी सूर्य शेखर गांगुली ने तितास स्त्रेमाविसियस को बराबरी पर रोका। शीर्ष वरीय भारत ए और तीसरी वरीय जॉर्जिया के बीच मुकाबले में हंपी ने नाना जागनिद्जे को 42 चाल में हराया जबकि वैशली ने लेला जावाकशविली को शिकस्त दी। डी हरिका और तानिया सचदेव ने क्रमश: निनो बातसियाशविली और सेलोम मेलिया से ड्रॉ खेला। ओपन वर्ग में शीर्ष वरीय अमेरिका ने ईरान को 2.5-1.5 से हराया। फाबियानो करूआना ने परहाम माघसूडलू को शिकस्त दी जबकि अन्य तीन बाजी ड्रॉ रही। चौथे नंबर की टीम फ्रांस को 32वें नंबर की टीम क्यूबा ने 2-2 से बराबरी पर रोका। आस्ट्रेलिया ने उलटफेर करते हुए मैग्नस कार्लसन की अगुआई वाली तीसरे नंबर की नॉर्वे की टीम को 2.5-1.5 से हराया।

## सूर्यकुमार आईसीसी टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर




**दुबई ( भाषा )।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ताजा जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 44 गेंद में 76 रन की अर्धशतकीय पारी खेलने वाले सूर्यकुमार (816) शीर्ष रैंकिंग पर काबिज बाबर आजम (818) से केवल दो रेटिंग अंक पीछे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ इस पारी से उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। उनके अब 816 अंक हैं और पांच मैचों की श्रृंखला में वह 111 रन बना चुके हैं जिसमें भारत 2-। से बढ़त बनाए है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स 16 पायदान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सभी तीनों मैच में अर्धशतक जड़े थे। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (29 पायदान के लाभ से 27वें स्थान पर), इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो (13 पायदान के फायदे से 31वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसोऊ(संयुक्त 37वें स्थान पर) ने भी ऊपर की ओर कदम बढ़ाए। हेनरिच क्लासेन और भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (66वें स्थान) भी रैंकिंग में ऊपर की ओर बढ़े हैं। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में आठ विकेट चटकाने वाले दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी को टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 19 रेटिंग अंक का फायदा मिला जिससे वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए। शम्सी एक पायदान की बढ़त हासिल करने में सफल रहे लेकिन वह शीर्ष रैंकिंग पर काबिज जोश हेजलवुड (792 रेटिंग अंक) से 64 रेटिंग अंक पीछे हैं। वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन, इंग्लैंड के क्रिस जॉर्डन, न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी को भी फायदा मिला।